4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 344 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 04 अक्टूबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

विश्व बैंक ने भारत पर जताया भरोसा

अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर!

नई दिल्लीः भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए विश्व बैंक से अच्छी खबर आई है. विश्व बैंक ने कहा है कि एक तरफ जहां दुनियाभर की जीडीपी दबाव से जूझ रही है, वहीं भारत की जीडीपी का जबरदस्त प्रदर्शन रहा है. विश्व बैंक ने वित्तवर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को 6.3 फीसदी पर बरकरार रखा है. वैसे यह अनुमान रिजर्व बैंक की ओर से जताए अनुमान से 20 आधार अंक कम है, लेकिन ग्लोबल इकनॉमी पर जारी दबाव के बीच यह सबसे ज्यादा विकास दर होगी.

विश्व बैंक ने 3 अक्टूबर को भारत के विकास की अपडेट रिपोर्ट में बताया कि 2022-23 में जहां विकास दर 7.2 फीसदी रही थी, वहीं अब यह गिरकर करीब 6.3 फीसदी रहने का अनुमान है. ऐसा वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दबाव और मांग व खपत में गिरावट की वजह से आई है. भारत में विश्व बैंक के निदेशक अगस्त कॉमे ने कहा, वैश्विक वातावरण काफी चुनौतीपूर्ण बनता जा रहा है. हालांकि, इसका लंबा असर नहीं होगा लेकिन फिलहाल सभी अर्थव्यवस्थाओं को इससे निपटना पड़ेगा.

खर्च घटा रहे लोग

कॉमे ने कहा कि एक तरफ जहां दुनियाभर के देशों में महंगाई के चलते लोग अपना खर्च घटा रहे हैं, वहीं भारत में निजी निवेश और लोगों के खर्च करने की क्षमता बढ़ी है. इससे भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए ज्यादा अवसर खुले हैं और इस-का फायदा भी मिल रहा है. यही वजह है कि ग्लोबल इकनॉमी पर दबाव के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर सबसे ज्यादा रहने का अनुमान है.

आगे बढ़ेगी देश की रफ्तार

विश्व बैंक का मानना है कि अभी भले ही भारत की विकास दर सुस्त पड़ गई हो, लेकिन आगे दो साल इसकी ग्रोथ बढ़ने के पूरे चांस हैं. अगले वित्तवर्ष में विकास दर 6.4 फीसदी और उसके आगे 6.5 फीसदी रहने का अनुमान है. विश्व बैंक की यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है, जब भारत की विकास दर चालू वित्तवर्ष की पहली तिमाही में 7.8 फीसदी रही है. अर्थशास्त्रियों ने यह दर 7.7 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था.

विश्व बैंक ने यह भी कहा है कि 2024-25 और 2025-26 में विकास दर इसलिए बढ़ने का अनुमान लगाया जा रहा है, क्योंकि आने वाले समय में निजी खपत भी बढ़ेगी. अगले वित्तवर्ष में इसके 6 फीसदी तो उसके आगे 6.4 फीसदी रहने का अनुमान है, जो अभी फिलहाल 5.9 फीसदी पर अटकी हुई है. सरकार की खपत भी इन दो वर्षों में बढ़ती दिख रही है. अभी स-रकार की खपत 4.1 फीसदी होती है तो अगले साल इसके 5.1 फीसदी और उसके अगले साल 5.8 फीसदी पहुंचने का अनुमान है.

प्याज की हो रही नीलामी, व्यापारियों ने वापस ली हड़ताल

समाज जागरण

देश में अक्सर प्याज और टमाटर को लेकर काफी चचाएं देखने को मिलती है. वहीं हाल के महीनों में ही देश में टमाटर की कीमतों में उछाल देखने को मिला था और टमाटर की कीमतें काफी ज्यादा चली गई थीं. वहीं अब प्याज की कीमतों को लेकर नए अपडेट सामने आ रहे हैं. हाल ही में प्याज की कीमतों को लेकर कारोबारियों की ओर से हड़ताल भी की गई थी. जिसे अब वापस ले लिया गया है. इसके बाद अब प्याद की नीलामी बी शुरू हो गई है. ऐसे में आइए जानते हैं कि प्याज को लेकर नया अपडेट क्या है.

प्याज की नीलामी

प्याज पर निर्यात शुल्क में वृद्धि के विरोध में व्यापारियों के जरिए निलंबित की गई प्याज की नीलामी 13 दिन बाद मंगलवार को महाराष्ट्र के नासिक जिले की करीब सभी कृषि उपज बाजार समितियों (एपीएमसी) में फिर से शुरू हुई. बाजार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि एशिया की सबसे बड़ी थोक प्याज मंडी लासलगांव एपीएमसी में मंगलवार सुबह 545 गाड़ियां पहुंचीं.

प्याज की कीमतें

इसके साथ ही प्याज की कीमतों को लेकर भी अपडेट देखने को मिला है. सूत्रों ने बताया कि श-रूआती सत्र में प्याज की कीमतें न्यूनतम 1,000 रुपये प्रति क्विंटल, अधिकतम 2,541 रुपये प्रति क्विंटल और औसत 2,100 रुपये प्रति क्विंटल रहीं. प्याज व्यापारी प्याज पर निर्यात शुल्क 40 प्रतिशत तक बढ़ाने के केंद्र सरकार के हालिया कदम का विरोध कर रहे थे. वे 20 सितंबर से हड़ताल पर थे और नीलामी रोक दी थी.

हड़ताल वापस लेने का फैसला

व्यापारियों ने सोमवार को जिला संरक्षक मंत्री दादा भुसे के साथ बैठक में इस शर्त पर हड़ताल वापस लेने का फैसला किया कि सरकार एक महीने में उनकी मांगों पर फैसला करेगी. हालांकि, नंदगांव में व्यापारियों ने हड़ताल वापस नहीं ली है और वहां नीलामी निलंबित है. (इनपुटः भाषा)

अपने खेत में पराली नहीं जलाने वाले किसानों को हरियाणा सरकार देगी 1000 रुपये- मनोहर लाल

विनोद कश्यप
प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब
हरियाणा व चण्डीगढ़

हरियाणा सरकार ने कहा कि अगर प्रदेश के किसान अपने खेतों की पराली को नहीं जलाएंगे और कृषि यंत्रों से उसका निपटान करेंगे तो उन्हें प्रति एकड़ 1000 रुपए दिए जाएंगे। किसान इसके लिए विभागीय पोर्टल पर 30 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। हरियाणा सरकार ने कहा कि सभी किसानों से अपील है कि वह किसी भी कीमत पर पराली न जलाएं। कृषि यंत्रों से ही पराली प्रबंधन करें प्रति एकड़ एक हजार रुपए पाएं।

बता दें कि, हर बार सर्दी का समय आते ही धुआँ और प्रदूषण तेजी से फैल जाता है। जिसमें सबसे बुरा हाल राजधानी दिल्ली का होता है। जिसके बाद यह आरोप लगता है कि, हरियाणा-पंजाब में पराली जलाने के चलते दिल्ली में प्रदूषण बढ़ रहा है। बता दें कि, सुप्रीम कोर्ट ने भी पराली प्रबंधन पर सरकार को काम करने को कहा है। फिलहाल अब वही समय फिर से आ रहा है। देखना होगा कि क्या होता है?

हरियाणा में खरीफ फसलों की खरीद चल रही

हरियाणा सरकार ने बताया कि, मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने खरीफ फसलों की जल्द आवक होने के मद्देनजर किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस बार 1 अक्तूबर की बजाय सितंबर में ही खरीफ फसलों की खरीद आरंभ करने का निर्णय लिया था। समय से पहले खरीफ फसलों की खरीद आरंभ करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य बन गया है। हरियाणा की मंडियों में खरीफ विपणन सीजन के दौरान धान व बाजरे की खरीद सुगमता से जारी है। अब तक प्रदेश में 8.06 लाख मीट्रिक टन धान व 1.14 लाख मीट्रिक टन बाजरे की खरीद की जा चुकी है और 32 हजार से ज्यादा किसानों को डी बी टी के माध्यम से खरीद के 690 Cr का भुगतान उनके खातों में किया जा चुका है।

कस्टम विभाग ने अमृतसर एयरपोर्ट पर पकड़ा लगभग 2 करोड़ का 3 किलो 400 ग्राम सोना

कस्टम विभाग ने सोना किया जब्त युवक को पकड़ने के बाद की जा रही पूछताछ

अदिति गौड़ कार्यालय संवाददाता
दैनिक समाज जागरण पंजाब

चण्डीगढ़ , अक्टूबरः पंजाब के अमृतसर एयरपोर्ट पर सोने की बड़ी खेप पकड़ी गई है। कस्टम विभाग की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिस युवक के पास से करीब 3 किलो 400 ग्राम सोना पकड़ा गया है वो युवक क्या सोने की तस्करी करता रहा है या फिर उसके पास एयरपोर्ट पर इतना सोना वह कहां से आया। लाया तो कैसे और कहाँ से लेकर आया।लाया तो उसके पास इतना पैसा कहां से आया? हो सकता है कि ये दूसरे तस्करों के लिए सोना लाया हो? या फिर खुद ही सोने की तस्करी करने का इरादा था? यह पहले कितनी बार सोना ला चुका है? बहराल कस्टम विभाग ने पूरा सोना जब्त कर लिया है और युवक को हिरासत में लेकर उससे पूछताक्ष की जा रही है। वहीं इस सोने की कीमत 2 करोड़ के आसपास बताई जा रही है। फिलहाल, अमृतसर एयरपोर्ट और इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट अटारी पर चेकिंग तेज कर दी गई है। इससे पहले अटारी बार्डर पर से कुल 2.55 किलोग्राम सोना जब्त किया जा चुका है। पाकिस्तान से यह सोना जुगाड़ से लाया जा रहा था।

पिछले महीने चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर पकड़ा गया 83 लाख का सोना

ज्ञातव्य कि पिछले महीने चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने बड़ी कार्रवाई की थी। यहां विभाग ने लगभग 83 लाख रुपये का 1,400 ग्राम सोना पकड़ा था। दो लोगों के पास से यह सोना मिला था। जो कि दुबई से आकर चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर लैंड हुए थे। कस्टम विभाग ने सोने को जब्त करते हुए इन दोनों लोगों को गिरफ्त में ले लिया था और इनके पूछताक्ष की थी। दोनों लोग दुबई से भारत तक सिगेट के पैकेट में सोना छिपकर ला रहे थे।

पारुल-अनु रानी ने जीते गोल्ड, भारतीय एथलीटों ने 10वें दिन जीते 9 मेडल

नई दिल्ली. एशियन गेम्स के 10वें दिन भी भारतीय एथलीटों का पदक जीतने का सिलसिला जारी रहा. भारत ने मंगलवार को 9 मेडल जीते. भारत 69 पदकों के साथ पदक तालिका में चौथे नंबर पर है.

अनु ने जैवलिन में जीता गोल्ड

भारतीय टीम के लिए एशियन गेम्स के 10वें दिन महिलाओं ने झोली में दूसरा गोल्ड मेडल डाला. पहले पारुल चौधरी ने 5000 मीटर रेस में गोल्ड मेडल जीता. अब अनु रानी ने जैवलिन थ्रो में देश के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया. चौथे प्रयास में अपने सीजन का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अनु ने 62.92 मीटर की दूरी तक भाला फेंका.

कहीं आपकी यूनिवर्सिटी भी तो फेक नहीं! यूजीसी ने जारी की फर्जी विश्वविद्यालयों की लिस्ट, सबसे ज्यादा दिल्ली में

नई दिल्ली. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विभिन्न राज्यों में चल रहे फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जारी की है. यूजीसी के मुताबिक, उसने बिना मान्यता के चल रहे इन संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सिफारिश भी की है. यूजीसी का कहना है कि देशभर में सबसे अधिक फर्जी विश्वविद्यालय दिल्ली में हैं. राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कुल 8 फर्जी विश्वविद्यालय संचालित हो रहे हैं. दिल्ली के बाद उत्तर प्रदेश में 4 और आंध्र प्रदेश व पश्चिम बंगाल में 2-2 फर्जी विश्वविद्यालय हैं. कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र व पुदुचेरी में 1-1 फर्जी विश्वविद्यालय का पता चला है. यूजीसी ने दिल्ली के जिन विश्वविद्यालयों को फर्जी करार दिया है, उनमें ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ एंड फिजिकल हेल्थ साइंसेस – अलीपुर, कॉमर्शियल यूनिवर्सिटी लिमिटेड – दरियागंज, यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी वोकेशनल यूनिवर्सिटी एडीआर-सेंट्रिक ज्यूरिडिकल यूनिवर्सिटी झ राजेंद्र प्लेस, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड इंजीनियरिंग विश्वकर्मा ओपेन यूनिवर्सिटी फॉर सेल्फ-इम्प्लॉयमेंट जीटीके डिपो व आध्यात्मिक विश्वविद्यालय, रोहिणी शामिल हैं.

फर्जी यूनिवर्सिटीज पर तुरंत कार्रवाई के लिए भेजा पत्र

यूजीसी का कहना है कि इन फर्जी विश्वविद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई के लिए संबंधित राज्य सरकारों के मुख्य सचिवों और शिक्षा विभाग पत्र लिखा गया है. आयोग के सचिव प्रोफेसर मनीष आर. जोशी ने भी कार्रवाई करते हुए सीधे इन विश्वविद्यालयों को नोटिस जारी किया है. यूजीसी का कहना है कि तुरंत एवं सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए इन सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखा गया है.

देवरिया की घटना में घायल बालक से मिले मुख्यमंत्री

चिकित्सकों को निर्देश, बालक के उपचार में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आनी चाहिए

गोरखपुर, 3 अक्टूबर। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को देवरिया के रुद्रपुर क्षेत्र की चर्चित घटना में घायल बालक अनमोल दूबे से मुलाकात की। इस दौरान वह काफी भावुक हो गए। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देशित किया कि बालक के उपचार में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आनी चाहिए।

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक

साइज 3X5 Cm

जस्टिन ट्रूडो की अक्ल आई ठिकाने, भारत के साथ अच्छे रिश्तों की लगाई गुहार, हरदीप निज्जर को लेकर है विवाद

टोरंटो. प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने मंगलवार को कहा कि कनाडा भारत के साथ तनाव को बढ़ाना नहीं चाहता है. खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले को लेकर दोनों देशों में जारी राजनयिक विवाद के बीच ट्रूडो ने कहा कि ओटावा नई दिल्ली के साथ 'रचनात्मक संबंध' जारी रखेगा. 'टोरंटो सन' अखबार की खबर के मुताबिक, ट्रूडो ने ओटावा में पत्रकारों से कहा कि कनाडा के लिए भारत में जमीनी स्तर पर राजनयिकों का होना महत्वपूर्ण है.

उनका यह बयान लंदन के अखबार 'फाइनेंशियल टाइम्स' की उस रिपोर्ट के बाद आया है, जिसमें दावा किया गया है कि भारत शेष बचे 62 कनाडाई राजनयिकों में से 41 को वापस भेजना चाहता है. अखबार ने ट्रूडो के हवाले से कहा, "जाहिर है, हम इस समय भारत के साथ बेहद चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रहे हैं." हालांकि, उन्होंने फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट की पुष्टि नहीं की.

यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी सरकार जवाबी कार्रवाई में भारत से कनाडा में तैनात राजनयिकों को हटाने के लिए कहेगी, ट्रूडो ने कहा कि उनकी सरकार नई दिल्ली के साथ काम करना जारी रखने की कोशिश करेगी. ट्रूडो ने कहा, "जैसा कि मैंने कहा है, हम तनाव बढ़ाने के बारे में नहीं सोच रहे हैं. हम वह काम करना चाहते हैं, जो इस बेहद कठिन समय में भारत के साथ रचनात्मक संबंध जारी रखने के लिए मायने रखता है."

इस बीच, विदेश मंत्री मेलानी जोली ने ओटावा में संवाददाताओं से कहा कि सरकार भारत में 'मजबूत राजनयिक उपस्थिति' में विश्वास करती है. उन्होंने कहा, "हम भारत सरकार के संपर्क में हैं. हम कनाडाई राजनयिकों की सुरक्षा को बहुत गंभीरता से लेते हैं. हम निजी तौर पर बातचीत करना जारी रखेंगे क्योंकि हमारा मानना है कि राजनयिक बातचीत निजी रहने पर ही बेहतर होती है." जून में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की 'संभावित' संलिप्तता के कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में गंभीर तनाव आ गया. भारत ने आरोपों को 'बेतुका' और 'प्रेरितह्न कहकर खारिज कर दिया और इस मामले पर ओट-ावा में एक भारतीय अधिकारी को निष्कासित करने के बदले में एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित कर दिया. ब्रिटिश कोलंबिया में दो नकाबपोश बंदूकधारियों ने 18 जून को निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी थी. भारत ने उसे 2020 में आतंकवादी घोषित किया था.

विश्व पशु कल्याण दिवस

दैनिक समाज जागरण

विश्व पशु कल्याण दिवस प्रतिवर्ष 4 अक्टूबर को मनाया जाता है। वर्तमान में जानवरों की सुरक्षा सबसे बड़ा विषय बनकर रह गया है। पिछले 40-50 सालों में जानवरों की स्थिति इतनी बद्तर हुई है, जिसका अंदाजा लगाने से भी रूह कांप जाती है। जानवरों में पिछले 1970 से 2010 के मध्य लगभग 50 प्रतिशत कमी आयी है। आज की दुनिया में मानव खुद जानवर बनता चला जा रहा है। एनातोले फ्रांस ने कहा था कि- "जब तक इंसान किसी जानवर से प्रेम नहीं करता, तब तक उसकी आत्मा का एक हिस्सा सोया हुआ होता है।" एक सर्वे में जारी रिपोर्ट में पता चला कि प्रत्येक वर्ष विश्वभर में लगभग 56 अरब जानवरों की हत्या कर दी जाती है, चाहे वह धार्मिक उद्देश्य से हो या अन्य कारणों से। दुनिया भर में हर से-केण्ड लगभग 3000 जानवरों की मृत्यु हो जाती है। इस सृष्टी के रचयिता ने दुनिया में सभी को समान जीवन का अवसर प्रदान किया है, परन्तु मनुष्य स्वार्थरत जानवरों की बलि चढ़ा देता है, जिसका प्रभाव समाज एवं पर्यावरण में सीधे तौर पर पड़ा है।

शुरूआत

विश्व पशु कल्याण दिवस 4 अक्टूबर को मनाया जाता है। यह एक अन्तरराष्ट्रीय दिवस है। यह दिन असीसी केसेंट फ्रांसिस का जन्मदिवस भी है जो कि जानवरों के महान संरक्षक थे। विश्व पशु कल्याण दिवस मनाने की श-रूआत 1931 ईस्वी में परिस्थिति विज्ञानशास्त्रियों के सम्मलेन में इटली के शहर फ्लोरेंस में की गयी थी। संयुक्त राष्ट्र ने ह्लपशु कल्याण पर एक सार्वभौम घोषणाह्व के नियम एवं निदेर्शों के अधीन अनेक अभियानों की श-रूआत की। नैतिकता की दृष्टि से, संयुक्त राष्ट्र ने अपने सार्वभौम घोषणा में पशुओं के दर्द और पीड़ा के सन्दर्भ में उन्हें संवेदनशील प्राणी के रूप में पहचान देने की बात की। इस दिवस का मूल उद्देश्य विलुप्त हुए प्राणियों की रक्षा करना और मानव से उनके संबंधों को मजबूत करना था। साथ ही पशुओं के कल्याण के सन्दर्भ में विश्व पशु कल्याण दिवस का आयोजन करना था। हिन्दुओं की आस्था के प्रतीक ह्लगौमाताह्व की हत्या पर पूर्ण पाबन्दी हो।[1]

उद्देश्य

विश्व पशु कल्याण दिवस का मूल उद्देश्य पशु कल्याण मानकों में सुधार करना और व्यक्तियों, समूह और संगठनों का समर्थन प्राप्त करना और जानवरों के प्रति प्यार प्रकट करना ताकि उनका जीवन सक्षम और बेहतर हो सके। इस कारण से यह दिवस ह्लपशु प्रेमी दिवसह्व के रूप में जाना जाता है। यह एक बेहतरीन दिवस है, जो विश्व भर के लोगों का जानवरों के प्रति प्यार प्रकट करने का महत्वपूर्ण दिवस है, लेकिन इस दिवस के उजागर होने के पीछे भी कई कारण जिम्मेदार हैं। इन सभी तथ्यों में जानवरों के प्रति प्रकट किये जाने वाले घृणास्पद व्यवहार, आवारा कुत्तों और बिल्लियों के प्रति व्यवहार, उनका अमानवीय व्यापार आदि भी प्रमुख कारण थे। इसके अलावा किसी प्राकृतिक आपदा के समय भी इन जानवरों के प्रति दोयम दर्जे का व्यवहार किया जाता था और उनकी सुरक्षा के प्रति लापरवाही बरती जाती थी।

समारोह

विश्व पशु कल्याण दिवस वास्तव में एक महत्वपूर्ण दिवस है। यह विविध माध्यमों से हमें कई चीजों को याद दिलाता है, जिसमें जानवर हमारे जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि करते हैं। इस दिवस को ढेर सारे दिवसों का आयोजन किया जाता है। अर्थात जैसे विश्व पशु कल्याण अभियान, पशुओं के लिए बचाव आश्रयों का उद्घाटन और फंड जुटाने से सम्बंधित कार्यक्रमों का आयोजन इत्यादि। इसके अलावा स्कूल और कालेजों में भी वन्य जीवों से जुडी ढेर सारी जानकारियों को टीवी और कंप्यूटर के माध्यम से साझा किया जाता है। इसके अलावा कई संगठनों के द्वारा जानवरों के लिए आश्रय के निर्माण का कार्यक्रम भी स्वयंसेवको के द्वारा प्रायोजित किया जाता है।

कानून

पशु कल्याण के लिए अनेकों कानूनों और अधिनियमों की भी व्यवस्था की गयी है, जैसे- ह्लपशु क्रूरता अधिनियम 1835ह्व जोकि विश्व में जानवरों के सन्दर्भ में प्रथम अधिनियम है जिसकी स्थापना ब्रिटेन में की गयी थी। इसके पश्चात ह्लपशुसंरक्षण अधिनियम 1911ह्व प्रकाश में आया। जिसके परिणामस्वरूप जानवरों की रक्षा के लिए ह्लपशु कल्याण अधिनियम, 1966ह्व नामक अमेरिकी राष्ट्रीय कानून प्रकाश में आया। भारत में पशुओं की सुरक्षा के लिए ह्लजानवरों के प्रति क्रूरता की रोकथाम अधिनियम 1966ह्व को लाया गया। यह वर्ष 1965 का समय था, जब ब्रिटेन सरकार ने जानवरों के कल्याण के लिए एक जांच अभियान शुरू किया था। इस अभियान के प्रमुख अन्वेषक प्रोफेसर रोजर ब्राम्बेल थे। यह अभियान रुथ हैरिसन की किताब ह्लएनिमल मशीनह्व में उठायी गयी चिंताओं ध्यान में रखते हुए शुरू किया गया था। इस किताब क प्रकाशन 1964 में किया गया था। इस सन्दर्भ में प्रोफेसर रोजर ब्राम्बेल नें अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस रिपोर्ट के आधार पर ब्रिटेन की सरकार नें सन 1967 में ह्लएनिमल वेलफेयर एडवाइजरी समितिह्व की स्थापना की। बाद में यह समिति वर्ष 1979 ह्लफार्म एनिमल वेलफेयर कौंसिलह्व में परिवर्तित हो गयी। इस समिति के प्रथम दिशा-निदेर्शों के अनुसार यह कहा गया कि सर्वप्रथम जानवरों को सोने और खड़े होने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। साथ ही उन्हें घुमाने और विचरण करने की भी स्वतंत्रता होनी चाहिए। इसके अलावा भी इस समिति नें कुछ दिशा-निदेर्शों को दिया जिसे फाइव फ्रीडम के नाम से भी जाना जाता है।

ब्रिटेन में, ह्यपशु कल्याण अधिनियम 2006ह्व ने पशु कल्याण के सन्दर्भ में अनेक समेकन का कार्य किया। इसके बाद अनेक संगठनों नें यूनाइटेड नेशंस (पशु कल्याण पर एक सार्वभौम घोषणा) के दिशा-निदेर्शों के अधीन अनेक अभियानों को प्रारंभ किया। नैतिकता की दृष्टि से, संयुक्त राष्ट्र ने अपने सार्वभौम घोषणा में पशुओ के दर्द और पीड़ा के सन्दर्भ में उन्हें संवेदनशील प्राणी के रूप में पहचान देने की बात की। इसके पश्चात उसने यह भी कहा कि जानवरों के सन्दर्भ में किये जाने वाले सभी कल्याणकारी कार्य समाज सेवा के रूप में हैं। इसे न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि वैश्विक स्तर पर भी फैलाया जाना चाहिए और प्रत्येक व्यक्ति के कर्तव्यों में शामिल किया जाना चाहिए। पशुओ के कल्याणकारी कार्यों के सन्दर्भ में किये जाने वाले कार्य विविध महत्वपूर्ण संगठनों के सहयोग से किया जाना चाहिए। साथ ही ह्यूमन सोसाइटी इंटरनेशनल का भी सहयोग लिया जाना चाहिए।

पशु कल्याण पखवाड़ा

पशुपालन विभाग द्वारा पशु कल्याण पखवाडा आयोजित किया जाता है। इस दौरान बांझ निवारण, पशु शल्य चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाता है। शिविरों के दौरान पशु क्रूरता की रोकथाम एवं लाभान्वित पशु पालकों व जीव जन्तु कल्याण से संबंधित कार्यो की प्रगति की जानकारी भी उपलब्ध करायी जाती है। विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों, नगरपालिकाओं, गौशालाओं में चेतना शिविर, गोष्ठियों एवं पशु कल्याण जन जागृति रैलियों का आयोजन किया जाता है। इन दिवसों में समस्त राज्य में पशु-पक्षियों का वध करना एवं मांस आदि की बिक्री पर अनिवार्य रूप से प्रतिबंध रहना चाहिए। इस कार्यक्रम में जिला एवं ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वयं सेवी संस्थाओं तथा गैर सरकारी संस्थाओं की भी भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। शिक्षण संस्थाओं के माध्यम से जीव जन्तुओं के प्रति क्रूरता निवारण पर आधारित व्याख्यानों के माध्यम से जानकारी दी जाए तथा संबंधित विषय पर चित्रकला एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएँ।

जानवरों के प्रति प्यार प्रकट करने का दिवस

विश्व पशु कल्याण दिवस एक बेहतरीन दिवस है, जो विश्व भर के लोगों का जानवरों के प्रति प्यार प्रकट करने का महत्वपूर्ण दिवस है, लेकिन इस दिवस के उजागर होने के पीछे भी कई कारण हैं। जहाँ पशुओं की विभिन्न प्रजातियों को विलुप्त होने से बचाने और उनकी रक्षा करने की बात है, वहीं हमें इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि हम पशुओं पर क्रूरता करने से बचें। इस दिवस का मूल उद्देश्य विलुप्त हुए प्राणियों की रक्षा करना और मानव से उनके संबंधों को मजबूत करना था। साथ ही पशुओं के कल्याण के सन्दर्भ विश्व पशु कल्याण दिवस का आयोजन करना है। ताकि उनके प्रति संवेदना स्थापित करने के साथ-साथ पशुओं की हत्या और क्रूरता पर रोक लगायी जा सके। गोहत्या पर पूर्ण पाबन्दी लगायी जाये। पिछले कुछ महीनों से गायों की सुरक्षा को लेकर पूरे भारत में जोश की एक लहर फैली थी, जिस पर कई राजनैतिक मुद्दे भी उठे, लेकिन पशु क्रूरता की कहानी जैसे समाप्त होने का नाम ही नहीं लेती। जबकि हम सभी जानते हैं कि भारत में, पशुओं की सुरक्षा के लिए ह्लजानवरों के प्रति क्रूरता की रोकथाम अधिनियम 1966" को लाया गया था। ये जानते हुए भी ये क्रूरता जारी है। एक जानकारी के मुताबिक भारत के 29 में से 10 राज्य ऐसे हैं, जहां गाय, बछड़ा, बैल, सांड और भैंस को काटने और उनका मांस खाने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। बाकि 18 राज्यों में गो-हत्या पर पूरी या आंशिक रोक है। ये रोक 11 राज्योंझ भारत प्रशासित कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और दो केन्द्र प्रशासित राज्योंझ दिल्ली, चंडीगढ़ में लागू है। गो-हत्या कानून के उल्लंघन पर सबसे कड़ी सजा भी इन्हीं राज्यों में तय की गई है। हरियाणा में सबसे ज्यादा एक लाख रुपए का जुमार्ना और 10 साल की जेल की सजा का प्रावधान है। वहीं महाराष्ट्र में गो-हत्या पर 10,000 रुपए का जुमार्ना और पांच साल की जेल की सजा है।

सुरभे त्वांजगत्माता देवी विष्णु पदे स्थिता।
ग्रासं ग्रहाण मद्दत्तं गौर्मातस्त्रातुमर्हसि॥

अब जाति न पूछो साधु की अप्रासंगिक

दैनिक समाज जागरण

हम इक्कीसवीं सदी के लोग पंद्रहवीं सदी के लोगों की चेतावनी पर ध्यान क्यों देने लगे ? बाबा कबीरदास ने पंद्रहवीं सदी में ही आगाह कर दिया था कि जात-पांत से दूर रहो। हमने कबीर का कहा रट तो लिया लेकिन माना नहीं। अब हम साधु हो शैतान,सबकी जाती पूछ रहे हैं । सियासत ने हमें जातिवाद से लड़ने के बजाय उसे गिनने के लिए मजबूर कर दिया है। इस हिसाब से आज ' जाति न पूछो साधु की ,पूछ लीजिये ज्ञान। मोल करो तलवार को, धरी रहन दो म्यान ' वाली सीख हमारेकिसी काम की नहीं रही। देश में बिहार से जातीय जनगणना का श्रीगणेश कबीर को अनसुना कर करा ही ली गयी। जाति भारतीय समाज का एक कड़वा सच है । इतना कड़वा सच कि हम तमाम आंदोलनों के बावजूद जातिवाद से मुक्ति नहीं पा सके। आजादी के अमृतकाल में भी जातिवाद एक भूत की तरह हम सबके सर पर इतना सवार है कि इसे लेकर सियासत होने लगी है। जातिवाद को लेकर हमारा यानि हमारे समाज का ,हमारी सियासत का चरित्र एकदम दोगला है । एक तरफ हम जातीय जनगणना का विरोध करते हैं तो दूसरी तरफ तेलंगाना में जाकर जनजातीय विश्वसिद्यालय खोलने का ऐलान भी करते है। बात-बात में ढोल-नगाड़े पीटते हैं कि हमने अमुक जाति की महिला को राष्ट्रपति बना दिया अमुक जाती के पुरुष को मुख्यमंत्री।

आज हम उस मुकाम पर आ गए हैं जहां जाति व्यवस्था नकारे जाने के बजाय अंगीकार करने की स्थितियां बन गयीं हैं। हमने कोई कबीर जाति न पूछने का मश्विरा नहीं दे सकता। देगा भी तो हम मानेंगे नहीं ,क्योंकि जातियों को गिनने के बाद ही हमारी सियासत का असली चेहरा सामने आएगा। भारत में पहले जनता की गणना का क्या तरीका था हमें नहीं मालूम ,लेकिन बीती शताब्दी में अंग्रेजों ने ये कठिन काम किया।सन 1872 में यह ब्रिटिश वायसराय लॉर्ड मेयो के अधीन पहली बार कराई गयी थी। तब से हर दस साल में हमें अपनी आबादी गिनने की आदत पड़ गयी । कोरोनाकाल इसका अपवाद है।

कहते हैं कि विकास की योजना और संसाधनों का समान बँटवारा करने के लिए जनगणना एक जरूरी काम है। भारत की पहली संपूर्ण जनगणना 1881 में कराई गयी थी । आजादी मिलने के फौरन बाद भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त द्वारा कराई जाती है। इसके लिए हमारे पास बाकायदा एक कानून है। 1951 के बाद की सभी जनगणनाएं 1948 की जनगणना अधिनियम के तहत कराई गईं। 1948 का भारतीय जनगणना अधिनियम केंद्र सरकार को किसी विशेष तिथि पर जनगणना करने या अधिसूचित अवधि में अपना आंकड़ा जारी करने के लिए बाध्य नहीं करता है। देश में अंतिम जनगणना 2011 में कराई गई थी।

इतिहास में रूचि रखने वालों को पता है कि जनगणना के लिए देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जिम्मेदार नहीं है। क्योकि जनगणना तो मौर्य प्रशासन में जनगणना लेना एक नियमित प्रक्रिया थी। मौर्य साम्राज्य में ही शुरू हो गयी थी । मौर्य शासकों ने व्यापारियों, कृषकों, लुहारों, कुम्हारों, बढ़इयों आदि जैसे लोगों के विभिन्न वर्गों की गणना करने के लिए ग्रामीण अधिकारी (ग्रामिक) तैनात किये थे । मौर्य शासकों ने इंसानों की ही नहीं मवेशियों की भी गिनती कराई । ये गणना मजबूरी भी थी और जरूरी भी। जनगणना का असल मकसद कराधान था क्योंकि तमाम काम-धंधे जातियों पर केंद्रित थे। ,कालांतर में जनगणना और जातीय गणना व्यवस्था को ही नहीं बल्कि राजनीति को भी आतंकित कर रही है । हालाँकि केंद्र की विश्वकर्मा योजना इसी जातिवाद का नमूना है। प्रधानमंत्री जी खुद इस योजना का झुनझुना पांच राज्यों के चुनाव प्रचार में जोर-जोर से बजा रहे हैं भारत में पिछले 75 साल से जातियां ही हमारी राजनीति का आधार है। चुनावों में आरक्षण भी इसी जातीयता के दबाब की एक व्यवस्था है। अब तो बात जातियों से आगे निकलकर लिंग पर आधारित हो गयी ह। अब देश में पहली बार महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था भी कर दी है। हम जातिवाद की मुखालफत करते हैं लेकिन बिना जाती के हमारा काम भी नहीं चलता। चुनाव में प्रत्याशी चयन से लेकर प्रशासन में नियुक्तियों और पदोन्नतियों तक में हम जाति देखते हैं,लेकिन जातीय मतगणना की बात आते ही हमारे तेवर बदल जाते हैं देशज भाषा में कहें तो हमारी नानी मर जाती है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने राज्य में जातीय जनगणना कराकर उसके आंकड़े जारी कर इस मुद्दे को और गर्म कर दिया है। देश के तमाम राजनितिक दल जातीय जनगणना के मामले में अभी तक राय नहीं बना पाए हैं इसलिए आमराय होने की तो बात ही नहीं है। नीतीश कुमार ने ही जातीय जनगणना का राग सबसे पहले और सबसे जोर से अलापा था। नीतीश कुमार ने जातिगत जनगणना की मांग उठाकर बिहार के साथ-साथ देश में नई राजनीतिक बहस छेड़ दी थी उन्होंने इसके लिए बाकायदा प्रधानमंत्री को खत लिखकर मिलने का समय मांग। इससे पहले जेडीयू के सांसदों ने जाति आधारित गणना की मांग को लेकर गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी , जेडीयू इस मामले में अपनी विरोधी आरजेडी के साथ है ।

महाराष्ट्र सरकार इस मामले को सुप्रीम कोर्ट तक ले गयी तो सत्तारूढ़ भाजपा की राय भी जातीय जनगणना के मामले में सामने आ गयी ।सुप्रीम कोर्ट में केंद्र ने कहा कि पिछड़े वर्गों की जाति गणना प्रशासनिक रूप से बहुत कठिन और जटिल है। जाति जनगणना की बढ़ती मांग को लेकर सत्ताधारी बीजेपी अब तक चुप थी. केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में अपने जवाब में कहा है कि आजादी से पहले भी जब जातियों की गिनती हुई तो डेटा की संपूर्णता और सत्यता को लेकर सवाल उठते रहे। केंद्र ने कहा कि 2011 में सामाजिक-आर्थिक और जातीय जनगणना के डेटा में तमाम तरह की तकनीकी खामियां हैं और ये किसी भी तरह से इस्तेमाल के लिए अनुपयोगी हैं। जातीय जनगणना अब राजनीतिक दलों के गले की फांस बन गयी है । कांग्रेस ने मौजूदा हालात को देखते हुए ये फांस निकाल फेंकी है और सत्ता में आने पर पूरे देश में जातीय जनगणना करने की बात कही है ,किन्तु सत्तारूढ़ भाजपा का असमंजस जारी है। जातीय जनगणना के सामने भाजपा का हिंदुत्व और सनातन का पत्ता पिटता नजर आ रहा है। लेकिन मजबूरी का नाम ' महात्मा गांधी ' ही नहीं ' महात्मा मोदी ' भी होता है। देश ये किसान आंदोलन के समय देख चुका है कि एक मजबूर सरकार ने कैसे तीन किसान कानूनों को वापस लिया था । उम्मीद की जाना चाहिए कि एक मजबूर [मजबूत] सरकार भी इस मुद्दे पर अपने घुटने आज नहीं तो कल जरूर टेकेगी ।

@ राकेश अचल

वैचारिक अंतरधारा ही सिद्धांतों की अंत:प्रज्ञा,वैचारिकता की अवहेलना अथवा नष्ट नहीं किया जा सकता।

दैनिक समाज जागरण

विचार और सिद्धांत व्यक्ति के अंदर की अतः प्रज्ञा होती है। और यह सिद्धांत तथा अंतः विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए अंतरात्मा को प्रभावित करती है और इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंतःप्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर प्रस्फुटित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी।

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं । विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है।भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है ।विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं। विचारों के संदर्भ में कहा जाता है कि एक व्यक्ति का विचार तब तक उस व्यक्ति के पास है, जब तक वह अकेला है किंतु जैसे ही विचारधारा एवं सिद्धांत का प्रचार प्रसार होता है, तो वह व्यक्ति अकेला ना रह कर उस जैसे हजारों लाखों लोग उसके साथ हो जाते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। वह अपने विचारों के माध्यम से जन सामान्य को प्रभावित कर लोगों को उस लड़ाई में शामिल कर लेता है, जिस लड़ाई के वह कभी अकेले नहीं लड़ सकता था। विचारों सिद्धांतों की तीव्रता आवेश तथा सघनता किसी भी क्रांतिकारी लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ा साधक हो सकता है। विचार व सिद्धांत एक से दूसरे व्यक्ति तक स्थानांतरित होते रहते हैं। जिसमें विचारों को सघनता प्राप्त होती है। ताकि सत्ता के दमन के समय वैचारिक अमरता स्थाई बनी रहे। चीन उत्तर कोरिया जैसे राष्ट्रों में विचारों के इस स्वतंत्र का प्रवाह को बाधित नियंत्रित कर दिया गया। अभिव्यक्ति के तमाम माध्यमों को प्रतिबंधित कर दमन चक्र चलाया गया। वहां विचार और सिद्धांत विद्वान व्यक्ति तक ही सीमित रहे उसका फैलाव या विस्तार नहीं हो पाया। जो मानव समाज तथा मानव अधिकारों की संवेदना तथा धाराओं का उल्लंघन भी है।

किसी स्वस्थ,स्वतंत्र राष्ट्र के लिए व्यक्ति समाज और राष्ट्र के विचारों की स्वतंत्रता नवीनता तथा उत्कृष्टता अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि विचारधारा और सिद्धांतों को रोक पाना किसी भी सत्ता या निरंकुश राजा के नियंत्रण में नहीं होता। विचारों और सिद्धांत अनादि काल से गतिशील है तथा अनंत तक जगत तक गतिशील रहेंगे,और उसका प्रतिपादक एवं अनुशीलन कर्ता विचारों के साथ अमर हो जाते हैं।

संजीव ठाकुर, स्तंभकार,स्वतंत्र लेखक, चिंतक, रायपुर छत्तीसगढ़

श्यामजी कृष्ण वर्मा

श्यामजी कृष्ण वर्मा (जन्मः 4 अक्टूबर, 1857; मृत्युः 31 मार्च, 1930) भारत के उन अमर सपूतों में हैं, जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन भारत की आजादी के लिए लगा दिया। ब्रिटिश सरकार के अत्याचारों से त्रस्त होकर भारत से इंग्लैण्ड चले गये श्यामजी कृष्ण वर्मा ने अपना सारा जीवन भारत की स्वतन्त्रता के लिए माहौल बनाने में और नवयुवकों को प्रेरित करने में लगाया। स्वामी दयानंद सरस्वती के सान्निध्य में रहकर मुखर हुए संस्कृत व वेदशास्त्रों के मूर्धन्य विद्वान के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त श्यामजी कृष्ण वर्मा 1885 में तत्कालीन रतलाम राज्य के 1889 तक दीवान पद पर आसीन रहे।

जीवन परिचय

श्यामजी कृष्ण वर्मा का जन्म 4 अक्टूबर, 1857 को गुजरात के मांडवी गांव में हुआ था। श्यामजी कृष्ण वर्मा ने सन् 1888 में अजमेर में वकालत के दौरान स्वराज के लिए काम करना शुरू कर दिया था। मध्य प्रदेश में रतलाम और गुजरात में जूनागढ़ में दीवान रहकर उन्होंने जनहित के काम किए। सन् 1897 में वे पुनः इंग्लैंड गए। 1905 में लॉर्ड कर्जऩ की ज्यादतियों के विरुद्ध संघर्षरत रहे। इसी वर्ष इंग्लैंड से मासिक 'द इंडियन सोशओलॉजिस्ट' प्रकाशित किया, जिसका प्रकाशन बाद में जिनेवा में भी किया गया। इंग्लैंड में रहकर उन्होंने इंडिया हाउस की स्थापना की। भारत लौटने के बाद 1905 में उन्होंने क्रांतिकारी छात्रों को लेकर इंडियन होमरूल सोसायटी की स्थापना की। श्यामजी कृष्ण वर्मा लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और स्वामी दयानंद सरस्वती से प्रेरित थे। 1918 के बर्लिन और इंग्लैंड में हुए विद्या सम्मेलनों में उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया था। क्रांतिकारी गतिविधियों के माध्यम से आजादी के संकल्प को गतिशील करने वाले श्यामजी कृष्ण वर्मा पहले भारतीय थे, जिन्हें ऑक्सफोर्ड से एम.ए. और बैरिस्टर की उपाधियां मिलीं थीं। पुणे में दिए गए उनके संस्कृत के भाषण से प्रभावित होकर मोनियर विलियम्स ने वमार्जी को ऑक्सफोर्ड में संस्कृत का सहायक प्रोफेसर बना दिया था।

शिक्षा एवं कार्यक्षेत्र

श्यामजी कृष्ण वर्मा ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से 1883 ई. में बी.ए. की डिग्री प्राप्त करने वाले प्रथम भारतीय होने के अतिरिक्त अंग्रेजी राज्य को हटाने के लिए विदेशों में भारतीय नवयुवकों को प्रेरणा देने वाले, क्रांतिकारियों का संगठन करने वाले पहले हिन्दुस्तानी थे। पं. श्यामजी कृष्ण वर्मा को देशभक्ति का पहला पाठ पढ़ाने वाले आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती थे। 1875 ई. में जब स्वामी दयानंद जी ने बम्बई (अब मुंबई) में आर्य समाज की स्थापना की तो श्यामजी कृष्ण वर्मा उसके पहले सदस्य बनने वालों में से थे। स्वामी जी के चरणों में बैठ कर इन्होंने संस्कृत ग्रंथों का स्वाध्याय किया। वे महर्षि दयानंद द्वारा स्थापित परोपकारिणी सभा के भी सदस्य थे। बम्बई से छपने वाले महर्षि दयानंद के वेदभाष्य के प्रबंधक भी रहे। 1885 ई. में संस्कृत की उच्चतम डिग्री के साथ बैरिस्टरी की परिक्षा पास करके भारत लौटे। इंग्लैण्ड में स्वाधीनता आन्दोलन के प्रयासों को सबल बनाने की दृष्टि से श्यामजी कृष्ण वर्मा जी ने अंग्रेजी में जनवरी 1905 ई. से 'इन्डियन सोशियोलोजिस्ट' नामक मासिक पत्र निकाला। 18 फरवरी, 1905 ई. को उन्होंने इंग्लैण्ड में ही 'इन्डियन होमरूल सोसायटी' की स्थापना की और घोषणा की कि हमारा उद्देश्य "भारतीयों के लिए भारतीयों के द्वारा भारतीयों की सरकार स्थापित करना है" घोषणा को क्रियात्मक रूप देने के लिए लन्दन में 'इण्डिया हाउस' की स्थापना की, जो कि इंग्लैण्ड में भारतीय राजनीतिक गतिविधियों तथा कार्यकलापों का सबसे बड़ा केंद्र रहा।

विचारधारा

पं. श्यामजी कृष्ण वर्मा भारत की स्वतंत्रता पाने का प्रमुख साधन सरकार से असहयोग करना समझते थे। आपकी मान्यता रही और कहा भी करते थे कि यदि भारतीय अंग्रेजों को सहयोग देना बंद कर दें तो अंग्रेजी शासन एक ही रात में धराशायी हो सकता है। शांतिपूर्ण उपायों के समर्थक होते हुए भी श्यामजी स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए हिंसापूर्ण उपायों का परित्याग करने के पक्ष में नहीं थे। उनका यह दावा था कि भारतीय जनता की लूट और हत्या करने के लिए सबसे अधिक संगठित गिरोह अंग्रेजों का ही है। जब तक अंग्रेज स्वतंत्रता के लिए आन्दोलन करने की स्वतंत्रता प्रदान करते हैं तब तक हिंसक उपायों की आवश्यकता नहीं है, किन्तु जब सरकार प्रेस और भाषण की स्वतंत्रता पर पाबंदियां लगाती है, भीषण दमन के उपायों का प्रयोग करती है तो भारतीय देशभक्तों को अधिकार है कि वे स्वतंत्रता पाने के लिए सभी प्रकार के सभी आवश्यक साधनों का प्रयोग करें। उनका मानना था कि हमारी कार्रवाई का प्रमुख साधन रक्तरंजित नहीं है, किन्तु बहिष्कार का उपाय है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

समर्पित जन सेवक और सजग प्रहरी के रूप में जनकल्याण के लिए कार्य करें जन सेवा मित्र - मुख्यमंत्री श्री चौहान

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जिलों के जन सेवा मित्रों से किया वर्चुअल संवाद

रायसेन, 03 अक्टूबर 2023
मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि युवा जन सेवा मित्र देश और प्रदेश के विकास व जन कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जनता और प्रशासन के बीच कड़ी के रूप में युवाओं को जोड़ने के विचार से इस योजना का सूत्रपात हुआ। यह संभवतरू देश का सबसे बड़ा शासकीय इंटर्नशिप कार्यक्रम है। अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भी इस योजना में रुचि ले रहे हैं और कई प्रदेश इससे मिलते-जुलते कार्यक्रम बना रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज भोपाल में प्रदेश के जन सेवा मित्रों से समत्व भवन से वर्चुअल संवाद कर रहे थे। रायसेन में कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष से सीएम फेलो रायसेन श्री आदर्श दुबे सहित अनेक जनसेवा मित्र वर्चुअली शामिल हुए। साथ ही जनपद मुख्यालयों से भी जनसेवा मित्र वर्चुअली शामिल हुए।

योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के संबंध में भी फीडबैक दें जन सेवा मित्र

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जिलों में जन सेवा मित्र बेहतर कार्य कर रहे हैं, और उनके कार्यों की अनुगूंज सुनाई दे रही है। युवा सजग और सक्रिय रहते हुए जरुरतमंद लोगों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। योजनाओं के क्रियांवयन में यदि कोई समस्या आती है, तो शासन प्रशासन को फीडबैक दें। हर 50 घर पर एक जन सेवा मित्र बनाना है, प्रदेश में 3 लाख जन सेवा मित्र बनाने का लक्ष्य है। सजग प्रहरी और समर्पित जन सेवक के रूप में हमें सामाजिक बदलाव के लिए कार्य करना है।

लाड़ली बहन योजना का कम समय में सफल क्रियान्वयन, प्रशासन की जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता दशार्ता है

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना का कम समय में सफलतापूर्वक क्रियान्वयन प्रदेश के प्रशासन की जनकल्याण के लिए प्रतिबद्धता को प्रकट करता है। जन सेवकों ने ग्राम पंचायत स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से 11 लाख लोगों और महिला चौपाल के माध्यम से 21 लाख से अधिक महिलाओं को जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रदेश की अन्य पहलों से जुड़ने के लिए प्रेरित करने का अनूठा कार्य किया है। जनसेवकों की मध्य प्रदेश की नई विकास गाथा लिखने में महत्वपूर्ण भूमिका है।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ महिला शाखा बुढार के चंद्रिका सिंह (रूपा) सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित

विजय तिवारी
समाज जागरण शहडोल।बुढार अनंत चतुर्दशी को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ महिला शाखा बुढार के कार्यकारणी का निर्वाचन संपन्न हुआ, जिसमें चंद्रिका सिंह (रूपा) सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित हुई। अनंत चतुर्दशी को आहुत बैठक में प्रथम पूज्य श्री गणेश जी की अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ महिला शाखा द्वारा पूरे श्रद्धा के साथ विधि-विधान पूर्वक पूजन-अर्चन किया गया, इसके उपरान्त निर्वाचन अधिकारी मंजू सिंह नें निर्वाचन की प्रक्रिया अपनाई, जिसमें चंद्रिका सिंह (रूपा) सर्व सम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित हुई जिनका स्वागत पुष्पगुच्छ देकर निर्वाचन अधिकारी नें किया।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ महिला शाखा बुढार जिला - शहडोल के अध्यक्ष पद पर इसके पूर्व चंद्रिका सिंह (रूपा) नें संगठन के मिले दायित्वों का बखूबी निर्वहन की और विविध कार्यक्रमों में बढ-चढकर अपनी सहभागिता निभाई तथा संगठन को गतिशीलता प्रदान की जिन्हें पुनः अध्यक्ष का महत्वपूर्ण दायित्व मिला है।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ महिला शाखा बुढार के कार्यकारणी के चुनाव में - वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंजू सिंह, सुमन सिंह, सुषमा सिंह, उपाध्यक्ष अंबिका सिंह, मीनाक्षी सिंह, अन्नुरानी सिंह, भारती सिंह, महासचिव रेखा सिंह (बटुरा), मधु सिंह, अर्चिता सिंह, सचिव रेखा सिंह (कुहू), संध्या सिंह, श मनीषा सिंह, निशा सिंह, सहसचिव महिमा सिंह, प्रभा सिंह, सरिता सिसह कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुई। निर्वाचन के उपरान्त नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को श्रीफल देकर सम्मानित किया गया, वहीं चुनाव अधिकारी मंजू सिंह को समस्त पदाधिकारी की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों नें सत्य निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प व्यक्त किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्रिका सिंह नें सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करतें हुये कहाकि - संगठन के मंशानुरूप मिले दायित्व का निर्वहन करना ही हमारी शक्ति है और एकता ही हमारी पूंजी है।

सिरसा कलार थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील ने वारंटी को किया गिरफ्तार

कुठौंद जालौन, सिरसा कलार थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईराज राजा के कुशल निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकार जालौन रविंद्र गौतम के कुशल मार्गदर्शन में तथा सिरसा कलार प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील के कुशल नेतृत्व में सिरसा कलार पुलिस टीम के द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम जुर्म, चेकिग संदिग्ध व्यक्ति, अपराधियों की चेकिंग के दौरान वारंटी बलवीर सिंह पुत्र कन्हैया लाल निबासी ग्राम जीतामऊ उम्र करीब 59 वर्ष को जीतामऊ से गिरफ्तार किया गया अभियुक्त के खिलाफ सिरसा कलार थाना में मुकदमा अपराध संख्या 503/ 99 व 39/99 धारा 323 / 504 भादवि के तहत गिरफ्तार किया गया

अभियुक्त काफी समय से न्यायालय में तारीख पर नहीं जा रहा था गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील, उप निरीक्षक अभिलाख सिंह, कांस्टेबल दीपू पाल, कांस्टेबल राकेश, महिला कांस्टेबल सीता देवी आदि ने गिरफ्तार किया जबकि सिरसा कलार थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील के कुशल नेतृत्व में कई वांछित अपराधियों को जेल भेजा जा चुका है थाना प्रभारी निरीक्षक के द्वारा रात में लगातार गस्त करने से क्षेत्र में शांति कायम है

नौनिहाल की जान बचाकर न्यूरो सर्जन ने निभाया अपना फर्ज

उरई जालौन कहते है कि डॉक्टर मरीज के लिए भगवान होता है तो ये कहना गलत नही है एक डॉक्टर सही तरीके से अपना फर्ज अदा करे तो उसे दम तोड़ते मरीज की सांसे लौटाना कोई बढ़ी बात नही है ऐसा ही ग्वालियर के एम के प्लाजा मे डॉक्टर अनिमेष उपाध्याय भी कर रहे है उनका किरदार भी कुछ ऐसा ही है अब तक ना जाने कितने मरीजों को सांसे लौटाकर उन्होंने अपने फर्ज को निभाया है अभी हाल ही में एक गंभीर व नाजुक हालत में माधौगढ़ , जालौन का आदित्य शिवहरे महज 11साल नौनिहाल छत्त से नीचे गिरने के कारण जिंदगी व मौत की लड़ाई लड़ रहा था माता - पिता आँखों में आंसू लिए उस नौनिहाल को जिला अस्पताल उरई ले गये लेकिन मुख्य में चिकित्सीय परीक्षण डॉक्टर व अन्य सुविधाओं का आभाव उस नौनिहाल को उपचार ना दे सका इसके उपरांत उस मासूम को झाँसी के

लिए रेफर किया गया वहाँ भी चिकित्सीय परीक्षण व डॉक्टर का इलाज किफायती साबित ना हो सका पिता मनोज शिवहरे की मायूसी मासूम के लिए अटकलें खड़ी कर रही थी उन्होंने इस दौरान विचार कर ग्वालियर ले जाने का इरादा बनाया पिता ने उस मासूम को गंभीर हालत में एम के प्लाजा के शिखा उपाध्याय के हॉस्पिटल में भर्ती करवा दिया जिसमे मरीजों के लिए अपना करदार अदा करने वाले डॉक्टर अनिमेष उपाध्याय एवं डाक्टर शिखा उपाध्याय, डाक्टर धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने उस मासूम की साँसो को टटोला व उपचार शुरू कर दिया एक सप्ताह के इलाज में डॉक्टर ने उस मासूम की स्थिति पहले की तरह कर दिया डॉ अनिमेष उपाध्याय का कहना है कि हमारा फर्ज व दायित्व होता है

समय से विद्यालय नहीं पहुंचते अध्यापक, बच्चों की पढ़ाई चौपट

माधौगढ़ संवाददाताः- ग्राम भगवानपुरा में बने स्कूलों में अध्यापक समय से नहीं पहुंच रहे जिससे पढ़ने वाले छात्र छात्राओं की पढ़ाई चौपट हो रही है। स्कूलों में तैनात सहायक अध्यापक बिना छुट्टी के गायब रहते हैं। इसके बाद भी इन अध्यापकों में कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति होती है।

सरकार शिक्षा के प्रति सजग है और कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे इसके लिए प्रयास कर रही है। ब्लाक क्षेत्र में कई स्कूल ऐसे हैं जहां अध्यापक स्कूल समय से नहीं पहुंच रहे हैं जबकि स्कूल खुलने का समय सुबह 9 बजे है। इसके बाद भी अध्यापक 11 बजे पहुंचते हैं। ड्डसा ही मंगलवार को भगवानपुरा के स्कूलों में देखने को मिला। प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालय में 90 छात्र पंजीकृत हैं मौके पर प्राथमिक में 33 एवं उच्च प्राथमिक में 38 छात्र मौजूद थे। मौके पर प्रेमलता कुशवाहा बच्चों को शिक्षण कार्य करवा रही थी इसके बाद 10:30 बजे सहायक अध्यापिका अर्चना पहुंच गयी। लेकिन वाले छात्र छात्राएं बैठक कर मास्टर साहब का इंतजार कर रहे थे। अध्यापक स्कूल से बिना छुट्टी के

प्रधानाध्यापक कुलदीप सिंह बिना छुट्टी विद्यालय से नदारत थे। जबकि तैनात सहायक अध्यापक रामवतार व आलोक भी बिना छुट्टी लिए विद्यालय से अनुपस्थित थे। पढ़ने गायब थे। बीईओ मुक्तेश गुप्ता का कहना है कि अध्यापक समय से न पहुंचने एवं बिना छुट्टी के गायब रहने पर नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी।

संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में आयोजित धरना प्रदर्शन में उम्र श्रम वीरों का जनसैलाब

शहडोल। 3 अक्टूबर 2023 को सोहागपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष संयुक्तमोर्चा(बीएमएस.एटक इनटक.सीटू) के द्वारा विशाल धरना प्रदर्शन किया गया.जिसमें क्षेत्र के श्रम वीरों के साथ-साथ महिलाओं ने भी विशाल संख्या में उपस्थित होकर यह सिद्ध कर दिया कि सोहागपुर क्षेत्र का श्रमिक एक है. अपने वेतन के लिए एक रहेगा.और अपना वेतन किसी भी परिस्थिति में लेने के लिए हर संभव प्रयत्न करेगा. जरूरत पड़ी तो विशाल आंदोलन के साथ-साथ 12. 13. 14 अक्टूबर.को क्षेत्र की खदानों को बंद करेगा.

क्षेत्र के समस्त श्रम वीरों द्वारा विशाल संख्या में आकर अपने लिए. अपने हितों की रक्षा के लिए उपस्थित हुए। संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में आयोजित धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष रखा गया जिसमें सभा की अध्यक्षता कोयला मजदूर सभा एचएमएस के महामंत्री शिवनारायण मिश्रा ने की। इस अवसर पर धरना प्रदर्शन में भाग ले रहे श्रम संगठन के कंपनी एवं एरिया के पदाधिकारी वेलफेयर बोर्ड के सदस्य मंच में उपस्थित रहे । भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ बीएमएस के महेंद्र पाल सिंह ,प्रसून सिंह, ओमकार द्विवेदी ,द्वारिका मिश्रा, कोयला मजदूर सभा एचएमएसके शशि भूषण द्विवेदी, शिवनारायण मिश्रा, संयुक्त कोयला खदान मजदूर सभा एटक के रवींद्र शुक्ला, राजेश शर्मा, सीटू के दिलीप चौधरी, शंकर राव बरगट एवं विनोद

राय, इंटक के अमरजीत सिंह सिस्ट के लक्ष्मण प्रसाद, वरिष्ठ श्रमिक नेता लालमणि शुक्ला आदि मंचा सीन रहे। सभा को शिवनारायण मिश्रा, शशि भूषण द्विवेदी, दिलीप चौधरी शंकर राव बरगट ,विनोद राय, रवींद्र शुक्ला लक्ष्मण प्रसाद ,अमरजीत सिंह, लालमणि शुक्ला ,धीरेंद्र पांडे ,मुकेश राय, द्वारिका मिश्रा, मिथिलेश तिवारी ,महेंद्र पाल सिंह, केके द्विवेदी आदि श्रमिक नेताओं ने संबोधित किया । सभी वक्ताओं ने अपील किया है कि भविष्य में इसी भी प्रकार की एकता बनाए रखें ताकि हम किसी भी लड़ाई को लड़कर जीत सके। धरना प्रदर्शन के दौरान ऑफिसर्स एसोसिएशन के मुदार्बाद के नारे भी लगे। सभा का संचालन बीएमएस के एरिया महामंत्री ओमकार द्विवेदी ने किया। धरना प्रदर्शन के उपरांत हजारों की संख्या में श्रमिकों ने एरिया कार्मिक प्रबंधक को ज्ञापन दिया। संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राज सिंह ,रविंद्र गौतम, रविंद्र द्विवेदी, नीरज चतुवेर्दी , रामनारायण गुप्ता, मयंक सिंह, केके द्विवेदी सहित भारी संख्या में श्रम वीर उपस्थित रहे।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विविध आयोजनं

शहडोल पंडित एस एन शुक्ला विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 01 अक्टूबर से 07 अक्टूबर तक सात दिवसीय "स्वच्छता ही सेवा" अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दूसरे दिन में स्वयंसेवकों के बीच " स्वच्छता ही सेवा" विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा पोस्टर बनाए गए एवं विभिन्न सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।

अभियान के तीसरे दिन में स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न बस्तियों, स्कूलों, एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया गया।

जिसके अंतर्गत स्वयंसेवक अभिषेक एवं रुचि द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र पुरानी बस्ती के बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता एवं साफ सफाई के विषय में शिक्षित किया गया।

स्वयंसेवक राजकुमार, अंजली एवं सविता द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र पांडवनगर में बच्चों को व्यक्तिगत साफ सफाई के साथझ्रसाथ अपने आस पास भी स्वच्छता के लिए जागरूक किया एवं कुछ फलदार पौधे रोपित किए।

स्वयंसेवक नम्रता एवं पूर्णिमा द्वारा ग्राम बोडरी की शासकी विद्यालय व आंगनबाड़ी केन्द्र जा कर बच्चों को स्वच्छता एवं महात्मा गांधी जी के ग्राम्य जीवन और स्वच्छ भारत के सपने के विषय में बताया।

स्वयंसेवक सुचिता, अनामिका एवं अनुराग द्वारा गोदग्राम धुरवार के प्राथमिक शाला में "स्वच्छता की पाठशाला" आयोजित की गई जिसके अंतर्गत बच्चों को "स्वच्छता का गोला" खेल के माध्यम से अपने आस पास के वातावरण को साफ रखने के लिए प्रेरित किया। बायोडिग्रेडेबल और नॉन बायो डिग्रडेबल कचरे की पहचान करना सिखाया और उसे अलग अलग रखने के फायदे बताए। साथ की बच्चों के बीच ही "स्वच्छता दूत" बनाया गया।

स्वयंसेवक श्रद्धा गुप्ता द्वारा बिरसिंहपुर पाली वार्ड नंबर 11 शासकीय विद्यालय एवम आंगनबाड़ी में जाकर बच्चों को "भारत को एक स्वच्छ एवं सकल भारत " बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

स्वयसेवक काजल वर्मा द्वारा ग्राम धनपुरा की प्राथमिक शाला में बच्चों को स्वच्छ एवं स्वस्थ रहने के तरीकों और फायदों से अवगत कराया गया।

कदौरा बाजार से फिर अराजकत्त्वो ने दिया चोरी की घटना को अंजाम

कैमरे से भी चोर की शिनाख्त नही, पहले भी कस्बे में हुई कई चोरी में अब तक कोई सुराग नही

कदौरा/जालौन 3अक्तूबर।नगर बाजार में सामग्री खरीदने आए किसान की अज्ञात अराजक तत्व द्वारा सायकिल चोरी कर फरार हो गए।सब्जी लेकर लौटे किसान द्वारा जब सायकिल गायब देखी तो आस पास पूछ तांछ करते हुए पुलिस को सूचना दी गई जानकारी होते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस द्वारा आस पास सीसीटीवी फुटेज में सायकिल चोरी करते अधेड़ को देखा लेकिन वो कौन था ये शिनाख्त नहीं हो सकी फिलहाल कस्बे में ये कोई पहली वारदात नही है इससे पहले भी बाजार में टप्पेबाजों ने एक गरीब के 20 हजार की जेब काट ली थी एब उससे पहले अज्ञात चोरों ने कस्बे से ही किसान के घर से जेवर ब नगदी पार कर फरार हो गए थे जिसका आज तक कोई सुराग नही लग सका।

गौरतलब हो कि थाना कदौरा क्षेत्र ग्राम बबीना निवासी किसान राम शरण पुत्र शिवचरन द्वारा पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया कि गत सोमवार को वह गांव से अपनी नई सायकिल से सब्जी खरीदने के लिए आया था बारिश होने के कारण उसने अपनी सायकिल राम किराना स्टोर के सामने फुटपाथ की कपड़े की दुकान में सायकिल रखके सब्जी खरीदने लगा एब मात्र 10 मिनट में वह वापस आया तो सायकिल गायब थी किसान जिस व्यक्ति दुकानदार को अपनी सायकिल सौंप गया उससे पूछा तो उसने कोई भी जवाब नही दिया जिससे परेशान किसान द्वारा थाने जाकर सूचना दी तो पुलिस ने घटनास्थल के पास लगे व्यापारी के निजी कैमरों में घटना में कोई अज्ञात सायकिल चोरी कर ले जाते दिखा लेकिन वो कौन था इसकी शिनाख्त नहीं हो सकी।

वही पुलिस द्वारा किसान से आश्वासन दिया कि चोरी हुई सायकिल आपको मिल जायेगी।

वैसे कदौरा कस्बे में ऐसी घटनाएं कोई नई बात नही है अभी गत माह अज्ञात टप्पेबाजों ने एक बाहरी गरीब को बेवकूफ बनाकर 20 हजार रुपए जेब से चोरी कर लिए थे।

इसके अलावा अज्ञात अराजक तत्वों ने बस स्टैंड से घड़ी की दुकानों में सेंध लगाकर घड़ी बेल्ट आदि चुरा लिए थे एब कुछ दिन बाद हाइवे पर एक लोहा पीटा के झोपड़ी से कोई लोहे ही निहाई चोरी कर ले गया।

एब गत जून में कस्बे के मेला ग्राउंड स्थिति किसान चक्की मालिक देवेंद्र पुत्र कलाधर के घर अज्ञात लोगो ने छत से चढ़कर अलमारी तोड़ जेवर ब गोलक से 70 हजार चोरी कर ले गए थे एब सुबह उक्त किसान की गोलक आदि घर से दूर खेत में मिले थे भयभीत किसान द्वारा पुलिस को सूचना भी दी गई लेकिन आज तक जिसका कोई खुलासा न हो सका।पुलिस द्वारा चक्की के पुराने नौकर आदि से पूछ तांछ कर मामले को दबा दिया गया जबकि सूत्रों द्वारा बताया कि उक्त मेला ग्राउंड में आस पास दिन रात जुएं के फड़ लगते है और जुआरियों ने ही घटना को अंजाम दिया होगा।लेकिन कौन सुनता है।

फिलहाल किसान द्वारा साढ़े 5 हजार की खरीदी नई सायकिल चोरी होने से आहत है जो कि इंतजार में बैठा है कि कब पुलिस अपने वादे को पूरा कर उसकी सायकिल चोरी से बरामद कर उसे दे दे।

प्राथमिक विद्यालय में भव्य तरीके से मनाई गई महात्मा गांधी व शास्त्री जयंती

माधौगढ़ संवाददाता ब्लॉक माधोगढ़ के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय अमखेड़ा में 2अक्टूबर के उपलक्ष्य में आयोजित महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती भव्य तरीके से मनाई गई जिसमें

आज के दिन विद्यालय के शिक्षकों ने छात्रों के माता पिता की बजाए दादा दादी को आमंत्रित किया राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक विपिन उपाध्याय ने बताया कि इस बार छात्रों के दादा दादी को आमंत्रित करने का उद्देश्य यह है कि छात्र ज्यादातर समय अपने दादा दादी के साथ व्यतीत करता है। इसलिये दादा दादी से संवाद करने हेतु उन्हें आमंत्रित किया गया। प्रधानाध्यापक बालकृष्ण ने छात्रों द्वारा बुजुर्गों को सम्मानित करवाया। सहायक अध्यापक श्याम जी ने मंच का संचालन किया एवं सविता कुशवाहा एवं अनु गुप्ता ने बच्चों की तैयारियां करवाई।

एवं आज स्वच्छता दिवस के अवसर पर कक्षा 4 के छात्र समर को स्वच्छ ड्रेस और प्रतिदिन विद्यालय आने पर सम्मानित किया गया।

छात्रों ने समस्त आगंतुकों को रोरी-चंदन लगा कर स्वागत किया। गांव के प्रधान विनीता देवी एवं ग्राम

प्रतिनिधि जगजीवन दोहरे ने विद्यालय के शिक्षकों के प्रयासों की भूरि भूरी प्रशंसा की तथा पूर्व प्रधान विद्यालय स्टाफ में बालकृष्ण, विपिन उपाध्याय,श्याम जी, सविता कुशवाहा एवं अनु गुप्ता ने व्यवस्थाएं एवं गांव के बुजुर्गों का विद्यालय आगमन पर स्वागत सम्मान किया। पूर्व प्रधान रामशरण दौहलिया ने छात्रों को ईनाम वितरित किया।

तीन सूत्रीय मांगो को लेकर किसान संघ बिरसा मुख्यमंत्री को सौपेगा ज्ञापन

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बिरसा।(04 अक्टूबर)अपनी तीन सूत्रीय मांगो को लेकर किसान संघ बिरसा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन सौपेगा। जिसमे धान एवं गेंहू की खरीदी कीमत तीन हजार एवं पांच सौ का बोनस देने की मांग की जाएगी, साथ ही क्षेत्र के किसानों के कृषि उपकरणों पर 40% की सब्सिडी देने की मांग की जाएगी।संघ के पदाधिकारी ने बताया कि हमारा जिला कृषि बाहुल्य एंव पिछड़ा क्षेत्र है। हम लोगो का पूरा जीवन किसानी पर निर्भर है और प्राकृतिक आपदा, अल्प वर्षा व अन्य कारणो जैसे खाद बिज दवा किटनासक मजदूरी व महगाई के चलते कृषि पर अधिक लागत और उत्पादन कम होने के कारण किसान की आर्थिक हालत सालदर साल खराब होने के कारण किसान कृषि के प्रति उदासीन हो रहा है, जिनकी छोटी सी मदद कर शासन इन्हे उबार सकती है।संघ ने आरोप लगाते हुए कहा कि किसानो ने दिन रात मेहनत कर म.प्र. शासन को देश में कृषि के क्षेत्र में प्रथम स्थान पर पहुंचाया लेकिन किसानों को उनकी फसल का सही मूल्य नही मिलने के कारण वह अपने विकास से वंचित है पड़ोसी राज्य छ.ग. का किसान धान पर 3 हजार से अधिक की राशि प्राप्त कर रहा है जिससे पडोसी राज्य के किसान यहां की अपेक्षा अधिक संपन्न है।संघ ने बताया कि किसानों के हितो की लड़ाई के लिए अब आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी।

अमलाई शारदा ओसीएम के समीप संचालित हो रहा जुए का कारोबार

शहडोल। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहडोल जिले अंतर्गत अमलाई शारदा ओ सीएम कोल माइंस के गेट के पीछे जंगल में जुएं का कारोबार संचालित हो रहा है, जहां रात्रि मे जुएं का कारोबार संचालित करने में, जुआंडी बेहिचक काले कारनामे से अपनी झोली भर रहे हैं, पुलिस प्रशासन को सब कुछ संज्ञान में होने के बावजूद कार्यवाही से प्रशासनिक अधिकारी परे हैं.. सूत्र ने यह भी बताया है कि, इस पूरे मामले मे कोयलांचल क्षेत्र के अधिकांश युवा पीढ़ी जुआं के लालच में आकर लाखों रुपए के दाव खेल रहे हैं, निरंतर जुए के कारोबार से युवा पीढ़ी तो बर्बाद हो ही रही है, मगर इस कारोबार का संचालन करने वाले, मालामाल होते जा रहे हैं.. यहां तक कि युवाओं के भीतर लालच का भ्रम कुछ इस कदर भरा है कि जुए की इस लत से उन्हें निजात नहीं मिल पा रही है.. जानकारी यह भी है कि वीरान जंगलों मे, मोबाइल के माध्यम बामन परी का खेल दौड़ रहा है...सूत्र ने यह भी बताया है कि, तथाकथित पेपर मिल एवं रूंगटा के मिश्रा नामक व भारतीय स्टेट बैंक पेपर मिल के समीप एक पोल्ट्री फार्म का संचालक,इस कारोबार का संचालन कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इस कारोबार से प्रतिदिन 70 से 80 हजार रुपए की नाल वसूली हो रही है। अमलाई पुलिस को चाहिए कि हुए के इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने ठोस कार्रवाई करें।

सेंट्रल अकादमी इंटरनेशनल स्कूल ब्योहारी में हिंदी एवं बघेली कवि सम्मेलन संपन्न

समाज जागरण
शहडोल। ब्योहारी के सेंट्रल अकैडमी इंटरनेशनल स्कूल में हिंदी एवं बघेली

कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें विधानसभा क्षेत्र के विधायक शरद जुगल कोल उपस्थित रहे। ब्योहारी मध्यप्रदेश के शहडोल जिले अंतर्गत ब्योहारी विकास खंड में सेंट्रल एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल ब्योहारी में आज दो अक्तूबर गांधी जयंती के दिन हिन्दी और बघेली कवि सम्मेलन सम्पन्न हुआ इस कार्यक्रम में विधायक शरद कोल एवं बड़ी संख्या गणमान्य नागरिक एवं अभिभावक मौजूद रहे यह कवि सम्मेलन विभिन्न राज्यों से कवियों ने कविता पाठ किया जिन्हें स्कूल संचालक रवि मिश्रा ने प्रतीक चिन्ह एवं साल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया आज के इस कार्यक्रम में लालबहादुर सिंह, राम लखन सिंह, पटवारी राम पाल, सुधीर पाण्डेय, नीरज गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष राजन गुप्ता, सहित कई समाजसेवी गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

हाथियों की मदद से कल रिहायशी एरिया से दूर करेंगे टाइगर को

उमरिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन दिन से पतौर रेंज के ग्राम कसेरू के रिहायसी क्षेत्र में टाइगर की मूवमेंट है,सुरक्षा के दृष्टिगत मंगलवार दिन भर वन परिक्षेत्राधिकारी अर्पित मेराल सहित आधे सैकड़ा वन कर्मी नाले के करींब खेत मे मौजूद थे।इस दौरान ग्रामीणों को स्थल से दूर रहने की समझाइश भी देते रहे।रविवार की सुबह से ही कसेरू गांव में बाघ की मूवमेंट है,सोमवार को स्थानीय 23 वर्षीय युवक मित्तू पिता बुद्धा सिंह पर टाइगर ने हमला भी किया था,जिस वजह से ग्रामीणों के सुरक्षा लिहाज से पूरा दिन वन कर्मी मौके पर मौजूद रहे है।देर शाम हाथियों का दल कसेरू गांव पहुंच गया है,इन हाथियों को कसेरू गांव से सटे कैम्प में शिफ्ट किया गया है।वन परिक्षेत्र अधिकारी अर्पित मेराल ने बताया कि हाथियों की मदद से बुधवार की सुबह से ही बाघ की प्रॉपर सर्चिंग कराई जाएगी।फिलहाल बाघ के संभावित स्थल के करींब डेढ़ दर्जन से अधिक वन कर्मी ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते रखे गए है,जिससे बाघ की मूवमेंट नाले के इर्द गिर्द बनी रहे साथ ही ग्रामीण सुरक्षित रहे।

स्वसहायता समूहो का सम्मेलन एवं स्कूटी वितरण कार्यक्रम संपन्न

शहडोल। कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में जिला स्तरीय स्व-

सहायता समूहों का सम्मेलन एवं स्कूटी वितरण कार्यक्रम में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में विधायक जय सिंह नगर जय सिंह मरावी एवं विधायक जैतपुर श्रीमती मनीषा सिंह द्वारा स्व-सहायता की 25 सदस्यों को स्कूटी की चौबियां सौंपी गई तथा आरती स्व-सहायता समूह ग्राम विक्रमपुर को 4 लाख रुपए का चेक भी प्रदान किया गया। राज्य स्तरीय स्व-सहायता समूहों का सम्मेलन एवं स्कूटी वितरण कार्यक्रम भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित कार्यक्रम भी वर्चुअली रूप से देखा एवं सुना गया।

जिला स्तरीय स्व-सहायता समूहों का सम्मेलन एवं स्कूटी वितरण कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य, जिला पंचायत शहडोल की उपाध्यक्ष श्रीमती फूलमती सिंह, एनआरएलएम विष्णू विश्वकर्मा , समाजसेवी मनोज गुप्ता सहित स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

अखिल भारतीय किसान महासभा का तीसरा प्रखंड सम्मेलन सम्पन्न

दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार प्रखंड संवाददाता हसपुरा

औरंगाबाद (बिहार)हसपुरा प्रखंड के धमनी गांव में अखिल भारतीय किसान महासभा का तीसरा प्रखंड सम्मेलन हुआ। सम्मेलन का शुभारंभ कामरेड राम प्रवेश सिंह ने की। जैसे ही सम्मेलन शुभारंभ हुआ भाजपा हटाओ देश बचाओ, खेत खेती किसान बचाओ, कारपोरेट लूट का राज मिटाओ , संविधान बचाओ, भाजपा हटाओ देश बचाओ का नारा लगाते हुए कार्यकताओं में जोश खरोश भरा गया । जबकि संचालन कृष्णा भारती ने किया। बतौर अतिथि भाकपा माले के जिला सचिव मुनारक राम , खेत मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष अवधेश राजबंशी , जिला सचिव चन्द्रमा पासवान ने कहा कि वर्ष 2014 में मोदी सरकार के केंद्र की सत्ता में आने के बाद पुरे देश भर में बैंकों और महाजनों के कर्ज से खेती घाटे में चली गई है।अपनी खेती बचाने के लिए सोन नहर को बचाना होगा। सम्मेलन में

किसानों की फसल खरीद की गारंटी, सिंचाई के लिए मुफ्त में बिजली,इन्द्रपुरी जलाशय का निर्माण,सोन नहरों में नीचे छोर तक पानी पहुंचाने, किसानों को खाद बीज के खरीद में सुगम व्यवस्था करने सहित अन्य समस्याओं पर प्रस्ताव रखा। सम्मेलन में किसानों मजदूरों की समस्या को गंभीरता से रखा गया।मौके पर नरेंद्र कुमार , दिनेश राम , बिरजू चौधरी , अवधेश राजवंशी , रुणा देवी , बसंत कुमार , चन्देश्वर मेहता , सदुल्लाह खां , ईश्वरचन्द्र राम,बिसु साव,रामाधार पासवान, अयोध्या राम,प्रमोद यादव सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

59 - 50 में दम नहीं, 25 हजार से कम नहीं की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन करते सेविका व सहायिका

दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार , अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित समेकित बाल विकास परियोजना कार्यालय के प्रांगण में मंगलवार को आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं ने धरना प्रदर्शन करते हुए राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि नितीश कुमार हाय हाय,59 - 50 में दम नहीं ,25 हजार से कम नहीं , निकम्मी सरकार को गद्दी से हटायेंगे और नया बिहार बनायेंगे के साथ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों पर अड़े रहे। बिहार राज्य आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति पटना के आह्वान पर अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इसकी जानकारी संघ के अध्यक्ष संगीता कुमारी ने दी। उन्होंने कहा कि हम सभी सेविका व सहायिकाओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा मिलना चाहिए। अगर सरकार सरकारी कर्मचारी का दर्जा नहीं देती है तो सेविकाओं को मानदेय के रूप में 25 हजार व सहायिकाओं को 18 हजार रुपए मिलना चाहिए।जब तक स-

रकार हमलोगों की मांगे पूरी नहीं करती है तब तक हमलोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर ही रहेंगे।केंद्र सरकार व राज्य सरकार सेविका व सहायिकाओं के साथ सौतेलापन वाली व्यवहार कर रही है। हमलोगों को भी सरकारी कर्मी का दर्जा मिलना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार ग्रेच्युट लागू , अनुकम्पा के आधार पर नौकरी दिया जाए। जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो जाती है तब तक हमलोगअनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे रहेंगे। धरने पर बैठे निर्मल कुंवर , बबीता कुमारी , रितु कुमारी , सुनैना कुमारी , शिव कुमारी , गीता कुमारी ज्ञानती कुमारी , प्रतिमा कुमारी , शोभा कुमारी , सविता कुमारी , इंदु कुमारी , लीला देवी , रेखा खत्री निराशा कुमारी , पूनम कुमारी , रुबी कुमारी , सुनैना कुमारी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

गरीब किसान मजदूर के जमीन पर दबंगों का कब्जा

विवाद को लेकर अंचल में सीओ के समक्ष सौंपा ज्ञापन

दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार प्रखंड संवाददाता हसपुरा

औरंगाबाद (बिहार)हसपुरा थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव से लगभग दो दर्जन किसान - मजदूर जमीन विवाद को लेकर हसपुरा अंचल कार्यालय में सीओ

के समक्ष लिखित आवेदन दी है। सभी किसान मजदूर सीओ से न्याय की गुहार लगाई है। जिसमें इन्द्र देव राम , रामप्रसाद राम , शत्रुधन राम , संजय पासवान , बंगाली राम , शशि कुमार,नन्हक राम, विन्दु कुमार,इंदल पासवान, सकलदेव राम,हरी लाल राम , चनेश्वर राम , चलीतर राम , सुगन पासवान ने सीओ को दिए गए आवेदन में किसान मजदूर लिखा है कि दिलावरपुर गांव के अरूण यादव , रामाशीष यादव , विलेशी यादव , रामाधार यादव , दुखित यादव , कृष्णा यादव के द्वारा जमीन से जबरन हटाया जा रहा है। जबकि बिहार सरकार द्वारा वर्ष 1970 - 71 में वासीगत दखल के पर्चा दिया गया है। दिया गया पर्चा के जमीन पर लगभग 53 वर्ष से रहते आ रहे हैं। वावजूद जबरन हमलोगों को हटाने का साजिश रचा जा रहा है। वहीं पर्चा धारियों ने कहा कि अधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है।

साक्ष्य के अभाव में अभियुक्तों को भादंवि धारा 307 में मुक्त कर अन्य धाराओं में सजा सुनाई गई।

समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ बिहार- झारखंड प्रदेश।

व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे चार ब्रजेश कुमार सिंह ने दाउदनगर थाना कांड संख्या-133/2004 ,जी आर -1546/04 में आज निर्णय के विन्दू पर सुनवाई करते हुए तीनों अभियुक्त अक्षय पासवान, जनेश्वर पासवान,निर्भय पासवान ,शमशेर नगर ,दाउदनगर को सजा सुनाई है, एपीपी महेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि अक्षय पासवान को भादंवि धारा 324 में दो साल की सजा और दो हजार जुमार्ना लगाया है तथा धारा 323 में दस माह की सजा और एक हजार जुमार्ना लगाया है ।वही अभियुक्त जनेश्वर पासवान

और निर्भय पासवान को सिर्फ भादंवि धारा 323 में दोषी पाते हुए दस माह की सजा और एक हजार जुमार्ना लगाया है।

उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुए अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक मलख पासवान शमशेर नगर, दाउदनगर ने 12/07/04 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि अभियुक्तों ने सूचक सहित तीन को लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया था। आरोप पत्र भी भादंवि धारा 307, 323, 324 / 34 में न्यायालय में पेश किया गया था,आज सभी अभियुक्तों को भादंवि धारा 307 में साक्ष्य के अभाव मुक्त कर अन्य धाराओं में सजा सुनाई गई है।

पितृपक्ष के उपलक्ष्य में आठ को शब्दाक्षर काव्यांजलि का आयोजन : डॉ. रश्मि.

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

गया(बिहार)- शब्दाक्षर की राष्ट्रीय प्रवक्ता-सह-प्रसारण प्रभारी डॉ रश्मि प्रियदर्शनी ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि आगामी रविवार आठ अक्टूबर को शब्दाक्षर बिहार प्रदेश समिति द्वारा प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र पद्मनाभ की देखरेख में गया की धरती पर अपने पूर्वजों के लिए तर्पण-पिंडदान को पधारे तीर्थयात्रियों के लिए एक सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा। यहां तीर्थयात्रियों के लिए निःशुल्क टी स्टॉल लगाया जायेगा। डॉ रश्मि ने कहा कि उस दिन शब्दाक्षर के बैनर तले एक काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया जायेगा।इस बीच, राष्ट्रीय प्रवक्ता ने बतलाया कि गाँधी-शास्त्री जयंती पर शब्दाक्षर की दिल्ली

और लखीमपुर खीरी (यूपी) इकाइयों द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में कवि सम्मेलनों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में अनेक प्रतिष्ठित कवियों एवं कवयित्रियों ने अपने गीत, गजल व कविताओं का पाठ किया। डॉ रश्मि के मुताबिक , कमोबेश हर महत्वपूर्ण मौके पर शब्दाक्षर अपने साधन-संसाधन व सदस्यों की क्षमता का भरपूर उपयोग करते हुए हिंदी साहित्य को समृद्ध करने की दिशा में हर संभव कदम उठाता है.

सर्पदंश से एक युवक का मौत

दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार)उपहारा थाना क्षेत्र के डड़वां गांव में सर्पदंश से एक युवक की मौत हो गई। जब घर में पहाड़ की तरह कहर बरपाती है तो लोग सदमे में आ जाते हैं। घटना के बारे में बताते चलें कि डड़वां गांव निवासी विदेश्वर पासवान का 2021 के समय कोरोना जैसी घातक बीमारी की चपेट में आने से मौत हो गई थी। घर का पीड़ा एक तरफ भरा भी नहीं था कि दो साल के अंदर एक नया पीड़ा फिर से उभर कर सामने आ गया। रविवार

को डड़वां गांव निवासी स्व विदेश्वर पासवान के 18 वर्षीय छोटा पुत्र चुन्नू कुमार जो कि इंटरमीडिएट का छात्र था। यह छात्र रविवार की संध्या खाना खा कर अपने घर में चौकी पर जाकर सो गया। अचानक आधी रात को चुन्नू कुमार को सांप काट लिया।सांप काटने के बाद जब युवक की स्थिति बिगड़ने लगी तो चुन्नू अपने परिजन को बताया।सांप काटने की खबर से घर के लोग घबरा गए और आनन - फानन में परिजनों ने युवक को इलाज के लिए गया अनुग्रह मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उस युवक को मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। तो वहीं गांव में यवक के निधन की सूचना मिलते ही मातम छा गया। वहीं मृत युवक के परिजनों तथा मां भाई और बहन का रो रो कर बुरा हाल है। मौके पर पहुंचे शिक्षक रविनंदन ने मृत युवक की शव को देखकर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवारों को संतावना दी है।

आंगनबाड़ी सेविका सहायिका की नवीनगर प्रखंड मुख्यालय में 5 दिनों से चल रही धरना प्रदर्शन पर सरकार के प्रतिनिधियों ने अभी तक नहीं ली है सूदी- शांति देवी

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

औरंगाबाद(बिहार)- आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं ने औरंगाबाद जिला के नवीनगर प्रखंड मुख्यालय में सरकारी कर्मियों के तर्ज पर आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं ने सेवा सुनिश्चित करने को लेकर 5 दिनों से धरना प्रदर्शन बैठी है . इस संबंध में धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही शांति देवी ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि जब तक मेरी मांगे सरकार नहीं मान लेती है तब तक मेरा धरना प्रदर्शन जारी रहेगा. उन्होंने आगे कहा कि आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं से सरकारी स्तर के सभी कार्य कराए जा रहे हैं. लेकिन सरकारी कर्मियों के तर्ज पर हम लोगों की सेवाएं एवं सुविधाएं सरकार द्वारा सुनिश्चित नहीं किया गया है. जिसके लेकर आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन पर बैठी है. उन्होंने आगे कहा कि विगत दिनांक 29 सितंबर 2023 से औरंगाबाद जिला के नवीनगर प्र-

खंड मुख्यालय पर सेविका सहायिकाओं ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रही है लेकिन अभी तक सरकार के प्रतिनिधियों ने सूदी नहीं लिया . उन्होंने आगे कहा कि एक तरफ बिहार के नीतीश सरकार महिलाओं को सुख- सुविधा एवं सरकारी नौकरी व्यवस्था सुनिश्चित करने की बड़ी-बड़ी घोषणा करती है .वही धरना पर बैठी आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं की नीतीश सरकार के प्रतिनिधियों द्वारा सुविधा मुहैया एवं सूदी नहीं लेना . नीतीश सरकार के कार्यकलापों पर सवालिया निशान जरूर उठती है .आखिर इन महिलाओं को सूदी कौन लेगा और इस-ाका निराकरण कौन करेगा. यह सभी प्रश्न आंगनबाड़ी सेविका सहायिक-ाओं के जेहन में कौध रही है . आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं ने नीतीश सरकार को समाचार पत्र के माध्यम से ध्यान आकर्षित करते हुए कहा है कि सरकारी कर्मियों के तर्ज पर आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं की सेवा सुनिश्चित की जाए.

गया जिला स्थापना दिवस के अवसर पर जिला पदाधिकारी ने गया के मानचित्र पर 159 कैंडल जलाकर समारोह का किया शुभारंभ.

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

गया(बिहार)- गया जिला स्थापना दिवस के अवसर पर जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम व वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती द्वारा संध्या में समाहरणालय परिसर में गया जिला के बने मानचित्र पर 159 मोमबत्तियां जलाकर समारोह का आगाज किया है.इसके उपरांत केक काटकर एक दूसरे को खिलाते हुए खुशी प्रकट किया है. उन्होंने कहा कि आज का दिन जिला वासियों के लिए ऐतिहासिक दिन है. जिला पदाधिकारी ने गया जिले के 159 वां स्थापना दिवस के अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि गया जिला के लिये आज का दिन ऐतिहासिक दिन है, यह ऐतिहासिक जिला है। इस जिले में लोग जानते हैं कि सभी धर्म का एक महासंगम है ,हिन्दू धर्म का काफी प्राचीन पितृपक्ष मेला महासंगम चल रहा है,इसके अलावा महात्मा बुद्ध को भी ज्ञान प्राप्ति यही हुआ है. बौद्ध धर्म के लिए भी गया जिला काफी प्रसिद्ध है. हर धर्म का यहां काफी महत्व है. तथास्थल भी है. जहां देश-विदेश एवं कोने-कोने से आते हैं. हम सभी का जिम्मेवारी है कि सभी जिला वासियों को सुख शांति के साथ आगे बढ़ाते रहें. हम सभी जानते हैं कि किस प्रकार सरकार द्वारा गंगाजल घर-घर पहुंचाया गया है. वर्ष 2051 तक के जनसंख्या को दृष्टिकोण में रख करके यह एतिहासिक काम किया गया है. ताकि बोधगया एवं गया में पानी का कोई कमी नहीं हो. इसमें कई विभाग द्वारा आकलन कर बताया गया है कि 178 मिलियन लीटर ग्राउंड वाटर लेवल का बचत प्रतिदिन हो रही है, गंगा पानी गया एवं बोधगया तक के घरों तक पहुचाने से। इन सभी को देखते हुए सरकार द्वारा यह योजना लाई गई और लोगों को लाभान्वित करवाने का कार्य किया गया।

इसके अलावा गया जी डैम भी बना कर सालो भर पानी रहने हेतु सरकार प्रायोरिटी के साथ काम पूर्ण करवाकर गया जिला वासियों के बीच समर्पित करने का कार्य किया है। अन्य और भी कई जन सरोकार से जुड़े कल्याणकारी योजना भी लोगों के हित में उठाए गए हैं जो

भविष्य में काफी लाभ मिलेगा। महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र हो या बोधगया में अन्य विकास के काम लिए गए हो, लोगों के हित में लगातार काम एवं विकास हेतु विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित करवाया जा रहा है.हम सभी लोग संकल्प लेते हैं कि विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला जो चल रहा है हम सभी को गया जिला वासियों को संकल्प लेना है कि सब लोग एक साथ मिलकर कर के एक साथ गया जिला को और आगे बढ़ाने गया जिला को और आगे ले जाने के लिए प्रशासन एवं सरकार के साथ कदम से कम मिला करके आगे बढ़ाएं. इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने जिला स्थापना दिवस के अवसर पर सभी गया वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दिया है.इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने बताया कि गया जिला के 159 वां स्थापना दिवस के अवसर पर जिले वासियो को धन्यवाद दिया। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण क्षण है, जो गया जिला वासियों के लिए है। गया जिला धार्मिक रूप से ऐतिहासिक रूप से काफी महत्वपूर्ण जिला है.इसके अलावा इकोनामिक के क्षेत्र में भी काफी महत्वपूर्ण जिला है। यहां के लोगों में काफी अमन एवं शांति के साथ सामाजिक सौहार्द बना रहा है। इसी प्रकार गया जिला के सभी नागरिक एक दूसरे के साथ सामाजिक सौहार्द के साथ रहे और गया जिले में अमन और शांति बनी रहे. इसलिए पुलिस प्रशासन लगातार प्रयास करते रहती है। हमेशा पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें सभी जिला वाशी करते रहे। जिले वासियों को गया जिला स्थापना दिवस पर काफी हार्दिक शुभकामनाएं.इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजस्व, वरीय उप समाहर्ता अभिषेक कुमार, रविन्द्र कुमार दिवाकर, सिविल सर्जन, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, जिले के कई समाज सेवी यथा जितेंद्र कुमार, विनोद कुमार सहित अन्य गण्यमान्य व्यक्ति मौजूद थे.

टनाका शराब लदी बोलेरो जप्त

दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) 3 अक्टूबर 2023 :- कुटुंबा थाना की पुलिस ने गश्ती के दौरान सोमवार की रात्रि 8:30 बजे सोनबरसा गांव के समीप से शराब लदी बोलेरो जप्त किया। यह कार्यवाही पीएसआई रविशंकर ने की। उन्होंने बताया कि तस्कर बोलेरो में शराब लादकर उक्त रास्ते से तस्करी को अंजाम दे रहा था। पुलिस को पीछा करता देख तस्कर ने सड़क के किनारे गाड़ी खड़ी कर दी और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। जान क्षेत्र में गाड़ी के अंदर से 172.8 लीटर टनाका देसी शराब बरामद हुई। प्रभारी थानाध्यक्ष माया कुमारी ने बताया कि मध निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर तस्कर की तलाश की जा रही है।

गजना धाम मे दशहरा के अवसर पर रामलीला एवं प्रवचन का किया जायेगा आयोजन

धाम के सौन्दर्यीकरण हेतु लिए गये कई निर्णय

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) 3 अक्टूबर 2023 औरंगाबाद जिले के नाबीनगर प्रखंड प्रखंड एवं झारखंड सीमा पर स्थित सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ गजना धाम परिसर में आज महंत अवध बिहारी दास की अध्यक्षता में गजना धाम न्यास समिति की एक बैठक का अयोजन किया गया। संचालन समिति के सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने किया बैठक मे कई प्रकार के निर्णय लिया गया।न्यास समिति के सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने बताया की नवरात्र के शुभ

अवसर पर दुर्गा पाठ करने करने का निर्णय लिया है। साथ ही सम्पूर्ण नवरात्रा में रामलीला या प्रवचन करने का भी निर्णय लिया गया । एक अन्य प्रस्ताव के जरिए गजना धाम के सौन्दर्यीकरण हेतु विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य कराने का भी निर्णय लिया गया ।बैठक मे नवनिर्मित गेट तथा मंदिर के मुख्य द्वार और निकास द्वारा पर नवनिर्मित निर्माण कार्य का रंग रोगन कराने और आधुनिक और आकर्षक किवाड़ लगवाने कई निर्णय लिया गया। इसके अलावा पंचदेव धाम वैदिक धर्मशाला की ऊपरी तले का निर्माण और धाम के दक्षिणी और के गेट को आकर्षक बनाने का भी निर्णय लिया गया। आज की बैठक मे आगामी छठ मे ब्रत्तियों की सुबिधा हेतु सफाई, लाइटिंग एवं पानी के विशेष सुविधा उपलब्ध कराने का भी निर्णय लिया गया । बैठक में नया समिति के वरीय सदस्य भृगुनाथ सिंह, कर्मदेव राम , अरुण कुमार सिंह ,अरविंद कुमार सिंह, अरुण मेहता ,मिथिलेश चंद्रवंशी, अनिल कुमार सिंह, पूर्व मुखिया टूना सिंह ,धनंजय सिंह, जयराम सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

गाँधी-शास्त्री जयंती के अवसर पर शब्दाक्षर दिल्ली व लखीमपुर खीरी द्वारा कवि सम्मेलन का किया गया आयोजन

**–आगामी रविवार 8 अक्टूबर को गया में पितृपक्ष मेला के उपलक्ष्य पर शब्दाक्षर काव्यांजलि का होगा आयोजन.*

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

गया (बिहार)- गाँधी-शास्त्री जयंती के सुअवसर पर 'शब्दाक्षर दिल्ली' और शब्दाक्षर लखीमपुर खीरी द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में देश के श्रेष्ठ कवियों एवं कवयित्रियों ने अपने गीत, गजल व कविताओं का पाठ किया।शब्दाक्षर दिल्ली के कवि सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि प्रदीप मिश्र 'अजनबी' तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में ओमप्रकाश प्रजापति रहे. वरिष्ठ कवि डी पी सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की. 'शब्दाक्षर' के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कवि सम्मेलन का शुभारंभ डॉ अम्बिका मोदी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ. नीलम उपाध्याय के नेतृत्व में 'शब्दाक्षर गीत' गाया गया.प्रदेश साहित्य मंत्री डॉ.स्मृति कुलश्रेष्ठ ने प्रेम और श्रृंगार पर आधारित सुंदर मुक्तक पढ़े और गजलें गायीं

. कवि सम्मेलन में साहिल मंसूरी, स्मिता चौहान, अशोक चावला, नीलम उपाध्याय, रमाशंकर भारती, शिखा अरोड़ा, विशाल सिंह, सीमा मंजरी, कृष्णा राजपुरोहित, डॉ अम्बिका मोदी और कवि हरेन्द्र यादव आदि ने एक से बढ़कर एक गीत, गजल, एवं कविताओं की सुंदर प्रस्तुति दी। शब्दाक्षर प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार प्रतापगढ़िया ने उम्दा गजलों से समा बांधा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. स्मृति कुलश्रेष्ठ ने किया।वहीं 'शब्दाक्षर' लखीमपुर खीरी द्वारा भी महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर काव्य-अनुष्ठान का आयोजन किया,, जिसकी अध्यक्षता बेनीराम अंजान ने की. बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय साहित्य परिषद के प्रान्तीय महामंत्री डॉ. द्वारिका प्रसाद रस्तोगी एवं विशिष्ट अतिथि मधुकर शैदाई व पूर्व प्रधानाचार्य पब्लिक इण्टर कालेज गोला के के.के.शुक्ल रहे.आयोजन

का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि करके हुआ. 'शब्दाक्षर' लखीमपुर खीरी जिलाध्यक्ष शशिकान्त मिश्र 'शशि' ने माल्यार्पण द्वारा सभी कवियों का स्वागत किया.गोष्ठी का संचालन करते हुए जिलाध्यक्ष श्री मिश्र ने राष्ट्रीय अध्यक्ष 'शब्दाक्षर' रवि प्रताप सिंह द्वारा प्रेषित शुभकामना संदेश पढ़ा.बृजेश तिवारी 'बृजेश', सुधीर अवस्थी, श्याम मोहन मिश्र, नन्दी लाल 'निराश, शशिकान्त मिश्र 'शशि', डॉ. द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, कवि शैदाई और सन्त कुमार बाजपेयी 'सन्त' ने. काव्य पाठ करके श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर डाला इसके अतिरिक्त, के.के.शुक्ल, .पाल वर्मा व अमर फतेपुरी शास्त्री ने गाँधी जी और शास्त्री जी के प्रति अपनेए विचार-सुमन अर्पित किइयये. 'शब्दाक्षर' लखीमपुर खीरी जिलाध्यक्ष श्री मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापन किया.शब्दाक्षर की राष्ट्रीय प्रवक्ता-सह-प्रसारण प्रभारी डॉ रश्मि प्रियदर्शनी ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि आगामी रविवार 8 अक्टूबर को शब्दाक्षर बिहार प्रदेश समिति द्वारा शब्दाक्षर प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र पद्मनाभ की देखरेख में गया में पितृपक्ष मेला के उपलक्ष्य पर पितृपक्ष महासंगम में आये तीर्थयात्रियों के लिए निःशुल्क टी स्टॉल लगाया जायेगा.डॉ रश्मि ने कहा कि उस दिन शब्दाक्षर के बैनर तले काव्यांजलि का भी आयोजन किया जायेगा.

इधर कुआं ,उधर खाई वाली कहावत , बच्चों के अभिभावकों के साथ हैं चरितार्थ !

बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिला में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के नाम पर बच्चों के भविष्य के साथ सरेआम हो रही है खिलवाड़।

सरकारी विद्यालयों से कहीं बहुत अच्छे , गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के नाम पर निजी विद्यालय द्वारा ठगे जा रहे हैं अभिभावक ,

जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा भी मनमानी तरीकों से निजी विद्यालयों को संचालन का है छूट,आखिर जबाबदेह कौन ?

समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ बिहार- झारखंड प्रदेश।

बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले का कुटुम्ब विधानसभा क्षेत्र में संचालित अधिकांश निजी विद्यालय मानक बिंदु को भी पूरा नहीं कर पाते हैं फिर भी रिश्वत की दौर में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा आंख मुंदकर निजी विद्यालयों को संचालन की छूट/अनुमति हैं।

बच्चों के अभिभावकों के साथ इधर कुआं ,उधर खाई वाली कहावत हैं चरितार्थ ! गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के नाम पर जहां अधिकांश निजी विद्यालयों द्वारा अभिभावकों को लूटा जा रहा हैं। वहीं अभिभावकों के नस को टटोलकर कुटुम्ब विधानसभा क्षेत्र में कुकुरमुते की तरह निजी विद्यालयों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। अधिकांश विद्यालय मानक बिंदु को पूरा नहीं कर पाते हैं फिर भी रिश्वत की दौर में जिला शिक्षा पदाधिकारी औरंगाबाद द्वारा आंख मुदकर निजी विद्यालयों को संचालन की अनुमति दे दिया जाता है, जो बेहद चिंता का विषय है एवं बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

अधिकांश निजी विद्यालयों में 1000 एक हजार रुपए से डेढ़ हजार 1,500 रुपए तक के शिक्षक एवं शिक्षिका बच्चों को पढ़ाने के लिए रखे जाते हैं। जो सरकारी विद्यालयों के शिक्षक से भी निम्न स्तर की शिक्षक व शिक्षिका होते हैं ।हल्लाकि पंचायत द्वारा नियोजित शिक्षक की स्तर भी निजी विद्यालयों में 1000 से 1500 रुपए तक बच्चों को पढ़ने वाले शिक्षकों की तरह है। विश्व सूत्रों की बात मान ली जाए तो सभी नियमों की ताकत पर रख के निजी विद्यालय का निबंध लेने वाले विद्यालय के संचालकों द्वारा एक विद्यालय के नाम पर अनेकों जगह अपना निजी विद्यालय का संचालन भी कराया जा रहा है जो गंभीर आरोप एवं जांच का विषय है। बच्चों के अभिभावकों के पास इधर कुआं उधर खाई वाली कहावत चरितार्थ है! गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के नाम पर जहां निजी विद्यालयों के संचालकों द्वारा अभिभावकों को लूटा जा रहा हैं। वही निजी विद्यालयों के सहयोग से सरकारी विद्यालयों से मिलने वाले पारितोषिक उनके संतोष का विषय है।

संतुलित व उचित पोषण ही अच्छे स्वास्थ्य का आधार

प्रतिनिधि, किशनगंज

आज हर कोई निरोगे व स्वस्थ रहना चाहता है। लेकिन, उसके लिए लोगों को अपनी दिनचर्या के साथ भोजन की थाली में भी बदलाव करना होगा। इस भागदौड़ भरे जीवन में हमें उचित व पर्याप्त पोषक तत्वों की जरूरत होती है। शरीर की आहार संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिये अच्छा पोषण या उचित आहार का सेवन बेहद जरूरी है। इसके साथ ही नियमित शारीरिक गतिविधियों के साथ पर्याप्त, उचित व संतुलित आहार अच्छे स्वास्थ्य का आधार है। खराब पोषण से शरीर की रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता प्रभावित होने के साथ ही हमारी शारीरिक व मानसिक क्षमता भी प्रभावित होती है। लगातार बढ़ते शहरीकरण और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के उपभोग व बदलती जीवनशैली के कारण हमारे आहार संबंधी व्यवहार में भी काफी बदलाव हुआ है। इससे लोगों में पोषण से जुड़ी कई गलत धारणाएं व अंधविश्वास भी बढती जा रही है। जो हमारे संपूर्ण शारीरिक विकास में बाधक बन रहा है। साबुत अनाज के सेवन का चलन तेजी से घट रहा : सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि लोगों में अधिक ऊर्जा, वसा, शक्कर व नमक व सोडियम युक्त खाद्य पदार्थ के सेवन का चलन बढ़ रहा है। इसके विपरित पर्याप्त मात्रा में फल, सब्जी व रेशा युक्त साबुत अनाज के सेवन का चलन तेजी से घटता जा रहा है। जो असंतुलित आहार शैली को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने बताया कि उम्र, लिंग,जीवनशैली और शारीरिक गतिविधियां, संस्कृति व स्थानीयता के कारण आहार संबंधी मामलों को लेकर जगह-जगह अंतर पाया जाता है। लेकिन स्वस्थ आहार का गठन करने वाले मूल सिद्धांत नहीं बदलते वो हमेशा एक ही होते हैं। असंतुलित आहार सेवन से आज लोग कई तरह के रोग के शिकार हो रहे हैं।

सबसे बड़ी बाधा अपर्याप्त व असंतुलित आहार :

सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ अनवर आलम कहते हैं कि उचित आहार में विभिन्न खाद्य पदार्थ शामिल होते हैं। जो संपूर्ण स्वास्थ्य,जीवन शक्ति, तंदुरूस्ती व आरोग्यता के लिये जरूरी है। उचित पोषण के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा अपर्याप्त व असंतुलित आहार का सेवन है। जो कम वजन वाले बच्चों के जन्म व कुपोषण की वजह है। स्वस्थ आहार पद्धति जीवन में जल्दी शुरू होनी चाहिये। गर्भावस्था के दौरान पोषण की कमी बाद के जीवन में आहार संबंधी चिरकालिक रोगों की वजह बन सकती है। वहीं स्तनपान बच्चों के समुचित विकास को बढ़ावा देता है। आहार विविधता एक महत्वपूर्ण पहलू :

महिला चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शबनम यास्मीन ने बताया, लोगों को लगता है कि दैनिक आहार से उनके शरीर को पोषण संबंधी सभी जरूरतें पूरी हो रही हैं। लेकिन कुछ मामलों में ऐसा होता नहीं है। आहार विविधता एक महत्वपूर्ण पहलू है। उचित पोषाहार वाले अनाज, फल व सब्जियों की उपलब्धता भी स्थानीय स्तर पर पर्याप्त है। लेकिन जागरूकता की कमी से लोग इसके व्यवहार से परहेज करते हैं। जैसे सहजन, शलजम, चुकंदर, गाजर, पपीता सहित कई प्रकार के साग जो घर के आसपास जंगल के रूप में उभर आते पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं।

किशनगंज जिले के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय भात डाला

यह किशनगंज जिले के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय भात डाला है। माना जाता है कि विद्यालय महाभारत काल की ऐतिहासिक जमीन पर बना हुआ है, जहां पांच पांडवों ने अपना 1 वर्ष का अज्ञातवास बिताया था। लेकिन अफसोस कि इस ऐतिहासिक जगह पर बना यह विद्यालय पिछले कई वर्षों से शिक्षा के मंदिर की जगह ताश के पत्ते खेलने और शराब पीने का अड्डा बन चुका है। ग्रामीणों के मुताबिक, इस विद्यालय का निर्माण 1974 में हुआ था। रखरखाव के अभाव में स्कूल भवन पूरी तरह जर्जर हो गया और वर्ष 2017 में यहां के विद्यार्थियों को कन्या प्राथमिक विद्यालय फाराबाड़ी में शिफ्ट कर दिया गया। विद्यालय दूर होने के कारण अब बच्चों को स्कूल आने जाने में काफी दिक्कतें आ रही हैं और उनका भविष्य दांव पर लगा है।

स्थानीय महिला आरती देवी बताती हैं कि बच्चों का स्कूल दूर होने के कारण उन्हें अपने घर का कामकाज छोड़कर बच्चों को लेने और छोड़ने जाना पड़ता है।

ALSO READ STORY

जानकी देवी बताती हैं कि स्कूल दूर होने के कारण बच्चे भी स्कूल जाना नहीं चाहते हैं। छोटे-छोटे बच्चे हैं, उनकी पढ़ाई होनी चाहिए, लेकिन उनका भविष्य दांव पर लगा है। वह चाहती हैं कि जल्द से जल्द यहां पर

स्कूल का निर्माण कराया जाए। स्थानीय ग्रामीण बेचन यादव बताते हैं कि एक बार इस इलाके में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आए थे तो यहां के डीएम द्वारा इस स्कूल पर तिरपाल डालकर इसको ढक दिया गया, ताकि सीएम की नजर इस पर ना पड़े। वह कहते हैं कि सरकार और प्रशासन की उदासीनता के कारण ही इस स्कूल का निर्माण नहीं हो पा रहा है। वहीं, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुनैना कुमारी से जब इस विद्यालय भवन के निर्माण की बात पूछी गई तो उन्होंने सीधी तरह कोई जवाब ना देते हुए शिक्षा विभाग को इसके लिए जिम्मेदार ठहरा दिया। इस बारे में स्थानीय जनप्रतिनिधि दिलीप सिंह का कहना है कि उनसे पहले जितने भी जनप्रतिनिधि इस इलाके में आए उन्होंने इस स्कूल पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया। लेकिन, अब उनकी कोशिश रहेगी कि जल्द से जल्द इस स्कूल का निर्माण कराया जाए। अगर सरकार कोई कदम नहीं उठाती है तो वह ग्रामीणों के साथ धरना देने को भी तैयार हैं।

छापेमारी : खोरीबारी में खुलेआम बिक रही है शराब

● खोरीबारी पुलिस ने छापेमारी कर अवैध शराब के साथ एक को लिया हिरासत में ।

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

खोरीबारी(सिलीगुड़ी) । खोरीबारी पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान छापेमारी कर अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है । हिरासत में लिए गए व्यक्ति का नाम राजेश घोष उर्फ पप्पू बताया गया है ।

खोरीबारी थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दो अक्टूबर के रात्रि खोरीबारी इलेक्ट्रिक आफिस के पास एक दुकान में छापेमारी की गई । छापेमारी के दौरान उक्त दुकान से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की गई । जब्त की गई शराब के रूप में 16 बोतल बियर एवं 41 बोतल 70 अप बरामद हुई । इस दौरान एक व्यक्ति को भी हिरासत में लिया गया ।

हिरासत में लिए गए व्यक्ति के खिलाफ खोरीबारी थाना में बी ई एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम करवाई शुरू की गई है ।

बिहार का जाति आधारित गणना मंडल 2.0 साबित होगा – बेचन यादव

दैनिक समाज जागरण संवाददाता, ठाकुरगंज (किशनगंज)

लंबे अरसे से एक सुनियोजित साजिश के तहत जातिगत जनगणना को सिरे से नकार कर पिछड़े व दबे कुचले वर्ग से सरोकार रखने वाले हिन्दुस्तानियों के संग अन्याय बदस्तूर जारी है। ऐसे में नीतीश व तेजस्वी के संयुक्त अदम्य इच्छाशक्ति के वजह से बिहार सरकार ने अपने संसाधनों के बल पर न केवल पूरे सूबे में जाति आधारित गणना करवाया बल्कि इसके परिणाम से बिहारवासियों को अवगत करवाने हेतु गाँधी जयंती के ऐतिहासिक मौके पर इसके आंकड़े भी सार्वजनिक कर दिये। बिहार सरकार के अदम्य इच्छाशक्ति से भारत के वैसे राज्यों जिनमें भाजपा सत्ता से बाहर है, में भी इस गणना कार्यक्रम को अपनाने की प्रेरणा का संचार होता दिख रहा है जो सम्पूर्ण देश मे मंडल 2.0 को जन्म देने वाला साबित होगा ।

उक्त बातों से मीडिया को अवगत कराते हुए राजद नेता श्री चंद्रशेखर यादव उर्फ बेचन यादव जिनकी राजद के मुखिया श्री लालू प्रसाद यादव से अच्छी जमती है, ने उम्मीद जताया कि बिहार सरकार इस आंकड़े के आधार पर पिछड़े वर्ग और अनुसूचित जाति व जनजाति के उत्थान हेतु नये सिरे से योजनाओं को आकृति प्रदान करेंगे ।

ज्ञात हो कि बिहार में नीतीश कुमार सरकार ने 2024 के चुनाव से ठीक पहले सोमवार को जाति सर्वे के आंकड़े जारी किए हैं। कहा जा रहा

है कि अन्य राज्यों में भी इसी तरह की जाति आधारित गणना की मांग जोर पकड़ सकती है। विपक्षी गठबंधन कठ.ऊकअ का यह एक प्रमुख चुनावी एजेंडा भी माना जा रहा है। हिंदी पट्टी के राज्यों में जहां जाति की राजनीति एक प्रमुख भूमिका निभाती है, वहां आगामी चुनावों में बड़ा मुद्दा बन सकता है। जाति आधारित गणना कराने वाला बिहार, देश का पहला राज्य बन गया है जो लंबे अरसे से ठंडे बस्ते में पड़ा जिन्न को अपने संसाधन के बल पर सार्वजनिक मंच पर ला खड़ा किया है। देश में पिछड़ी जातियों के आरक्षण के लिए 1990 में मंडल आयोग की सिफारिशें लागू की गई थीं। अब 33 साल बाद एक बार फिर जातीय जनगणना से जुड़ी रिपोर्ट चर्चा में आई है। इस रिपोर्ट के आने के बाद सियासत भी गरमा गई है।

सदर अस्पताल में हुई मुंह के कैंसर की बायोप्सी

राहुल कुमार, किशनगंज

किशनगंज जिले में मुंह के कैंसर के मरीजों के लिए अच्छी खबर है। अब मुंह के कैंसर के मरीजों को बायोप्सी कराने के लिए पूर्णिया या सिलीगुड़ी का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। क्योंकि सदर अस्पताल में बायोप्सी की सुविधा उपलब्ध है। अब मरीजों के लिए नियमित रूप से बायोप्सी जांच की जा रही है। सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि राज्य सरकार की पहल परे जिले के सदर अस्पताल में होमी भाभा के डॉक्टर के द्वारा बायोप्सी की सुविधा उपलब्ध है। बीपीएल कार्ड व आयुष्मान भारत कार्ड वाले लोगों की कैंसर की बायोप्सी पूरी तरह से निःशुल्क रखी गई है। लेकिन, जिन लोगों के पास ये काड्र्स नहीं हैं उनके लिए शुल्क 350 रुपया निर्धारित किया गया है। जो निजी संस्थानों से काफी कम है। इस सुविधा के शुरू हो जाने से लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान होने से मरीज का समय से इलाज संभव है। मंगलवार को सदर अस्पताल में सर्वप्रथम किशनगंज के एक व्यक्ति की बायोप्सी की गयी।

कैंसर जांच करना होगा आसान-

डॉ सद्दाम अंसारी ने बताया, बायोप्सी के माध्यम से आसानी और कम समय में कैंसर की पहचान हो जाती है। इसके लिए मरीज के मुंह के अंदर प्रभावित इलाकों से टिशू नमूने के रूप में लिए जाते हैं। जिसके बाद मशीन से उसकी जांच होती है। हालांकि, बायोप्सी कई प्रकार की होती है। कई स्थानों पर ऑप्टिकल बायोप्सी की भी सुविधा है। उन्होंने बताया कि कैंसर की प्रारंभिक पहचान मरीज स्वयं कर सकते हैं। इसके लिए लक्षणों की पहचान जरूरी है। स्वयं जांच करने के लिए मरीज को अपने मुंह को साफ पानी से धोते हुए कुल्ला करना होगा। उसके बाद आइने के सामने अच्छी रोशनी में सफेद या लाल छाले, न ठीक होने वाले पुराने जख्म या घाव के साथ पूरा मुंह न खोल पाने जैसी बातों की जांच करनी है। यह परीक्षण महीने में एक बार अनिवार्य है। इससे कैंसर के लक्षणों की पहचान होगी। अगर उनमें मुंह के कैंसर के प्रारंभिक लक्षण दिखे, तो तुरंत उन्हें डॉक्टर की सलाह लेने को कहें। मुंह के कैंसर के लक्षण-

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि मुंह में बनी रहने वाली किसी भी प्रकार की असहजता, घाव या दर्द की स्थिति में डॉक्टर से मिलकर इलाज कराना बहुत आवश्यक हो जाता है। यदि ये लक्षण दो सप्ताह या उससे अधिक समय तक बने रहते हैं तो इसे गंभीरता से लेते हुए डॉक्टर की सलाह के आधार पर जांच जरूर करा लेनी चाहिए। यह कैंसर का संकेत हो सकता है।

- होठ या मुंह का घाव जो ठीक न हो रहा हो।
- मुंह के अंदर सफेद या लाल रंग का पैच नजर आना।
- दांतों में कमजोरी
- मुंह के अंदर गांठ जैसा अनुभव होना, इसमें होने वाला दर्द।
- निगलने में कठिनाई या दर्द।
- मुंह से अक्सर बदबू आते रहने की समस्या।

अभी तक मरीज 34 कैंसर के लक्षण वाले मिले

-3 कंफर्म केस है-

डॉ विजयलक्ष्मी ने बताया कि जिले में नवंबर से लेकर अभी तक कुल आठ हजार लोगों की स्क्रीनिंग की गयी है। इसमें कैंसर के लक्षण वाले 34 मरीज मिले हैं। जिन्हें फॉलोअप में रखा गया है। इसके अलावा 01 ब्रेस्ट कैंसर का कंफर्म केस भी मिला है। जिनका इलाज भागलपुर में चल रहा है। कैंसर लाइलाज नहीं, समय से पहचान व इलाज है जरूरी- सिविल सर्जन डॉ किशोर ने बताया कि कैंसर अब लाइलाज बीमारी नहीं है। बस इसका सही समय पर पता करना तथा शुरूआती लक्षण पर ध्यान देने की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं में इन दिनों स्तन कैंसर एवं पुरुषों में मुंह का कैंसर ज्यादा सामने आ रहा है। उन्होंने बताया कि तंबाकू सेवन मुख के कैंसर का प्रमुख कारण है। इसके लिए जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों की आशा, विद्यालय के शिक्षकों सीएचओ और एएनएम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

बैसा ग्राम में स्थानीय ग्रामीणों के साथ जनसंवाद डीएम ने किया

राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज

डीएम किशनगंज तुषार सिंगला के द्वारा बहादुरगंज के लौचा पंचायत स्थित बैसा ग्राम में स्थानीय ग्रामीणों के साथ "जनसंवाद" किया गया। लोगो से सुझाव/फीडबैक लेने के उपरांत बाढ़ /नदी कटाव का जायजा लेने हेतु क्षेत्र भ्रमण किया गया।साथ में एडीएम

(आपदा) अनुज कुमार,जिला परिषद अध्यक्षा नुदरत महजबी,सदस्य इमरान आलम,बीडीओ किशनगंज तथा अन्य पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी श्री सिंगला ने बहादुरगंज अंतर्गत लौचा पंचायत के बोचागाड़ी गांव में नदी कटाव का जायजा लिया गया। तदनुसार संबंधित पदाधिकारी को जरूरी दिशा- निर्देश दिए। एतद संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित करने का भी निर्देश दिया गया है।

पर्यटकों को केतकी झील तक पहुंचने में होती है कठिनाइयां

बिभूति भूषण भद्र झाड़ग्राम जिला संवाददाता दैनिक समाज जागरण

झाड़ग्राम जिला अंतर्गत बेलपहाड़ी प्रखंड दो के पर्यटन स्थल के रूप में पहचान रखने वाला केतकी झील जाने वाला कच्ची सड़क के बदहाल स्थिति के कारण पर्यटकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मसलन कच्ची सड़क में गड्ढे ऊभर आए हैं तथा जल जमाव के कारण कीचड़ युक्त हो गया है। लोगों को गंतव्य तक पहुंचने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दिशा निर्देशिका नहीं रहने के कारण पर्यटकों को ग्रामीणों का सहारा लेकर गंतव्य स्थान तक पहुंचना पड़ता है। हालांकि जिला प्रशासन द्वारा पर्यटकों की सुविधा के लिए पहल की जा रही है। परंतु कई पर्यटन स्थलों में अभी भी सुविधाओं का घोर अभाव देखा जा सकता है। गौरतलब हो की दुर्गा उत्सव के पश्चात सैलानियों की भारी संख्या जिले के पर्यटन स्थलों में आगमन प्रारंभ होता है जो मार्च माह तक निरंतर जारी रहता है।

खनका चौक के समीप एक घर में अंधेरे का फायदा उठा कर चोर घुसा, घर वालों ने चोर को किया पुलिस के हवाले

राहुल कुमार, किशनगंज

किशनगंज शहर में चोरो का उत्पाद थम ने का नाम ही नही ले रहा हैं। पुलिस को चकमा देने में कामयाब हो रहे है चोर। विगत सोमवार की देर रात्री किशनगंज शहर के खनका चौक के समीप एक घर में अंधेरे का फायदा उठा कर एक चोर घुस गया। वही घर वालो को इसकी भनक लगने के बाद उसे पकड़ लिया और इसकी सूचना टाउन थाना पुलिस को दी गई। जिसके बाद टाउन थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर चोर को हिरासत में लिया। चोर के पास से एक मोबाइल व पर्स बरामत हुआ। गाड़ीवान मोहल्ला वार्ड नं 17 निवासी मोहम्मद सोहराव ने टाउन थाना को आवेदन देकर यह जानकारी दी कि आफताब अली उम्र करीब 27 वर्ष पिता स्वर्ग असगर अली साकिन रुईधासा खनका थाना व जिला किशनगंज का रहने वाला यह युवक मेरे घर में रात्री करीब 2 बजे चोरी छुपे घर में घुस कर मेरे बड़े पुत्र मुर्तजा के कमरे से मोबाईल व पर्स चोरी कर भागने का प्रयास कर रहा था। उसी दौरान मेरे पुत्र मुर्तजा की नींद खुल गई और उसने चोर को पकड़ कर शोर मचाया। जिसके बाद घर के सभी सदस्य जग गए और चोर को सख्ती से पकड़ कर पुलिस को सूचना दी गई। वही शोर गुल सुनकर आसपास के लोग भी जमा हो गए। वही टाउन थाना पुलिस ने आवेदन लेकर सुसंगत धाराओं के तहत आरोपी युवक पर मामला दर्ज किया। वही मामला दर्ज करने के बाद आरोपी युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

टीबी से मुक्ति के लिए जरूरी है नियमित रूप से दवाओं का सेवन- सिविल सर्जन

राहुल कुमार, किशनगंज

राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 2025 तक जिले से टीबी का पूरी तरह से उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए सरकार और स्वास्थ्य विभाग अपने स्तर से पूरी तरह से प्रयासरत है। लेकिन, अब जरूरत है लोगों के जागरूक होने की। ताकि, टीबी के खिलाफ दोतरफा लड़ाई जीती जा सके। सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि टीबी उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग लगातार अभियान भी चला रहा है। जिले की सभी सरकारी अस्पतालों में इसके इलाज से लेकर जांच तक की मुफ्त व्यवस्था है। साथ ही, दवाओं के साथ टीबी के मरीज को पौष्टिक भोजन के लिए पांच सौ रुपये प्रतिमाह सहायता राशि भी दी जाती है। इसके बावजूद देखा जा रहा है कि कुछ लोग इलाज कराने के लिए बड़े निजी अस्पताल या फिर बड़े शहर की ओर जाते हैं। फिर वहां से निराश होकर जिले के सरकारी अस्पतालों का चक्कर काटना पड़ता है। ऐसा करने की कोई जरूरत नहीं है। जैसे ही टीबी के बारे में पता चले तो पहले नजदीकी सरकारी अस्पताल ही जाएं। जिले में अब टीबी के इलाज के साथ मुकम्मल निगरानी और अनुश्रवण की व्यवस्था की जाती है।

ग्रामीण इलाकों के मरीजों में होता है जानकारी का अभाव :

--- जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ एनामुल हके ने बताया, शहर की अपेक्षा ग्रामीण इलाकों में अभी भी लोगों के बीच भ्रांतियां हैं। जिन्हें दूर करने के लिए टीबी मरीजों के साथ उनके परिजनों की नियमित काउंसिलिंग करनी पड़ती है। लोगों में अभी भी जागरूकता की कमी है। टीबी मरीजों के लक्षणों की पहचान से लेकर उनकी जांच, इलाज के साथे नियमित अनुश्रवण तक उन्हें कई बार टीबी उन्मूलन और बीमारी से संबंधित जानकारी देनी पड़ती है। यहां तक कि कई बार एक-एक मरीज को सिर्फ जांच के लिए तीन से चार काउंसिलिंग कर जागरूक करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि यह परेशानियां सिर्फ उन मरीजों के साथ उत्पन्न होती जिनके पास टीबी के संबंध में

कोई जानकारी नहीं है। शहरी इलाकों के मरीजों के साथ इतनी परेशानी नहीं होती है। उन्हें अधिक समझाने या प्रेरित करने की जरूरत नहीं होती है। लेकिन, दवाओं के नियमित सेवन को लेकर उनका भी फॉलोअप करना जरूरी हो जाता है।

टीबी को मात देकर यक्ष्मा विभाग का किया आभार व्यक्त :

ठाकुरगंज प्रखंड के खरुदाह पंचायत निवासी मो तन्जीरे की पत्नी टीबी से ग्रसित थी। जिनका इलाज जिले में हुआ। नियमित रूप से टीबी की दवाओं का सेवन किया। जिसके बाद उन्हें टीबी से निजात मिल गयी । जिसके लिए वह यक्ष्मा केंद्र का आभार मानती हैं। यक्ष्मा केंद्र के नियमित फॉलोअप की बदौलत आज मो तन्जीरे की पत्नी टीबी से मुक्त हो सकी हैं। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी मार्च 2023 में टीबी से ग्रसित पाई गयी थी। उसके बाद विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनका लगातार अनुश्रवण किया। जिसके कारण नियमित समय पर विभाग की ओर से दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकी। मो तन्जीरे ने कहा कि कई लोगों ने उन्हें निजी संस्थान में उनकी पत्नी का इलाज कराने की सलाह दी थी। लेकिन, विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें भरोसा दिलाया कि उनकी पत्नी पूरी तरह से ठीक हो जाएंगी। आज उनकी पत्नी पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं।

उत्पाद विभाग के द्वारा रामपुर चेक पोस्ट पर 250.55 लीटर विदेशी शराब किया बरामद, साथ ही एक तस्कर गिरफ्तार

राहुल कुमार, किशनगंज

किशनगंज शहर के रामपुर चेक पोस्ट पर उत्पाद विभाग के टीम के द्वारा एक बोलेरो को खदेर कर पकड़ा, बोलेरो की जांच की गई जांच के दौरान पाया गया की बोलेरो के अंदर तहखाना बनाकर तहखाने में भारी मात्रा में 250.55 लीटर विदेशी शराब है वही इस दौरान शराब लेकर आ रहे तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही बोलेरो को जप्त कर लिया गया। वही शराब तस्कर से पूछताछ के दौरान शराब तस्कर अपना नाम राजू पासवान जमुई का रहने वाला बताया। इस दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने बताया कि हमलोगो को गुप्त सूचना मिली थी कि किशनगंज के रास्ते से एक वाहन में गंगटोक से शराब लेकर पूर्णिया लेकर जाएगा। इसी आधार पर हम लोगों अपनी टीम बनाकर किशनगंज शहर के सभी चेक पोस्ट पर जांच अभियान शुरू कर दी। इस दौरान एक बोलेरो को आगे जाते देखा गया जब हम लोगों की टीम बोलेरो के पास पहुंची तो बोलेरो चालक भागने लगा। तभी हमलोगों की टीम के द्वारा खदेड़ कर बोलेरो को पकड़ लिया गया। और बोलेरो से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया गया। साथ ही राजू पासवान नामक शराब तस्कर को गिरफ्तार करते हुए बोलेरो को जप्त कर लिया गया।

संतुलित व उचित पोषण ही अच्छे स्वास्थ्य का आधार

राहुल कुमार, किशनगंज

आज हर कोई निरोगे व स्वस्थ रहना चाहता है। लेकिन, उसके लिए लोगों को अपनी दिनचर्या के साथ भोजन की थाली में भी बदलाव करना होगा। इस भागदौड़ भरे जीवन में हमें उचित व पर्याप्त पोषक तत्वों की जरूरत होती है। शरीर की आहार संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिये अच्छा पोषण या उचित आहार का सेवन बेहद जरूरी है। इसके साथ ही नियमित शारीरिक गतिविधियों के साथ पर्याप्त, उचित व संतुलित आहार अच्छे स्वास्थ्य का आधार है। खराब पोषण से शरीर की रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता प्रभावित होने के साथ ही हमारी शारीरिक व मानसिक क्षमता भी प्रभावित होती है। लगातार बढ़ते शहरीकरण और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के उपभोग व बदलती जीवनशैली के कारण हमारे आहार संबंधी व्यवहार में भी काफी बदलाव हुआ है। इससे लोगों में पोषण से जुड़ी कई गलत धारणाएं व अंधविश्वास भी बढती जा रही है। जो हमारे संपूर्ण शारीरिक विकास में बाधक बन रहा है।

साबुत अनाज के सेवन का चलन तेजी से घट रहा : सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि लोगों में अधिक ऊर्जा, वसा, शक्कर व नमक व सोडियम युक्त खाद्य पदार्थ के सेवन का चलन बढ़ रहा है। इसके विपरित पर्याप्त मात्रा में फल, सब्जी व रेशा युक्त साबुत अनाज के सेवन का चलन तेजी से घटता जा रहा है। जो असंतुलित आहार शैली को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने बताया कि उम्र, लिंग,जीवनशैली और शारीरिक गतिविधियां, संस्कृति व स्थानीयता के कारण आहार संबंधी मामलों को लेकर जगह-जगह अंतर पाया जाता है। लेकिन स्वस्थ आहार का गठन करने वाले मूल सिद्धांत नहीं बदलते वो हमेशा एक ही होते हैं। असंतुलित आहार सेवन से आज लोग कई तरह के रोग के शिकार हो रहे हैं।

सबसे बड़ी बाधा अपर्याप्त व असंतुलित आहार :

सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ अनवर आलम कहते हैं कि उचित आहार में विभिन्न खाद्य पदार्थ शामिल होते हैं। जो संपूर्ण स्वास्थ्य,जीवन शक्ति, तंदुरूस्ती व आरोग्यता के लिये जरूरी है। उचित पोषण के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा अपर्याप्त व असंतुलित आहार का सेवन है। जो कम वजन वाले बच्चों के जन्म व कुपोषण की वजह है। स्वस्थ आहार पद्धति जीवन में जल्दी शुरू होनी चाहिये। गर्भावस्था के दौरान पोषण की कमी बाद के जीवन में आहार संबंधी चिरकालिक रोगों की वजह बन सकती है। वहीं स्तनपान बच्चों के समुचित विकास को बढ़ावा देता है। आहार विविधता एक महत्वपूर्ण पहलू :

महिला चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शबनम यास्मीन ने बताया, लोगों को लगता है कि दैनिक आहार से उनके शरीर को पोषण संबंधी सभी जरूरतें पूरी हो रही हैं। लेकिन कुछ मामलों में ऐसा होता नहीं है। आहार विविधता एक महत्वपूर्ण पहलू है। उचित पोषाहार वाले अनाज, फल व सब्जियों की उपलब्धता भी स्थानीय स्तर पर पर्याप्त है। लेकिन जागरूकता की कमी से लोग इसके व्यवहार से परहेज करते हैं। जैसे सहजन, शलजम, चुकंदर, गाजर, पपीता सहित कई प्रकार के साग जो घर के आसपास जंगल के रूप में उभर आते पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं।

पथश्री परियोजना के तहत सड़क कार्य बाधित स्थानीय लोग नाराज, आश्वासन के बाद काम हुआ शुरू।

रंजीत कुमार पोद्दार : दैनिक समाज जागरण : संवाददाता

खोरीबाड़ी : स्थानीय निवासियों ने पथश्री परियोजना के तहत सड़क कार्य को बाधित कर दिया, जिसके बाद अधिकारियों के आश्वासन पर सड़क का काम फिर शुरू हुआ। एसआरडीए परियोजना के तहत खोरीबाड़ी के प्रसादु जोत से गौरसिंह जोत तक तीन किलो मीटर सड़क पिच का काम शुरू हो गया है। इस दिन जब सड़क पिचिंग का काम शुरू किया गया तो काम ठीक से नहीं होने पर स्थानीय निवासियों ने काम रोक दिया। शिकायत है कि ठीक से काम नहीं हो रहा है। ठीक से काम करना चाहिए, सूचना मिलने पर ठेका एजेंसी और इंजीनियर तथा स्थानीय पंचायत सदस्य मौके पर पहुंचे। स्थानीय पंचायत सदस्य ने कहा कि अगर काम में कोई दिक्कत है तो एजेंसी ठीक से काम करेगी, उन्होंने कहा कि पिच कोटिंग प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की तरह ही होगी, उन्होंने कहा कि आम लोगों की सुविधा के लिए यह काम लंबे समय के बाद किया जा रहा है। हालांकि, खोरीबाड़ी बीडीओ निरंजन बर्मन ने कहा कि पूरी घटना की शिकायत मिलने पर एजेंसी को सूचित किया जायेगा।

गोडारी में सांसद संवाद सह सम्मान समारोह हुआ आयोजित

महागठबंधन के तमाम कार्यकताओं ने सांसद महाबली सिंह का किया स्वागत

दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड क्षेत्र के गोडारी में सांसद संवाद सह सम्मान समारोह आयोजित जिस कार्यक्रम की अध्यक्षता सोनवर्षा पंचायत के मुखिया सह जिला महासचिव राजद राजीव रंजन सिंह एवं संचालन जदयू नेता सह सांसद प्रतिनिधि भाई जितेंद्र ने किया। संवाद कार्यक्रम का उद्घाटन काराकाट लोकसभा सांसद महाबली सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। उसके उपरांत पार्टी कार्यकताओं ने सांसद को पुष्पमाला, गुलदस्ता व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात कार्यक्रम के दौरान सांसद ने कार्यक्रम में आये हुए पार्टी कार्यकताओं, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय पत्रकारों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद महाबली सिंह ने अपने सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हम अपने जनता जनार्दन के हक की लड़ाई के लिए सदैव तैयार रहता हूं। सांसद ने कहा कि काराकाट लोकसभा क्षेत्र की जनता जनार्दन ने हमें अपना प्रतिनिधि चुनकर जो संसद में भेजा है। भला मैं अपने लोकसभा क्षेत्र की जनता को कैसे भूल सकता। उन्होंने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार की सरकार ने जो काम किया है। उनके द्वारा किए हुए कार्य को पूरे बिहार वासियों ने देखा है। उन्होंने कहा कि

मैं अपनी जनता की आवाजों को हमेशा सदन में जोरदार तरीके से आवाज उठाया, साथ ही सभी समस्याओं का निराकरण भी कराया है । वही सांसद श्री सिंह ने कहा कि 2009 से 2014 और 2019 से 2023 तक काराकाट क्षेत्र के सारे समस्याओं को हमने सदन में जोरदार तरीके से उठाया , वही पूर्व सांसद उपेन्द्र कुशवहा पर निशाना साधते हुए कहा कि, लेकिन 2014 से 2019 तक काराकाट क्षेत्र के एक भी शब्द सदन में क्षेत्र की समस्याओं की चर्चा नही हुई । उन्होंने कहा कि हमने अपने क्षेत्र में सभी जगह सोलर लाइट , स्ट्रीट लाइट , हाई मास्ट लाइट , आरओ प्लांट सहित अन्य विकास के कार्यों को ईमानदारी के साथ कराया है । मौके पर सूर्यवंश सिंह , काराकाट पंचायत के पूर्व मुखिया बिनोद कुमार सिंह , धनहरा मुखिया प्रतिनिधि विंध्याचल ठाकुर , काराकाट प्रखंड राजद युवाध्यक्ष विकाश यादव, औरंगाबाद सांसद प्रतिनिधि राजा बाबू , काराकाट नगर पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना भारती , संतोष कुमार तिवारी , जसीम कुरैशी उर्फ जसीम बाबा , मोईनुद्दीन खान , मोहम्मद अयूब खान सहित सभी कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि लोग उपस्थित थे।

बाइक से गांव आ रहे दो किशोर अनियंत्रित होकर नहर में पलटे

एक की मौत तो दूसरा गंभीर रूप से घायल

दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार की देर शाम थाना क्षेत्र अंतर्गत वैशपूरा गांव के समीप गारा चौबे मुख्य नहर लाइन सड़क पर में कुत्ता में टक्कर होने से फिसल कर गहरे पानी में गिरने से बाइक सवार एक किशोर की डूबने से मौत हो गई जबकि दूसरा बुरी तरह घायल हो गया । जिसे इलाज हेतू सदर अस्पताल सासाराम में भर्ती किया गया है । घटना के संबंध में बताया जाता है कि बकसड़ा निवासी राजेंद्र साह का 15 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार और उसी गांव के मुख्तार अंसारी का 14 वर्षीय पुत्र रुस्तम अंसारी बाइक द्वारा कुदरा से गांव लौट रहे थे । इस बीच वैशपूरा गांव के समीप गारा चौबे नहर पथ पर अचानक एक कुत्ता बाइक से टकरा गया, जिसको बचाने के दौरान वे अनियंत्रित हो गए और फिसल कर नहर के गहरे पानी में जा गिरे । गांव के समीप होने की

वजह से टहलने निकले युवकों ने इस हादसे को देखा और युवक दोनों किशोर को बचाने के लिए वह पानी में कूद पड़े काफी प्रयास के बाद रुस्तम अंसारी को पानी से बाहर निकल गया लेकिन 14 वर्षीय रोहित कुमार का कहीं अता-पता नहीं चला। जिसके उपरांत रतनपुरा गांव के समीप स्थित नहर फाल बंद कराया गया ताकि शव को बरामद किया जा सके । देर रात तक ग्रामीणों ने शव की तलाश जारी रखा लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली । मंगलवार के अहले सुबह रतनपुरा नहर फाल से उसका शव बरामद किया गया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर सदर सासाराम भेज दिया । घटना के बाद गांव में मातम पसरा है।

जिलाधिकारी ने जिला उद्योग महाप्रबंधक के साथ की बैठक, योजनाओं का लिया जायजा

दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार व्यूरो रोहतास

जिलाधिकारी द्वारा जिला उद्योग केन्द्र, रोहतास के उद्योग महाप्रबंधक से उद्योग विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उक्त के क्रम में सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी द्वारा पी०एम०एफ०एम०ई० योजना के बारे मे पृच्छा की महाप्रबंधक द्वारा बताया गया कि पी० ए०एफ०एम०ई० योजना के अन्तर्गत लक्ष्य 307 है जिसके विरूद्ध अवतक 215 ऋण स्वीकृत कराया जा चुका है। पी०एम०ई०जी०पी० योजना के अन्तर्गत लक्ष्य 457 के विरूद्ध 310 ऋण की स्वीकृति कराई जा चुकी है। जिला पदाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री उद्यमी योजना का स्टेटस के बारे में जानकारी ली गई तथा उद्योग महाप्रबंधक को निर्देश दिया गया कि इस योजना अन्तर्गत कार्यरत सभी इकाईयों का सर्टिफिकेशन कराना सुनिश्चित करें। सर्टिफिकेशन हेतु सभी उद्योग विस्तार पदाधिकारी को अपने-अपने क्षेत्रों में प्रतिदिन जाकर सर्टिफिकेशन कराने का निदेश दिया एवं महाप्रबंधक को ग्रुप बनाते हुए तीनों उद्योग विस्तार पदाधिकारियों को ग्रुप में जोड़ने तथा प्रतिदिन उद्योग विस्तार पदाधिकारियों को जीपीएस लोकेशन युक्त फोटो ईकाई के मालिक एवं मशीन के साथ ग्रुप में मँगाने का निदेश दिया।

जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग के सभी संभागो के साथ की बैठक कर दिये कई निर्देश

दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार व्यूरो रोहतास

जिला पदाधिकारी द्वारा मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में शिक्षा विभाग के सभी संभागों यथा- मध्याहन भोजन एस०एस०ए० (समग्र विकास) स्थापना, माध्यमिक शिक्षा एवं साक्षरता तथा डीबीटी बिन्दुवार समीक्षा बैठक की गई। डीबीटी के अन्तर्गत दिनांक 17 अगस्त को प्राप्त विभागीय पत्र के आलोक मे विद्यालय में नामांकित बच्चो को 75% की उपस्थिति के आधार पर छात्रावृति, पोषाक, नैपकीन, साईकल आदि की राशि दी जा रही है। डीपीओ योजना एवं लेखा को निदेश दिया गया है कि दिनांक 10 अक्टूबर तक सभी बच्चों के खाते में राशि हस्तानांतरण का कार्य पूर्ण कर लिया जाय। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा निदेशित किया गया कि यदि किसी बच्चे का खाता नहीं है या फ्रिंज है या आधार लिंक नही है तो एलडीएम से कोर्डिनेट कर समास्या का समाधान जिला शिक्षा पदाधिकारी तुरंत करेंगे। विभाग के मेधा सॉफ्ट पोर्टल पर बच्चों की विवरणी खाता, नाम, कक्षा आदि की प्रविष्टि जल्द से जल्द कराने का निदेश दिया गया। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा निदेशित किया गया कि किसी भी विद्यालय में किसी परिस्थिति में मध्याहन भोजन योजना बंद नहीं होना चाहिए। नौहट्टा प्रखंड के दो विद्यालयों ने पानी की समस्या के कारण अलटरनेट डे पर पी०एच०ई०डी० द्वारा पानी टैंकर उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया तथा 14 ऐसे विद्यालय जिनकी सूची जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा पी०एच०ई०डी० को उपलब्ध कराई गई है, तीन दिन के अन्दर हैण्डपम्प मरम्मति का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। यदि किसी विद्यालय में चावल समाप्त हो रहा है तो नियमानुसार समवर्ती विद्यालय से चावल लेकर संबंधित विद्यालय को उपलब्ध कराया जायेगा एवं मध्याह्न भोजन बनना बंद नहीं होगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कक्षा 1 से 12 तक के 5 लाख छात्रों का नामांकन कर लिया गया है। विभागीय निदेश के आलोक मे सभी छात्रों का नामांकन सुनिश्चित किया जाना है इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि विद्यालय के पोषण क्षेत्र अन्तर्गत प्रत्येक दिन 4 बजे से 5 बजे तक अध्यापक विजिट करेंगे तथा फिल्ड डायरी तैयार करेंगे। जिसमे प्रत्येक घर में उपलब्ध बच्चो की संख्या, उनका नामांकन हुआ है या नही तथा घर के मुखिया का मोबाईल नं0 नोट करेंगे व छुटे हुये सभी बच्च्चे का 15 दिनों के अन्दर नामांकन सुनिश्चित करायेंगे। जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि यदि किसी कारण से बच्चो को बेंच डेस्क उपलब्ध नहीं है तो उनके बैठने के लिए दरी की व्यवस्था अवश्य

होनी चाहिए। कोई बच्चा जमीन पर नहीं बैठेगा। प्रत्येक कक्षा में समय-सारणी लगी होनी चाहिए, शिक्षक लेशन प्लान तैयार करेंगे। बच्चो से प्रश्न-उत्तर जरूर करवायेंगे तथा बेहतर शिक्षण के लिए सभी शिक्षक स्वयं तैयारी कर के आयेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी विद्यालयों का रंग-रोगन करा लिया गया है। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा प्रतिनियुक्त शिक्षको के संबंध मे जानकारी प्राप्त की गई तथा प्रतिनियुक्ति के पश्चात मूल विद्यालय तथा प्रतिनियुक्त वाले विद्यालय में शिक्षको की संख्या संबंधी जानकारी भी मांगी गई। साथ ही, निदेशित किया गया कि सभी गेस्ट शिक्षक एवं रेगुलर शिक्षक का नियमित भुगतान करें तथा जिनका ए०सी०पी० / एम०सी०पी० की देयता लंबित है, दिनांक 20 अक्टूबर तक देना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त उपार्जित अवकाश हेतु प्राप्त आवेदनों का निष्पादन तुरंत सुनिश्चित करें। मातृत्व लाभ के संबंध में लिये गये अवकाश में किसी कर्मी की वेतन नहीं रूकेगा। यदि ऐसे आवेदन लंबित है तो उनका निष्पादन शीघ्र करें। माध्यमिक साक्षरता मिशन अन्तर्गत 936 टोला सेवक कार्यरत है तथा 56 नये टोला सेवको की बहाली की गई है। टोला सेवक का मुख्य उद्देश्य निरक्षर बच्चो को विद्यालय लाना, उन्हे कोचिंग देना तथा व्यस्क महिलाओं का साक्षर बनाना है। अक्षर अंचल योजनान्तर्गत संचालित 936 सेंटरों के मॉनिटरींग पर जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा जोर दिया गया है। उनके द्वारा बताया गया कि सेंटरों का डाटा बेस दिनांक 15 अक्टूबर तक तैयार कर ले तथा सप्ताह में एक दिन सेंटर की महिलाओं से बात करे। वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त करें। जिलाधिकारी के द्वारा यह भी पूछा गया कि पिछले वित्तीय वर्ष में डीबीटी के माध्यम से कितने छात्र- छात्राओं को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया।और कितनी राशि इस पर व्यय की गई है। जिला पदाधिकारी द्वारा इस संबंध में डेटा उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि जो शिक्षक विद्यालय में अच्छे ढंग से पठन-पाठन नहीं कर पाते हैं और उनकी उम्र 50 साल से ऊपर है तो उन्हें चिन्हित करते हुए उनकी स्वेच्छिक सेवानिवृति का प्रस्ताव दें। इसके बाद जिलाधिकारी के द्वारा मुख्य रूप से विद्यालयों में स्वच्छता पर जोर दिया गया। यह बताया गया कि निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में किसी तरह की गंदगी नहीं दिखनी चाहिए। भवन पर पेड़ पौधे इत्यादि नहीं लगे हो रंग रोगन साफ सफाई हो और शौचालय के साफ सफाई नियमित रूप से हो। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रारंभिक विद्यालयों में शौचालय की सफाई के लिए कोई भी राशि उपलब्ध नहीं है तो अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग के द्वारा प्रारंभिक विद्यालयों में शौचालय की साफ सफाई के लिए मनरेगा योजना एवं खनिज विभाग से सहयोग हेतु निदेशित किया गया है।

शराब तस्करी मे संलिप्त एक अन्य समेत कोचस वार्ड पार्षद गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास

आज भी शराब के धंधे मे एक से बढ़ कर एक सफेद नकाबपोश संलिप्त है जो की अपने आप को दिन के उजियारे में समाजसेवी कहलाते हैं वही रात के अंधेरे में बड़े-बड़े शराब की खेप को तस्करी के लिए क्षेत्र मे भेज रहे है। वही रोहतास जिले के कोचस नगर पंचायत वार्ड नंबर 14 के वर्तमान वार्ड पार्षद समेत दो को राजपुर की पुलिस ने कोचस व राजपुर कि सीमावर्ती क्षेत्र से गिरफ्तार कर ली है। दोनों गिरफ्तार व्यक्ति कोचस नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 के रहने वाले वार्ड पार्षद अंशु चौधरी व भोला सेठ बताए गए है। राजपुर थाना अध्यक्ष संतोष कुमार से बात चीत के दौरान उन्होंने बताया कि अंशु चौधरी व भोला सेठ को चार कार्टून शराब के साथ खीरी गांव से गिरफ्तार किया गया है। जबकि रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए दो लोग भागने में

कामयाब रहे। उन्होंने बताया कि दो बाइक एक पल्सर व अपाची पर शराब लाद कर तस्करी के लिए कोचस ले जाया जा रहा था। जब हमने दोनो को अपने हिरासत मे ले तहकीकात की तो पता चला कि अंशु चौधरी कोचस नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 का वर्तमान पार्षद है। सूत्रों की माने तो ऐसे ही मामले में इसके छोटे भाई को छः माह पूर्व मे कोचस पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वही सरकार के द्वारा जनप्रतिनिधियों को शराबबंदी के अनुपालन करने के लिए दिलाई जलने वाली शपथ पर भी सवालिया उठने लगी है। साथ ही वार्ड पार्षद की गिरफ्तारी के बाद कोचस नगर पंचायत के चौक चौराहों पर चर्चा का विषय बना हुआ है।

सड़क दूर्घटना में तीन जख्मी,एक बच्चे की मौत

दैनिक समाज जागरण साहिल राज दावथ रोहतास

रोहतास जिले दावथ प्रखंड के मलियाबाग चौक से पश्चिम चतरा व डोमाडिहरी गांव के बीच, तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने ट्रैक्टर को पिछे से जोरदार टक्कर मार दिया। कार में सवार एक छः वर्षिय बच्चे की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी,जबकि तीन लोग गम्भीर रुप से जख्मी हो गये हैं.प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सोमवार को चतरा डोमाडिहरी के बींच, एनएच 30 पर शाम करीब सात बजे आरा की तरफ से आ रही एक कार ने ट्रैक्टर में पिछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे कार में सवार एक करीब छः वर्ष के बच्चे की मौत हो गयी। जबकि कार

में सवार तीन लोग गम्भीर रुप से जख्मी हो गये। ग्रामीणों के सहयोग से मलियाबाग एक निजी क्लिनिक में प्राथमिक उपचार के बाद बिक्रमगंज रेफर कर दिया गया। बिक्रमगंज से भी जख्मियों को वाराणसी रेफर किया जा चुका है। पुलिस ने ट्रैक्टर व अल्ट्रोज कार जिसका निबंधन संख्या- युपी 65 ई 0 3231 थाने में ले आयी है। परंतु पुलिस जख्मियों का नाम पता नहीं बता पा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार में दो ट्राली वैग रखा है,जिसमें आभुषण व पैसे होने की संभावना है।

बिक्रमगंज केविके में प्रशिक्षण का आयोजन

दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास

कृषि विज्ञान केंद्र, बिक्रमगंज में सात दिवसीय समेकित कृषि पालन विषय पर प्रशिक्षण की शुरूआत की गई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम नाबार्ड रोहतास के द्वारा प्रायोजित है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से वरीय वैज्ञानिक डॉ शोभा रानी, केविके एवं जिला प्रबंधक, नाबार्ड, श्री सुनील कुमार के द्वारा किया गया। रोहतास जिले के 50 कृषक उत्पादक संघ सदस्य एवं मत्स्य पालक इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। अपने संबोधन के दौरान जिला प्रबंधक, नाबार्ड ने कहा की जिले में समेकित कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नाबार्ड किसानों को सहयोग करेगी उसी कड़ी में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जो कृषक मत्स्य आधारित समेकित कृषि पालन करना चाहेंगे, उन्हें नाबार्ड रोहतास के द्वारा सहयोग दिया जा सकता है। उन्हीं किसानों को इस प्रशिक्षण में चुना गया है, जो पहले से मत्स्य पालन कर रहे हो और बैंक के डिफाल्टर ना हो। नाबार्ड रोहतास जिले में फसल अवशेष प्रबंधन एवं अन्य ऋण संबंधी बैंकिंग सुविधाओं हेतु कार्य कर रही है। उपभोक्ताओं एवं किसानों को इसका लाभ लेना चाहिए। डॉ शोभा रानी ने किसानों को बताया कि एक एकड़ के समेकित कृषि पालन इकाई से वर्ष भर विभिन्न कृषि उत्पाद

के साथ-साथ 2 से 3 लख रुपए की शुद्ध आमदनी प्राप्त की जा सकती है। रोहतास जिला में समेकित कृषि पालन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। वर्तमान में कई किसान सिर्फ मछली पालन में लगे हुए हैं जबकि मछली पालन के साथ-साथ मुर्गी पालन, बत्तख पालन, मवेशी पालन, उद्यानिकी फसलों की खेती बहुत आसानी से की जा सकती है। इससे किसानों को अतिरिक्त आमदनी वर्ष भर प्राप्त होगी। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ वैज्ञानिक एवं किसानों को भी आमंत्रित किया गया है जो प्रशिक्षणार्थियों को विस्तृत रूप से प्रत्येक इकाई के बारे में जानकारी साझा करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को मॉडल समिति कृषि पालन इकाई का भ्रमण भी कराया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित आर जलज मत्स्य वैज्ञानिक ने मछली प्रजातियां की जानकारी किसानों को दी। डॉ रतन कुमार उदयन वैज्ञानिक ने तालाब के ऊपर लगने वाले छोटे फलदार पौधों की विस्तृत रूप से जानकारी दी मृदा वैज्ञानिक डॉक्टर रमाकांत सिंह ने उपस्थित कृषकों को मृदा के महत्व एवं मिट्टी जांच के बारे में बताया। कार्यक्रम में किसान विजय सिंह, सुनील सिंह, घनश्याम सिंह, संदन सुमन, पुरुषोत्तम सिंह, अविनाश कुमार, प्रेम प्रकाश इत्यादि उपस्थित थे।

अगामी पर्व पर सासाराम में अतिक्रमण को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार व्यूरो रोहतास

जिला पदाधिकारी नवीन कुमार द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में मंगलवार को सुगम परिवहन के संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम से विमर्श किया गया। बताया गया कि विभिन्न मोड़ो पर बालु के ढेर लगे है, लोग सड़क पर वाहन खड़े कर देते है तथा कुछ मैकेनिक सड़क पर ही गाड़ियों की मरम्मति कर रहे है, उसके अतिरिक्त सड़क पर कूड़ा-करकट हाउस डिस्मेंटल मैटेरियल भी सड़क पर दिखाई पड़ता है जिसके साफ-सफाई की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त नगर निगम विभाग को सड़क पर लगी हुई लाईटो को टीक करने का निर्देश दिया गया। जिससे रात्रि में यात्रियों को आने -जाने में कठिनाई न हो। साथ ही सभी चौक-चौराहो पर लगे हुये सी०सी०टी०वी० कैमरो की वर्किंग स्टैटस की जाँच करा लें। उनके द्वारा बताया गया कि विजयादशमी के पश्चात विशेष अभियान चलाकर कर सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराया जायेगा।

पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के एक आरोपी को किया गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि संझौली रोहतास

रोहतास जिले के संझौली थाने की पुलिस ने मंगलवार को पॉक्सो एक्ट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसकी पुष्टि करते हुए थाने के एसआई पंकज पासवान ने बताया कि गुप्त सूचना पर पॉक्सो एक्ट के आरोपित थाना क्षेत्र के सियरूआ ग्राम निवासी चिंटू चौधरी पिता सिपाही चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपीत को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

विद्यालय के मुख्य द्वार पर जलजमाव से परेशानी

दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि संझौली रोहतास

रोहतास जिला अंर्तगत संझौली प्रखंड क्षेत्र में सोमवार की रात जमकर हुई बारिश से स्थानीय गौरी शंकर मध्य विद्यालय के मुख्य गेट के सामने सड़क पर गंदा पानी जमा होने से बच्चे व शिक्षक परेशान हैं। स्कूल पहुंचने के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। स्कूल के आगे पानी की निकासी नहीं होने के कारण बारिश होने पर जलमग्न हो जाता है। सड़क के दोनों तरफ नाली नहीं बनने से स्कूल के आगे जलजमाव की स्थिति बनी रहती है। इतना ही नहीं सड़क के किनारे बने घर से भी पानी बहकर सड़क पर जमा हो जाता है। जिससे छात्र-छात्राएं व शिक्षकों को आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि बीमारियों से बचाने के लिए पहले से ही साफ-सफाई पर ध्यान दिया जा रहा है। लेकिन स्कूल के मुख्य गेट के आगे बारिश के पानी से ताल तलैया बनकर रह गया है। स्कूल के मुख्य गेट पर गंदगी और कीचड़ बच्चे को बीमार न कर दे। उसको लेकर अभिभावकों को इसकी चिंता सता रही है। वही स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि वारिस के दिनों में स्कूल के मुख्य द्वार पर हमेशा पाना इकट्ठा हो जाता है, जिससे छात्र छात्राए सहित ग्रामीणों को भी आने जाने में काफी परेसानी होती है। स्कूली बच्चों को आने जाने में कभी-कभी पैर भी फिसल जाता है। जिसके कारण बच्चों का कपड़ें गंदे हो जाता है। इतना ही नही इस समस्याओं को ले कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी को अवगत भी कराया गया है। लेकिन अबतक किसी अधिकारी व जनप्रतिनिधि के द्वारा पहल नहीं किया गया।

पीएनबी का ग्राहक सेवा केंद्र खुला

दैनिक समाज जागरण साहिल राज दावथ रोहतास

रोहतास जिले के दावथ स्थानीय बाजार स्थित मां आसावरी कम्प्लेक्स में पंजाब नेशनल बैंक की ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन मंगलवार को पंजाब नेशनल बैंक दावथ के शाखा प्रबंधक सुमन कुमार ने फीता काट कर किया। शाखा प्रबंधक ने केन्द्र के संचालक नितेश कुमार को बधाई देते हुए कहा कि पीएनबी ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीणों की सुविधा को ले ग्राहक सेवा केन्द्र खोलने का निर्णय ली है। उन्होंने कहा कि इस केन्द्र के माध्यम से

ग्राहक 50000 हजार रुपये तक की राशि किसी भी खाते में ट्रांसफर कर सकते हैं। तथा एक दिन में 50 हजार तक कि राशि निकाल सकते हैं। इस ग्राहक केन्द्र के द्वारा बीमा कार्य भी किया जा सकता है। अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री दुर्घटना बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ ग्राहक इस केन्द्र के माध्यम से ले सकते हैं। मौके पर ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक नितेश कुमार,उसरी ग्राम पंचायत के मुखिया संजय कुमार सिंह, चुनमुन कुमार ,अंकित कुमार, हरेंद्र सिंह फौजी उपस्थित थे।

नगर पंचायत के दिनारा रोड से चोरी गई बाइक को पुलिस ने की बरामद

दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास

रोहतास जिले के कोचस थाने की पुलिस ने एक सप्ताह पूर्व कोचस बाजार से चोरी कर उड़ाई गई बाइक को लावारिस हालत मे गस्त के दौरान दिनारा रोड से बरामद कर लीया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनारा थाना क्षेत्र के भुडवा गांव निवासी दिनेश प्रसाद अपने बजाज विक्रांत की बाइक बीआर 24 एक्स 8070 को कोचस चौक पर लगाकर अपने निजी काम से दुकान पर गए थे जहां घात लगाए चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दे बाइक चुरा नौ दो ग्यारह हो गए थे। घटना के बाद चोरी गई बाईक की जानकारी पीड़िता ने कोचस थाने को दी थी। वही इस संदर्भ में कोचस थाना अध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व गायब हुई बाइक को दिनारा रोड से कोचस पुलिस ने लावारिस हालत मे बरामद कर ली है तथा बरामदगी की जानकारी पीड़िता को दे दी गई है। वही बाइक मामले में अनुसंधान चल रहा है जहां चोरी घटना में संलिप चोरों पुलिस अभिलंब कार्रवाई कर जल्द गिरफ्तार करेगी।

मूसलाधार बारिश और तेज तूफान में कई पेड़ धराशाई

दैनिक समाज जागरण अमन गुप्ता रोहतास

रोहतास प्रखंड क्षेत्र में दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश और तेज तूफान में कई पेड़ धराशाई हो गए। बता दें की रोहतास हॉस्पिटल रोहतास नौहट्टा मुख्य मार्ग पर बड़े से पेड़ की टहनी गिर जाने से घंटो सड़क बाधित रही। गाड़ियों की लंबी कतार लग गई स्थानीय लोगों ने के सहयोग से पेड़ को काटकर रास्ते से हटाकर रास्ता बनाई गई। जिसके बाद गाड़ी गाड़ियों को पार कराया गया। पहाड़ी नदियों उफान पर हो गई है। जिससे कि आसपास घरों में

नदी के बाढ़ का पानी घुस गया है ।लोग बांस के चचरी बनाकर आने-जाने के लिए उपयोग में ला रहे हैं। वहीं प्रखण्ड क्षेत्र के कई पंचायत की बिजली सुबह से ही गुल है। कई जगह पर बिजली के तारों पर पेड़ की टहनी गिर जाने से बिजली सेवाएं भी बाधित है। ऐसे में बरसात के दिनों में लोगों को अंधेरों में रहना पड़ रहा है।

विद्युत विपत्र सुधार एवं नया कनेक्शन के लिए मानपुर में किया गया शिविर का आयोजन

दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास

विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल बिक्रमगंज द्वारा मानपुर के पंचायत सरकार भवन पर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में त्रुटिपूर्ण विद्युत विपत्र सुधार करने एवं नया विद्युत कनेक्शन के लिए ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त किया गया। जिसमें मुख्यतः गलत रीडिंग, एकमुश्त रीडिंग, गलत औसत, खराब मीटर एवं अन्य कारणों से संबंधित विद्युत विपत्र सुधार कराने के लिए उपभोक्ताओं से आवेदन प्राप्त किये गये। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार ने बताया कि कुछ उपभोक्ताओं का बिजली बिल ऑनस्पॉट सुधार कर दिया गया, जिनके विपत्र में ऑनस्पॉट सुधार संभव नहीं थे, उनका आवेदन पत्र ले लिया गया तथा सात कार्यदिवस में सुधार कर दिया जाएगा। प्राप्त शिकायतों के संबंध में यह प्रयास रहा कि कैम्प स्थल पर ही अधिक से अधिक विपत्र सुधार कर दिया जाय । ऊक्त कैम्प में बिजली बिल वसूली भी हुई, जिसमे बकाया बिजली बिलों का भुगतान भी प्राप्त किया गया । 17 आवेदन आये , जिसमें ऑनस्पॉट 7 आवेदन का मौके पर निष्पादन किया गया। कैम्प में चंदन कुमार आईटी मैनेजर, आदिल खान कार्यपालक सहायक, मानवबल उदय सिंह के अलावा अन्य विद्युत कर्मी मौजूद थे।

सात अक्टूबर को कोआथ में आयेगें भाकियु नेता राकेश टिकैत

दैनिक समाज जागरण साहिल राज दावथ रोहतास

सात अक्टूबर को कोआथ जगनारायण विद्यालय के खेल मैदान में भारतीय किसान युनियन के नेता राकेश टिकैत के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए किसान नेताओं ने विभिन्न गांवों का भ्रमण किया। गांव में किसानो से मिलकर कार्यक्रम में शामिल होने की अपील किया। किसान समिति के प्रवक्ता अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि पांच-पांच सदस्यों की टीम बनाकर गांव में जाकर किसानों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने का काम सौपा गया है। इस कार्य में तीन टीम को लगाया गया है.वहीं कार्यक्रम की तैयारी समिति द्वारा पम्फलेट,पोस्टर बैनर आदि लगाये जा रहे हैं। बभनौल पंचायत में रामजी राय के नेतृत्व में परवेज सिद्दिकी,बबन खां,अफताब आलम,सद्दाम हुसैन जनसम्पर्क कर लोगों को टिकैत की सभा में शामिल होकर सफल बनाने की अपील कर रहे हैं।

उसरी के मुखिया को स्वछता को लेकर डीएम ने किया सम्मानित

साहिल राज दावथ

रोहतास जिले के दावथ प्रखंड के उसरी पंचायत के मुखिया संजय कुमार सिंह को दो अक्टूबर को डीएम सभागार में स्वछता व साफ सफाई में उत्कृष्ट कार्य हेतु रोहतास के नवनियुक्त डीएम नवीन कुमार ने प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। वहीं जिला जल स्वछता समिति ने भी इनको बेहतर कार्य के लिए मेडल देकर सम्मानित किया। मुखिया ने सम्मान मिलने पर पंचायत के सभी जनता, सफाई कर्मियों को बधाई दिया है। वहीं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन सभी को समर्पित है, जो सफाई से होने वाले फायदा और गंदगी से होने वाले नुकसान को समझा है। तभी उसरी पंचायत को जिला स्तर पर पहचान मिला। मुख्य रूप से सरकार द्वारा चलाये जा रहे "स्वछता ही सेवा" पखवाड़ा में सभी को समर्पित भाव से कार्य करना व साथ ही स्वछ भारत मिशन ग्रामीण लोहिया स्वछ विहार अभियान फेज दो, कार्यक्रम में पंचायत की सहभागिता का देन है। जिसके बदौलत ही यह पहचान पंचायत को मिला है। आगे और भी बेहतर कार्य इस क्षेत्र में करने का प्रयास किया जाएगा। मुखिया को यह सम्मान मिलने पर डॉ अजय सिंह, रामप्रवेश सिंह, जितेंद्र सिंह, आशपूजन कुमार, विकास कुमार सहित पंचायतवासी,कर्मी प्रखंड के अधिकारी व कर्मियों ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दिया है।

प्रदर्शन के दौरान सेविका सहायिकाओं ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

दैनिक समाज जागरण सतीश कुमार पीरो भोजपुर।

बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन(एटक से सम्बद्ध) के आह्वान पर गत 29 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटी सेविका-सहायिकाओं ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को यहां रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। यूनियन की भोजपुर जिले के पीरो प्रखंड इकाई की अध्यक्ष कौशर बानो, सचिव पुष्पा देवी, पिंकी गुप्ता, जनक नंदिनी, शम्मा परवीन, नीलम देवी, इंदु देवी, नीलम देवी, ममता कुमारी, अंजली कुमारी, नेहा कुमारी, पूजा कुमारी, उर्मिला देवी समेत कई अन्य आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं ने राज्य सरकार पर वादा खिलाफी करने और सेविका-सहायिकाओं की उपेक्षा किये जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि वे अपने हक और अधिकार के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। सेविका-सहायिकाओं ने सरकार और विभाग के रवैये पर आक्रोश जताते हुए कहा कि सरकार और विभाग उनसे आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन कराने

साथ साथ सरकार की दर्जनों योजनाओं को मूर्त रूप देने में उनका योगदान तो लेते हैं। लेकिन जब सेविका-सहायिकाओं के हक और अधिकार की बात आती है तो उनके साथ उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाया जाता है। सरकार के इस रवैये के खिलाफ सेविका-सहायिकाओं को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होना पड़ा है । इधर मौके पर पहुंचे विधायक सुदामा प्रसाद ने सेविका-सहायिकाओं के हड़ताल का समर्थन करते हुए कहा कि वे विधानसभा सत्र के दौरान उनकी मांगों को प्रमुखता से उठाएगें । सेविका-सहायिकाओं के हडताल पर डटे रहने के कारण आंगनबाड़ी केंद्रों में ताले लटक रहे हैं और कुपोषित बच्चों व महिलाओं को सरकार प्रायोजित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

अब प्रखंड के सभी कार्यालयों में अधिकारी व कर्मी बायोमेट्रिक से लगाएंगे हाजिरी

दैनिक समाज जागरण: नीरज त्रिपाठी तरारी भोजपुर

भोजपुर जिले के तरारी प्रखंड में शिक्षा विभाग की तरह अन्य विभागों में पदाधिकारियों एवं अन्य सरकारी कर्मियों की उपस्थिति को लेकर सरकार का तेवर तेज होने लगा है। सरकार के निदेर्शानुसार भोजपुर डीएम ने सभी विभागों के कार्यालयों के सुचारू रूप संचालन पदाधिकारी एवं कर्मियों की ससमय कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु बायोमेट्रिक सिस्टम के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है। जिसमें आरंभ में 10 से 10:30 बजे तथा कार्यालय समाप्ति के 5 बजे शाम के उपरांत दोनों समय उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य कर दिया गया है। जिसे लेकर अधिकारियों एवं उनके अधीनस्थ कर्मियों को बायोमेट्रिक सिस्टम से उपस्थिति बनाने को हिदायत दिया गया है। क्षेत्र भ्रमण की स्थिति में पदाधिकारी या कर्मी कार्यालय में संधारित पंजी में पूर्ण विवरणी अंकित करेंगे। प्रखण्ड स्तरीय कार्यालय में बायोमैट्रिक मशीन अधिष्ठापन के निमित्त राशि की अनुपलब्धता की स्थिति में संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर प्रखण्ड कार्यालय में अधिष्ठापित बायोमैट्रिक मशीन में अपनी तथा अपने अधीनस्थ पदाधिकारी / कर्मियों की उपस्थिति दर्ज करवाने की व्यवस्था करेंगे । संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी इसमें अपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगें। अतिरिक्त प्रभार वाले प्रखण्ड, अंचल , पंचायत में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी प्रत्येक सप्ताह में कम से कम दो कार्य दिवस पर प्रभारी कार्यालय में अपनी सुनिश्चित करायेंगे। नियंत्रक, अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारी उपस्थिति संबंधित। जिला अतिरिक्त प्रभार वाले पदाधिकारी का रोस्टर निर्धारित करेंगे। प्रखण्ड स्तरीय क्षेत्रीय कर्मियों यथा , पंचायत आवास सहायक , सचिव तकनीकी पंचायत महिला रोजगार पर्यवेक्षिका , मित्र , कार्यपालक सहायक आदि की सहायक , सेवक , विकास सभी ससमय उपस्थिति हेतु नियंत्रक पदाधिकारी दैनिक लाइव लोकेशन में कार्यालय खुलने एवं समाप्ति तक का साप्ताहिक रूप से विवरणी संकलित कर नाम एवं पदनाम सहित संधारित करेंगें।

रोटी बैंक के पांच साल पूरे होने पर लोगों ने की सराहना

जयनगर नित्यानंद झा राजू 03 अक्टूबर

जयनगर में कार्यरत संस्था रोटी बैंक के पांच साल पूर्ण होने और छठे साल में प्रवेश पर रोटी बैंक जयनगर द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांधी जयंती के अवसर पर देर शाम आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीओ बिरेंद्र कुमार , एसएसबी के कमांडेंट गोविंद सिंह भंडारी, बीडीओ राजीव रंजन, कार्यपालक इंद्र कुमार मंडल, टीआई ने आर मालिक, आरपीएफ प्रभारी रमेशकुमार ने महात्मा गांधी जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि जयनगर युवा पीढ़ी के द्वारा सामाजिक कार्यों में रुचि लेकर निरंतर सेवा करना एक सार्थक सोच की पहल है यह अपने सभ्यता एवं संस्कार को दशार्ता है। वक्ताओं ने रोटी बैंक के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अन्नदाने सबसे बड़ा दान है। इस अवसर परे गणमान्य एवं समाजसेवी विमल मस्कारा, चंद्रवीर सिंह, दीपक खरगा, अरुण जैन,राजू सरदार, भोला महतो, रामप्रसाद राउत,

चेंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव अनिल बैरोलिया,मिथिलांचल चैंबर के शिव शंकर ठाकुर, राजेश गुप्ता, जाप नेता अवधेश यादव, भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष उद्धव कुंवर, राजकुमार साह, माले सचिव भूषण सिंह , व्यापारिक संगठन कैट कैट अध्यक्ष प्रीतम बैरोलिया, अरुण जी, जदयू युवा जिला अध्यक्ष हीरा माझी, संत जेवियर्स के प्रिंसिपल बैन स्टीफेन, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र महतो सहित अन्य लोगों ने रोटी बैंक के माध्यम से गरीब लाचारी जरूरतमंद लोगों को भोजन करा कहा की मिथिला की सभ्यता एवं संस्कार में अतिथि देवो भव अनुसार हमेशा सेवा एवं कला संस्कृत कार्यक्रम किया जाता है। माता सीता की जन्म भूमि पर शहर में कोई भूख ना सोए। उपस्थित लोगों ने रोटी बैंक के सदस्यों को शुभ

देव स्वास्थ्य केंद्र में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम संकल्प सप्ताह के तहत दिव्यंगता शिविर एवं स्वास्थ्य जांच का आयोजन किया गया।

दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार)

3अक्टूबर 2023:-

औरंगाबाद जिले के देव स्वास्थ्य केंद्र में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम संकल्प सप्ताह 3 अक्टूबर मंगल वार को दिव्यंगता शिविर एवं स्वास्थ्य जांच का आयोजन देव प्रखंड विकास पदाधिकारी कुंदन कुमार देव चिकित्सा प्रभारी डॉ,मो,शमीद के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर देव प्रखंड विकास पदाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि नीति आयोग भारत सरकार द्वारा संचालित आकांक्षी प्रखंड योजना में पूरे भारत के 500 एवं बिहार के 61 और औरंगाबाद के चार प्रखंडो को नीति आयोग द्वारा आकांक्षी ब्लॉक योजना के तहत चैनित किया गया है जिस में औरंगाबाद के मदनपुर,देव,कुटुंबा एवं नबीनगर को चैनीत किया गया है।माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 30

सितंबर को शुभ आरंभ किया गया था की 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक संकल्प सप्ताह मनाए जाने का प्रावधान है जिसमें तिथिवार अलग-अलग विभागों द्वारा अपने लाभुकों को सेवा देने हेतु कैंप का आयोजन किया जाएगा इस को लेकर 3 अक्टूबर को स्वास्थ्य विभाग देव के द्वारा दिब्यांगता जांच सहः स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांगों को दिव्यंगता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही मरीजो का इलाज भी किया गया।इस मौके पर डॉ, विकास कुमार ऑर्थो (MS) डॉ, आशिक कुमार, डॉ, प्रदीप कुमार शर्मा, डॉ,नीलम कुमारी, डॉ, निशांत अजूम, डॉ,कोमल कुशिका, डॉ, विकास रंजन प्रभारी स्वस्थ प्रबंधक।

देव मे शौर्य जागरण रथ यात्रा का भव्य स्वागत।

दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 3 अक्टूबर 2023:-

औरंगाबाद जिले के देव में शौर्य जागरण रथ यात्रा का भव्य रूप से पाताल गंगा मठ और सौर तीर्थ स्थल देव में किया गया ' तत्पश्चात रथ के दिव्य आरती में समस्त देव वासी शामिल होकर जगत कल्याण के लिए मंगल आरती कियें ' उसके बाद श्रद्धांलुओं नें विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारीगण को अंगवस्त्र देकर सम्मानित कियें ' सनातनियों के नेतागण नें अपनें वक्तव्य में कहा की आज श्री राम मंदिर के लिए आहुतियाँ देनें वाले भक्तों का सपना साकार होनें जा रहा है, जिसके कारण सनातनियों दृढ़ निश्चा का डंका पुरे विश्व में बज रहा है ' ज्ञात हो की विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का दशरथ मांझी शौर्य जागरण यात्रा जो 28 सितंबर 2023 से 8 अक्टूबर 2023 तक चारों दिशाओं से पूरे बिहार में सनातन और युवाओं को जगा कर 8 अक्टूबर को पटना में भव्य कार्यक्रम विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का शौर्य जागरण यात्रा समापन पर उद्बोधन होगा। इसलिए बिहार में 28 सितंबर से 8 अक्टूबर तक रेल पुलिस, सभी बी-सैप व तीनों प्रशिक्षण केंद्रों सहित सभी जिलों में पुलिसकर्मियों की तमाम छुट्टियां रद्द कर दी गयी है । पुलिसकर्मियों की छुट्टियां बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद द्वारा सभी जिलों में शौर्य जागरण यात्रा निकालने की तैयारी को देखते हुए रोकी गयी है। इस आदेश पर बिहार के पुलिस महानिर्देशक की सहमति पूर्व में ही ले ली गई थी उपरोक्त शौर्य जागरण रथ यात्रा में रामायण शास्त्री प्रांत सत्संग प्रमुख, विकास कुमार राम सुरक्षा प्रमुख बजरंग दल दशरथ मांझी शौर्य यात्रा प्रमुख, रविंद्र राय प्रांत गौ रक्षा प्रमुख, रमाकांत सिंह जिला मंत्री अरुण नगर सह प्रांत मीडिया प्रचार प्रसार, नवीन पाठक मंत्री जिला सह मंत्री अरुण नगर, गोपी जी जिला मंत्री रोहतास, पंकज कुमार अंकोढ़ी गोला बजरंग दल संयोजक, सुमंत तिवारी काराकाट प्रखंड मंत्री, पाताल गंगा बम्होरी निवासी उपेंद्र यदुवंशी, दीपक गुप्ता, संतोष अग्रवाल, राजू कुमार, शिवम् कुमार, प्रिंस कुमार उपस्थित थे '

आरा में रोडरेज को लेकर हथियारबंद अपराधियों द्वारा अंधाधुन फायरिंग व पत्थर बाजी

दैनिक समाज जागरण विकास सिंह आरा भोजपुर

भोजपुर जिले के आरा शहर के टाउन थाना क्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ले में रोड रेज को लेकर हथियारबंद अपराधियों द्वारा अंधाधुन फायरिंग व जमकर पत्थर बाजी कर दी गई। जिसमे पत्थर बाजी के दौरान तीन गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना के सूचना मिलते ही टाउन थानाध्यक्ष संजीव कुमार अपने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए। वही पुलिस ने घटनास्थल से तीन खोखा भी बरामद किया है। हालांकि फायरिंग के दौरान किसी प्रकार की कोई हताहत नहीं हो पाई है। जबकि पत्थर बाजी के दौरान एक स्कॉर्पियो,एक थार एवं एक स्विफ्ट डिजायर कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। वही करीब एक दर्जन राउंड फायरिंग करने की बात सामने आ रही है। इधर अभिषेक कुमार ने बताया कि उनके रिश्तेदार आनंद नगर मोहल्ले में अपनी तीन गाड़ी के साथ आए थे। जिसमे एक स्कॉर्पियो,एक थार एवं एक स्विफ्ट डिजायर कार शामिल है। इसके बाद उन लोगों ने मोहल्ले में ही कार को साइड में खड़ा कर दिया। तभी वहां के कुछ लोकल गुंडे हैं जो अपना दबदबा दिखाते हैं। वे वहां आ धमके और कहा कि गाड़ी को साइड कर लो। जिसके बाद हम लोगों ने कहा कि ठीक है मैं गाड़ी साइड कर लूंगा। इसके बाद वे सभी चले गए। पांच मिनट बाद वो दुबारा वहां आए और जमकर तीनों गाड़ियों पर पत्थर बाजी की। पत्थर बाजी के कारण तीनों गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद हम लोग अपने घर के रेलिंग पर बैठकर चाय पी रहे थे। तभी उनके द्वारा दो फायरिंग कर दी गई। हालांकि अंधाधुन फायरिंग किसने की। यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। वह इस मामले में टाउन थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि दस राउंड फायरिंग की गई है और पुलिस में घटनास्थल से तीन खोखा भी बरामद किया है। पुलिस अपराधियों को चिन्हित कर उनकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है।

राजपा ने राजद सांसद प्रो मनोज झा का किया पुतला दहन

दैनिक समाज जागरण विकास सिंह आरा भोजपुर

राज्यसभा में ठाकुर का कुआं कविता पढ़कर राजपूत समाज पर निंदनीय टिप्पणी करने वाले राजद सांसद के विरोध में राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) के प्रदेश संगठन मंत्री मनमोहन सिंह और प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश सिंह के नेतृत्व में भोजपुर जिले के आरा के रमना मैदान स्थित कवी कैलाश के प्रतिमा के पास पुतला दहन किया गया।जिसकी अध्यक्षता भोजपुर जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने किया।जिलाध्यक्ष ने देश के राष्ट्रपति से ऐसी जातिवादी मानसिकता वाले सांसद को अविलंब संसद से बर्खास्त करने की मांग की। प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश सिंह ने मीडिया से कहा कि जिस राजपूत समाज ने

सदियों से इस देश की अखंडता और एकता के लिए कुबार्नी देते आई है। उसे आज चंद वोटो के खातिर जाति और धर्म के नाम पर बदनाम करने की घिनौनी राजनीतिक षड्यंत्र लालू प्रसाद यादव द्वारा किया जा रहा है। इसलिए राजद हो या कोई भी अन्य पार्टी हो क्षत्रिय को बदनाम कर चंद वोटो के खातिर घटिया राजनीति करना बंद करें। मौके पर बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, पुतुल सिंह, विष्णु सिंह, नरेंद्र सिंह, शिवम सिंह, रोहित सिंह, जिला प्रवक्ता राजू पांडे, प्रखंड अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह सहित सैकड़ो राष्ट्रवादी कार्यकर्ता शामिल रहें।

अंचल सहित कई कार्यालयों की कनेक्शन काटने का अल्टीमेटम

दैनिक समाज जागरण: नीरज त्रिपाठी तरारी भोजपुर

भोजपुर जिले के तरारी प्रखंड के विधुत प्रशाखा तरारी के कनीय अभियंता एकांत कुमार आदित्य ने स्थानीय प्रखंड परिसर स्थित कई कार्यालयों की बिजली कनेक्शन काटने का चेतावनी दी है। जेई ने बताया कि बार बार वसूली करने जाने के बावजूद भी वर्षो से अंचल कार्यालय की करीब चार लाख राजस्व बकाया है। ई-किसान भवन की अठत्तर हजार रुपये,मवेशी अस्पताल की छियालीस हजार,मनरेगा कार्यालय की पैतीस हजार ,कस्तूरबा विधालय की तैतीस हजार और निर्वाचन कार्यालय में अठाईस हजार रुपए बकाया विधुत प्रपत्र राजस्व राशि नहीं जामा की जा रही है। बिजली कम्पनी की बडी राशि लम्हे समय से बकाया होने के कारण कनेक्शन काटने की बाध्यता बन गई है।

मुन्नी राम के निधन पर विधायक ने दी श्रद्धांजलि

दैनिक समाज जागरण वेद प्रकाश यादव ब्यूरो भोजपुर

भोजपुर जिले के अगियाँव प्रखंड के काराबसी पंचायत के काराबासी गांव निवासी भाकपा माले नेता मुनि राम के अचानक निधन हो गया। इस अवसर पर भाकपा माले पार्टी के विधायक मनोज मंजिल के नेतृत्व में मुन्नी राम के सम्मान में लाल झंडा समर्पित किया और भावभिनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए विधायक मनोज मंजिल ने कहा की कॉ. मुन्नी राम पार्टी के मजबूत स्तंभ थे। हमेशा नौजवानों का हौसला बढ़ाते थे। पार्टी के नेताओं से काफी आत्मीयता से मिलते थे। साथ ही उन्होंने ने कहा की जो गरीबों के संगठन का बगीचा लगा कर गए हैं उस बगीचा को उजड़ने नहीं दिया जाएगा। मौके पर दसई राम सहित पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता थे।

पालीगंज में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार पिता व पुत्र को रौंदा

पिता की मौत व पुत्र गम्भीर रूप से हुआ घायल

समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमण्डल

पालीगंज/ सिंगोड़ी थाना क्षेत्र के मिनाकुढा गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने पाली किंजर मुख्य सड़क पर मंगलवार को बाइक सवार पिता व पुत्र को रौंद दिया। इस हादसे में पिता की मौत घटनास्थल पर हो गयी वही पुत्र को गम्भीर स्थिति में इलाज के लिए पालीगंज अनुमण्डल अस्पताल से पटना पीएमसीएच भेजा गया है। जानकारी के अनुसार पालीगंज थाना क्षेत्र के खपुरा फाइव निवासी सुग्रीव विश्वकर्मा के 40 वर्षीय पुत्र सहदेव विश्वकर्मा अपने पुत्र 16 वर्षीय रौनक कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से सिंगोड़ी थाना क्षेत्र के मिनाकुढ़ा गांव में गया था। जहां से दोनों पिता व पुत्र बाइक पर सवार होकर लौट रहा था। अभी दोनों मिनाकुढा गांव के पास पाली किंजर मुख्य सड़क पर पहुंचा ही था कि उसी दौरान सड़क पर खड़ी 112 पुलिस गश्ती दल की वाहन को देख भाग रही एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर बाइक सवार पिता व पुत्र को रौंदते हुए भाग निकला। जिसे देख 112 पुलिस गश्ती दल ने अपनी वाहन से ट्रक का पीछा किया लेकिन ट्रक पकड़ में नही आया। वही इस हादसे

में पिता सहदेव विश्वकर्मा की मौत घटनास्थल पर हो गयी। जबकि पुत्र रौनक कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए पालीगंज अनुमण्डल अस्पताल लाया गया। जहां से घायल की गम्भीर स्थिति को देख डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद पटना पीएमसीएच भेज दिया। जहां पुत्र की भी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। वही घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने मुआवने की मांग को लेकर घटनास्थल पर पाली किंजर मुख्य सड़क को जाम कर दिया। वही घटना व सड़क जाम की सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचे पालीगंज बीडीओ संजीव कुमार ने मृतक के परिजनों को पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये का चेक सौंपा तथा सड़क जाम कर रहे ग्रामीणों को समझाकर सड़क से जाम हटवाया। वही पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया व कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए पालीगंज अनुमण्डल अस्पताल भेज दिया।

दो दिवसीय पुनपुन महोत्सव आयोजित करने का लिया गया निर्णय।

दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार

कला , संस्कृति एवं युवा विभाग विहार सरकार से महोत्सव आयोजन हेतु 25 लाख का आवंटन मुहैया कराने की मांग । उक्त निर्णय पुनपुन महोत्सव आयोजन समिति की हुई बैठक में लिया गया। बैठक सचिव राजेश अग्रवाल के निवास पर अध्यक्ष श्री राम जन्म सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक का संचालन सचिव राजेश अग्रवाल ने किया ।संरक्षक सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने बताया की पुनपुन महोत्सव विगत कई वर्षों से जन सहयोग से आयोजित होते आ है । महोत्सव की लोकप्रियता और निरंतरता को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा कला, संस्कृति और युवा विभाग को अनुशंसा कर इस महोत्सव को महोत्सव कैलेंडर में शामिल करने की अनुशंसा किया गया था । साथ ही स्थानीय विधायक राजेश राम ने भी विधानसभा में इसके लिए आवाज उठाई थी ।उक्त आलोक में कला संस्कृति युवा विभाग ने इस महोत्सव को अपने महोत्सव कैलेंडर में शामिल करने की घोषणा की है ।

इस बिषय पर विचार विमर्श कर सर्व सम्मति से पुर्व कि तरह इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा 27नवंबर से 28 नवंबर तक महोत्सव आयोजित करने की मांग जिला प्रशासन और कला, संस्कृति एवं युवा विभाग से की गयी। साथ ही महोत्सव आयोजन हेतु 25 लाख का आवंटन उपलब्ध कराने की मांग की गयी । अन्य प्रस्ताव के जरिए इस संबंध मे शीध्र ही एक प्रतिनिधिमंडल जिला पदाधिकारी और स्थानीय विधायक राजेश राम से मिलने का कार्यक्रम तय किया गया । बैठक मे सीता राम बैद्य, विश्व इस उच्चनाथ तिवारी ,कोषाध्यक्ष उमेश प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य चंदन कुमार , कमलेश कुमार सिंह , अशोक कुमार मेहता, दिलीप सिंह, अश्विनी कुमार सौरभ, रामकेश मेहता, आदि उपस्थित थे ।

सेविका सहायिका के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से आंगनबाड़ी केंद्र पर लटका ताला।

दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर

भोजपुर जिले के चरपोखरी प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय के समक्ष सेविका व सहायिकाओं का धरना प्रदर्शन लगातार पांचवें दिन जारी रहा।मौसम खराब होने के बावजूद भी सेविका और सहायिकाओं

के द्वारा अपनी 20 सूत्री मांगों को लेकर केंद्र सरकार व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन में डटी रही।धरना प्रदर्शन में चिंता कुमारी,अप्पू कुमारी,किरण कुमारी,मेघा कुमारी,संगीता कुमारी,मीना कुमारी,रीना कुमारी,धर्मशिला देवी,अनिता कुमारी,सुमित्रा देवी,पुतुल कुमारी,अमरावती देवी,उर्मिला देवी,शोभा देवी सहित अन्य सेविका व सहायिका शामिल थी।

राजमिस्त्री को प्रशिक्षण उपरांत प्रखंड विकास पदाधिकारी ने दिया प्रशस्ति पत्र

दैनिक समाज जागरण ओमजी तिवारी सहार भोजपुर ।

भोजपुर जिला अंतर्गत सहार प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी के द्वारा राजमिस्त्री को प्रशिक्षण के उपरांत प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया । सहार प्रखंड में कुल 25 लाभुको को प्रशस्ति पत्र

दे कर सम्मानित किया गया । प्रखंड के सभी पंचायतों से राज मिस्त्री को चयनित कर प्रशिक्षण दिया गया है।प्रशिक्षण के उपरांत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के द्वारा 120000 एकमुस्त राशि विभाग के द्वारा लाभुक को सीधे खाते में दिया जाना है । प्रखंड के सभी लाभुक राजमिस्त्री प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी को धन्यवाद दिया । मौके पे आवास सहायक उमेश कुमार सिंह,पर्यवेक्षक नितेश कुमार, राज मिस्त्री पर्यवेक्षक सुबोध कुमार सहित अन्य पधाधिकारी गण मौजूद रहें।

करंट की चपेट में आने से किशोर की हुई मौत,घर में मचा कोहराम

दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर

भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के सेमराँव गांव में करंट के चपेट में आने से एक 15 वर्षीय किशोर की मौके पर मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के सेमराँव गांव निवासी रामनारायण साह के पुत्र अभिमन्यु कुमार के रूप में हुई।घटना के सम्बंध में बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह मृत किशोर घर के समीप लगे विधुत पोल के करंट प्रवाहित तार के चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया।स्थानीय लोगों द्वारा जब किशोर को करंट की चपेट से निकाला गया तबतक किशोर की मौत हो चुकी थी। किशोर की अचानक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सूचना के बाद भी पुलिस मौके पर घँटों बाद पहुँची।जिसके बाद मंगलवार की शाम को किशोर के शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेजा गया।

भोजपुर में करेंट की चपेट में आने से मजदूर झूलसा

दैनिक समाज जागरण विकास सिंह आरा भोजपुर

भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धोबहा ओपी अंतर्गत देवढी गांव में मंगलवार की सुबह करेंट चपेट में आने से एक मजदूर गंभीर रूप से झुलस गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार झुलसा मजदूर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धोबहा ओपी अंतर्गत देवढी गांव निवासी जय राम का 35 वर्षीय पुत्र अमित कुमार है एवं वह पेशे से मजदूर है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह धोबहा बाजार सामान उतारने को लेकर सामान से लोड ट्रक को सड़क किनारे लगाया जा रहा था और वह उस समय उसी ट्रक पर चढ़ा हुआ था। ट्रक साइड करने के क्रम मे ऊपर से गुजर रहा विद्युत प्रवाहित ट्रक में स्पर्श कर रहा था। उसी तार को हटाने के क्रम में वह करेंट की चपेट मे आ गया और बुरी तरह झूलस गया। जिसके बाद उसे परिजन द्वारा इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल आया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया।

विषैले सांप के डसने से घर में सो रही छात्रा की मौत

दैनिक समाज जागरण विकास सिंह आरा भोजपुर

भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के सिन्हा ओपी अंतर्गत सिन्हा गांव में मंगलवार की सुबह विषैले सांप के डसने से घर में सो रही छात्रा की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत छात्रा बड़हरा क्षेत्र के सिन्हा ओपी अंतर्गत सिन्हा गांव वार्ड नंबर 10 निवासी हंसराज यादव की 11 वर्षीया पुत्री प्रीति कुमारी है एवं छठी कक्षा की छात्रा थी। इधर मृत छात्र के चाचा मनोज कुमार यादव ने बताया कि मंगलवार की सुबह वह घर में चारपाई पर अपने बहन के साथ सोई हुई थी। उसी दौरान विषैले सांप ने उसे डस लिया। जिससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गई। इसके बाद परिजन द्वारा उसे आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल आया गया। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। लेकिन परिजन अपनी संतुष्टि को लेकर उसे झाड़-फूंक कराने के लिए उत्तरप्रदेश के अमवा के सती माई ले गए। वहां भी मौजूद ओझा ने उसे देख मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन उसके शव वापस गांव ले आए। जिसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृत छात्रा अपने चार बहन में तीसरे स्थान पर थी। मृत छात्र के परिवार में मां चिंता देवी व तीन बहन संगीता कुमारी, गुड़िया कुमारी एवं सोनाक्षी कुमारी है। घटना के बाद मृत छात्रा के घर में हाहाकार मच गया है। वही इस घटना के बाद मृत छात्रा की मां चिन्ता देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

भाकपा माले के द्वारा श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा का किया गया आयोजन

दैनिक समाज जागरण ओमजी तिवारी सहार भोजपुर

भोजपुर जिले के सहार प्रखंड के मथुरापुर में भाकपा माले के द्वारा श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता एवं संचालन उपेंद्र भारती के द्वारा किया गया। जानकारी के लिए बता दे की भाकपा माले के द्वारा कामरेड स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के निधन पर श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा का आयोजन किया गया,जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय कमेटी के सदस्य संतोष सिंह अमर सिंह विधायक महानंद सिंह सुदामा प्रसाद मनोज मंजिल पूर्व लोकसभा प्रत्याशी राजू यादव सहित सैकड़ो की संख्या में उपस्थित होकर भाकपा मले कार्यकताओं के द्वारा कां स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

गोपालगंज- बिहार- मिरगंज में केक काटकर मनाया गया लियाफी का 59 वां स्थापना दिवस

दैनिक समाज जागरण
जिला ब्यूरो चीफ शैलेश तिवारी

गोपालगंज बिहार 02 अक्टूबर 2023 को भारतीय जीवन बीमा निगम के शाखा कार्यालय गोपालगंज के अभिकताओं ने मिरगंज में कन्हैया प्रसाद के मकान में लियाफी के 59 वां स्थापना दिवस को बहुत ही धूम धाम और वृहद रूप मनाया लियाफी के 59 वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर कन्हैया भवन, मिरगंज में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

लियाफी के कार्यक्रम का शुभारंम्भ मुख्य अतिथि मोतीलाल और अजय मढौरा शाखा के अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा दीप प्रज्वलित कर लियाफी गीत के द्वारा किया गया उसके बाद केक काट कर लियाफी का 59 वां स्थापना दिवस मनाया गया तथा सभा का अध्यक्षता विनोद कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया ।लियाफी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर पटना मंडल 2 के सचिव सह अध्यक्ष शाखा कार्यालय गोपालगंज

प्रमोद सिंह सचिव अजय कुमार तिवारी कोषाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह तथा मिरगंज शाखा के अध्यक्ष स्वामीनाथ सिंह एवं सचिव मनोज राय मौजूद थे तथा साथ में शाखा के वरिष्ठ अभिकर्ता बंधुओं के साथ जिले के तमाम अभिकर्ता बंधू उपस्थित थे। आपको बता दें कि लियाफी की स्थापना दिवस पर अभिकताओं के समस्त समस्याओं पर चर्चा हुई साथ साथ मैनेजमेंट द्वारा बोनस कम किये जाने तथा जीएसटी पर तथा पॉलिसी होल्डर के ऋण पर लगने वाले ब्याज पर भी चर्चा की गयी सभा के अन्त में लियाफी शाखा अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने समस्त अभिकताओं को धन्यवाद दिया।

बिहार मे जाति जनगणना, पूरे देश में हो, पूर्व विधायक प्रत्याशी पप्पू यादव

समाज जागरण

भागलपुर (बिहार) भागलपुर नाथ नगर के राजद युवा गद्दावर नेता श्री पप्पू यादव ने कहा कि बिहार में जाति जनगणना कर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी यादव जी ने पूरे देश में इतिहास रचने का काम किया गया । ऐसे बिहार के उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी यादव के काफी करीबी पप्पू है, और राजद सुप्रीमो श्री लालू प्रसाद यादव जी का भी आशीर्वाद इनको प्राप्त है ।गांधी जयंती के शुभ अवसर पर हम जाति जनगणना का जोरदार स्वागत करते हैं। हालांकि जातिजनगणना तो पूरे देश में होना चाहिए ताकि पता चल सके कि किसकी कितनी आबादी है और सरकार को भी उसी आधार पर जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी भागीदारी हो हाल में ही महिला आरक्षण का भी हमने स्वागत किया था लेकिन इस आरक्षण से देश की बड़ी आबादी लाभ वंचित होने कि संभावना दिख रहा है अगर जाति जनगणना कर इस आरक्षण को लागू किया जाए तो देश की सभी लोग इस

आरक्षण से लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आज हरेक जरूरतमंद, असहाय लोगो के जुबान पर गरीबों के मसीहा के नाम से भागलपुर का लाल पप्पू यादव का नाम जुबान पर है । वैसे दिलेरी के साथ किसी भी समस्या का मुकाबला करते हैं' चाहे सूखाड का समय हो या कोरोना काल ऐसे महामारी का दौर हो हर जगह जनता के बीच तन,मन,धन से सहयोग पहुंचाने का काम किये है ।आज बहुद सारा उदारहण है जो कि पप्पू यादव ऐसे लोगो का आशीर्वाद मिल रहा है ।चूंकि इनके हरेक नागरिक से मधुर संबंध और विकास के मुख्य धारा में जोड़ना इनका शुरू से ही काम रहा है। मौके पर महामंत्री देवाशीष बनर्जी संरक्षक भावेश यादव तथा अन्य मौजूद थे।

सामाजिक न्याय का तकाजा यही कहता है की भागीदारी का आधार आर्थिक सामाजिक स्थिति होनी चाहिए, लक्ष्मी सिन्हा।

समाज जागरण जिला के ब्यूरो प्रभात कुमार मिश्रा

बिहार (पटना)बिहार में जाति आधारित गणना के आंकड़े जारी होने के बाद समाजसेविका श्रीमती लक्ष्मी सिन्हा ने कहा कि बिहार सरकार की ओर से कराई गई जाति गणना के जो आंकड़े सार्वजनिक किए गए, लेकिन उन्हें यह भी बताना चाहिए कि विभिन्न जातियों की आर्थिक- सामाजिक स्थिति क्या है? जातिवार गणना यह तो बता रही है कि किस जाति का कितना प्रतिशत है। लेकिन अभी यह नहीं स्पष्ट किया गया कि किनकी आर्थिक स्थिति क्या है? क्या यह उचित नहीं होता कि जातियों का प्रतिशत बताने के साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति का विवरण भी सामने रखा जाता? कहीं इसे इसलिए तो नहीं बचाया गया कि देशभर में जाती गणना की जो मांग हो रही है, उसे बल दिया जा सके? सच जो भी हो, जातिवार गणना के आंकड़ों का उपयोग आरक्षण को राजनीतिक हथियार बनाने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। आरक्षण के जरिए सामाजिक न्याय के लक्ष्य को तभी हासिल किया जा सकता है,



जब पात्र व्यक्तियों यानी वंचित एवं पिछड़े लोगों को संबल दिया जाएगा। यह ध्यान रहे की बिहार में सामाजिक न्याय की पैरवी करने वाले दल बीते करीब तीन दशक से सत्ता में है, लेकिन यह राज्य आर्थिक रूप से बहुत पीछे है आखिर क्यों? श्रीमती सिन्हा में आगे कहा कि जनगणना के साथ जातियों की गणना करने की मांग करने वाले इस पर जोर दे रहे हैं की जिसकी जितनी हिस्सेदारी हो, उनकी उतनी भागीदारी भी हो। सुनने में यह अच्छा लगता है, लेकिन सामाजिक न्याय का तकाजा यही कहता है कि भागीदारी का आधार आर्थिक-सामाजिक स्थिति होनी चाहिए। सामाजिक न्याय के नाम पर समाज को जातीय रूप से विभाजित करने वाली वोट बैंक की राजनीतिक से बचा जाना चाहिए। निःसंदेह पिछड़ी कहीं जाने वाली कई जातियां ऐसी हैं, जिनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कमजोर है, लेकिन इस नतीजे पर भी पहुंचना सही नहीं की ऐसी जातियों के सभी लोग आर्थिक रूप से विपन्न है अथवा उनकी सामाजिक हैसियत वही है, जो दशकों पहले थी। राज्य सरकार को आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है, चाहे वह किसी भी जाति किसी भी धर्म क्यों ना हो।

सर्व समिति से मध्य प्रदेश की श्रीमती अलका सैनी को निर्वाचि अधिकारी घोषित किया गया।

समाज जागरण

बिहार अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा 54 वीं राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की 11 वीं बैठक में शामिल होने के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कुशवाहा राकेश महतों जी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री लोकमान कुशवाहा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री प्रवीण सिंह कुशवाहा अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा युवा, अध्यक्ष श्री प्रेम मौर्या , राष्ट्रीयों महासचिव श्री नन्द किशोर कुशवाहा, बिहार प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा सिंह कुशवाहा तथा राष्ट्रीय सचिव अजीत सिंह राजीव रंजन राष्ट्रीय संरक्षक समिति के अध्यक्ष श्री आर पी सिन्हा सहित कार्यकारिणी के सदस्य गण रायपुर छत्तीसगढ़ पहुँचे ।जहाँ राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश महतो ने कहा की इंदौर में दो जून को हुई बैठक में ही तय हो गया था की राष्ट्रीय समिति की बैठक रायपुर में होगी और चार फरवरी दो हजार चौबीस को नई समिति का चुनाव होगा जिसकी प्रक्रिया आज पूर्ण कर ली जाएगी आज की बैठक में सर्वसम्मति से मध्य प्रदेश की श्रीमती अल्का सैनी को निवार्ची अधिकारी घोषित किया गया अल्का सैनी ने इस मौके पर फोन द्वारा कार्यकारिणी को संबोधित भी किया और चुनावी कार्यक्रम की घोषणा भी कर दी बैठक में कोषाध्यक्ष लोकमान कुशवाहा ने कहा की जो सदस्य सदस्यता रशीद अबतक वापस जमा नहीं किए है सदस्यता सूची के साथ राशि सहित

अविलंब वापस कर दें अन्यथा उनपर कानूनी करवाई की जाएगी इससे पूर्व राष्ट्रीय समिति के अध्यक्ष राकेश महतो सहित सभी सदस्यों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र नायक ने किया बैठक की प्रथम पाली में कई प्रस्ताव रखे गये जिसपर सभी सदस्यों ने अपनी राय रखी एवं द्वितीय पाली में सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित कर खाली हुए उपाध्यक्ष पद पर राजेश्वर कुशवाहा एवं महामंत्री पद पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री विनय कुमार कुशवाहा की नियुक्ति की गई संरक्षक सदस्य समिति अध्यक्ष ने भी अपने विचार रखे तथा अनुशासन समिति के अध्यक्ष ने चार सदस्यों को अनुशासन हीनता के कारण पाँच वर्षों के लिए अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की सदस्यता से निकालने की घोषणा की धन्यवाद ज्ञापन भी छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्ना जी ने किया ।उक्त जानकारी रायपुर से वापस लौटने पर राष्टीय उपाअध्यक्ष प्रवीण सिंह कुशवाहा ने दी ।ऐसे सभी जनप्रतिनिधि व नेता से अलग इनका कोई भी कार्य करने का तरीका है। ये जनता के बीच निस्वार्थ भाव से अपनी सेवा कर पहुंचा रहे हैं।

पंडित हरि नारायण शुक्ला फाउंडेशन के अंतर्गत संचालित सुलतानगंज अवस्थित एलिमेंट्री स्कूल में, गांधी एवं शास्त्री जयंती मनाया गया

भाषण, वाद विवाद एवम निबंध प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण

पंडित हरि नारायण शुक्ला फाउंडेशन के अंतर्गत संचालित सुलतानगंज अवस्थित एलिमेंट्री स्कूल में, गांधी एवं शास्त्री जयंती के आलोक में आयोजित भाषण, वाद विवाद एवम निबंध प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण ज़िले के गणमान्य व्यक्तियों के कर-कमलों से बुधवार को हुआ. पारितोषिक वितरण समारोह में सुलतानगंज के विधायक प्रोफेसर ललित नारायण, गांधी विचार विभाग के विभागाध्यक्ष विजय कुमार सिंह, अजगैवीनाथ धाम के महंत महाराज प्रेमानंद गिरी, मुरारका कॉलेज के प्राचार्य श्री अमर कांत सिंह, मध्य विद्यालय तिलकपुर के पूर्व प्राचार्य बालगोविंद सिंह, सुलतानगंज थाना से नीरज कुमार उपस्थित थे. कार्यक्रम में 150 से अधिक बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र और मैडल देकर सम्मानित किया गया. प्रोफेसर ललित मण्डल ने विद्यालय प्रबंधन को साधुवाद देते हुए बताया कि विद्यालय में समय समय पर इस तरह के प्रतियोगिता से बच्चों का मनोबल बढ़ता है. उन्होंने कहा कि गांधी की प्रासंगिकता आज भी है और हमेशा रहेगी. मुरारका कॉलेज के प्राचार्य ने शास्त्री जी के ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल दी. महंत प्रेमानंद गिरी ने बच्चों पे महादेव की सदेव कृपा रहने की बात कही. वहीं गांधी विचार विभाग के विभागाध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने गांधी जी पर विस्तार व्याख्यान दिया. उन्होंने गांधी जी के ज़िंदगी के छुएँ- अनछुएँ

पहलुओं को बच्चों के समक्ष रखा और गांधी के विचारों का निचोड़, उदाहरण के साथ बच्चों और अभिभावकों को समझाया. सम्मानित अथितिओं का स्वागत विद्यालय से अविकल नारायण शुक्ल ने किया वहीं धन्यवाद ज्ञापन सचिव राजेश शुक्ला ने किया. कार्यक्रम में काफी बड़ी संख्या में शिक्षक- शिक्षिकाओं और अभिभावकों की मौजूदगी रही. प्रेस से जानकारी साझा करते हुए विद्यालय के ऐकडेमिक- को-ऑर्डिनेटर अविकल शुक्ला ने बताया कि विद्यालय में पिछले सप्ताह विभिन्न विषयों पर भाषण, निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसकी पूणार्हुति पारितोषिक वितरण के साथ मंगलवार को हुई. उन्होंने कहा कि सीनियर कक्ष-ाओं के लिए भाषण का विषय ह्यसमकालीन विश्व में महात्मा गांधी के विचारों की महत्त्वताह्न हैं वहीं वाद-विवाद का विषय ह्य सदन की राय में, क्या समकालीन विश्व में युद्ध परिहार्य है ?ह्न था. वहीं जूनियर कक्षाओं के लिए निबंध और भाषण का विषय ह्य महात्मा गांधी और स्वतंत्रता संग्रामह्न था. उन्होंने ने आगे कहा की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में गांधी के विचारों की प्रासंगिगता का और भी ज्यादा महत्व है, दुनिया का रुख गांधीवाद के तरफ हो चला है, और महात्मा गांधी चम्पारण सत्याग्रह के बाद से आज तक वैश्विक लीडर बने हुए है जिस-ाकी स्पष्ट रूप से झलक हमे जी 20 शिखर सम्मेलन में भी देखने को मिली. को-ऑर्डिनेटर ने बताया कि विद्यालय समय-समय पर ऐसे बोद्धिक-सामाजिक कार्यक्रम कराता रहता है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो.

कैलाशपति मिश्र की जन्म शताब्दी कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे जेपी नड्डा ,जयराम विप्लव

समाज जागरण

भागलपुर बिहार मंगलवार को शिला भवन में प्रेस को सम्बोधित किया।भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट सह प्रदेश प्रवक्ता जयराम विप्लव ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के संस्थापक सदस्य और बिहार भाजपा के 'भीष्म पितामह' स्वर्गीय कैलाशपति मिश्र जी की 100वीं जयंती को बिहार भाजपा जन्मशताब्दी वर्षगांठ के रूप में मनाएगी । इसके तहत लगातार एक महीने तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

पूरे प्रदेश में एक महीने तक चलने वाले इन सभी कार्यक्रमों की शुरूआत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा पटना बापू सभागार में स्व. मिश्र जी की जन्म जयंती के मौके पर पांच अक्टूबर को होगी जिसमें सभी शक्ति केंद्र प्रमुख, मंडल अध्यक्ष और कमेटी सदस्य तथा प्रदेश के अधिकारी हिस्सा लेंगे।

सभी जिलों में समारोह आयोजित कर जनसंघ और भाजपा के पुराने साथियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी जिसमें कैलाश जी का जीवन वृत्त दिखाया जायेगा। ।

स्वर्गीय कैलाशपति मिश्र देश की प्रथम पंक्ति और प्रथम पीढ़ी के नेता थे जिन्होंने पार्टी व संगठन के विस्तार

और विचारधारा की लड़ाई के लिए अपने आप को पूर्ण रूप से समर्पित कर दिया। पार्टी को शून्य से खड़ा करने और इसे राज्य में एक प्रमुख राजनीतिक ताकत में बदलने के लिए कैलाशपति जी को बिहार भाजपा का भीष्मपितामह कहा जाता है।आज भारतीय जनता पार्टी एक बटवृक्ष के रूप में इतनी बड़े स्वरूप तक पहुंची है और विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बनी है तो इसकी नींव में कैलाशपति मिश्र जी जैसे दधीचियों की त्याग और तपस्या ही है ।जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि स्वर्गीय कैलाशपति मिश्र न केवल एक समर्पित पार्टी कार्यकर्ता थे बल्कि एक कुशल संगठक, अच्छे प्रशासक और विचारक भी थे।

उन्होंने काफी कम समय में ही बिहार में कई महत्वपूर्ण काम करके दिखाए और विपरीत परिस्थितियों में भी सामाजिक समरसता के लिए काम करते रहे ।इस पत्रकार वार्ता में विजय कुशवाहा,चंदन ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी, प्रवक्ता विनोद सिन्हा, इंदुभूषण झा,कुमार श्रवण,युवा मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता आलोक सिंह बंटू उपस्थित हुए।

वाहन चेकिंग सिर्फ आम जनता के लिए अवैध कारोबार और बालू माफिया के लिए यह कानून क्यों नहीं

जिला संवादाता विवेक कुमार

भागलपुर बिहार तस्वीर तो आपने बहुत देखा होगा लेकिन आज जो तस्वीर हम आपको दिखाएंगे यह अनोखी तस्वीर है अपने वाहन चेकिंग का नाम इसी का जीता जागता तस्वीर आज हम आपको दिखाएंगे यह तस्वीर कहीं दूर की नहीं है यह तस्वीर झारखंड के गोड्डा जिला महागामा थाना की बाहर की यह तस्वीर है वाहन चेकिंग का किस तरह से उड़ रही है धज्जियां और माफिया ले रहे हैं मजे चलिए हम आपको पूरी कहानी बताते हैं सुना ही होगा आपने आये दिन सड़क दुर्घटना के बारे में कई खबर पढ़े होंगे जिसको लेकर जिला प्रशासन के द्वारा समय-समय पर वाहन चेकिंग का निर्देश भी निकाला जाता है ' गोड्डा जिला अंतर्गत सभी थानों में वाहन चेकिंग अभियान चलाई जाती है लेकिन गोड्डा जिला में एक ऐसा भी थाना है जहां वाहन चेकिंग के दौरान आमजनता और माफियाओं के लिए कानून अलग-अलग हो जाती हैं, पहले आप इन तस्वीरों को अच्छी तरह से देखिए, फिर हम आपको बताएंगे की खेल क्या है ।जी हां हम बात कर रहे हैं झारखंड के गोड्डा जिला स्थित महागामा थाना की जहां समय-समय पर प्रशासन के द्वारा वाहन चेकिंग की जाती है, लेकिन पता नहीं क्यों आम जनता और माफियाओं के लिए यहां नियम कानून अलग क्यू हो जाती है। चेकिंग के दौरान यहां उन्ही की गाड़ियां पकड़ी जाती है जो आम जानता हैं, जो रसूखदार नहीं है , गाड़ी उन्हीं की जब्त होती जो जिस आम जनता की ऊपर से नीचे तक कोई पहुँच नहीं होती। आप स्क्रीन पर चल रहे दो तस्वीर देख पा रहे होंगे। जिसमें एक तस्वीर में महागामा के थाना प्रभारी और पुलिस बल के द्वारा वाहन चेकिंग किया जा रहा है, इस तस्वीर को देखने के बाद यह सब कोई कहेगा की महागामा पुलिस

बहुत ही ईमानदारी से अपनी ड्यूटी निभा रही है। लेकिन जैसे ही आपकी नजर दूसरी तस्वीर पर पड़ेगी तो शायद आप हैरत में पड़ जाएंगे' वहीं दूसरी तस्वीर में कुछ ऐसे लोग हैं जो झारखंड में एनजीटी लगने के बाद भी खुलेआम मोटरसाइकिल से लेकर जुगाड़ गाड़ी पर बालू लोड कर तेज फरार्टेदार स्टाइल में महगामा थाना गेट के सामने से पार हो रही है ' उनके सिर पर ना तो हेलमेट होती है ना ही बालू की चालान। अब आप ही बताईए न साहब इन बालू माफियाओं का कौन सा नियम और कानून है। जो आम जनता के कानून से अलग है। किया पता कहीं इन माफियाओं का यमराज से सेटिंग तो नहीं, या तो पुलिस जानती होगी उनके साथ कोई दुर्घटना नही होगी ' अगर आप तस्वीरें को गौर से देखेंगे ,तो आपको तस्वीर में बिना हेलमेट के 2 पुलिस कर्मी भी नजर आएंगे। इनके साथ भी दुर्घटना नही होगी शायद इसलिए क्योंकि ये कानून के रखवाले है। अब सवाल यह उठता है की, क्या नियम ,कानून सिर्फ आम लोगो के लिए है ? क्या बालू माफियाओं, और रसूखदार लोगों के लिए संविधान में अलग कानून है ? अगर कानून के रखवाले ही कानून को तोड़ेंगे तो लोग कानून पर कैसे भरोसा कर सकते हैं' क्या बड़े बड़े आला अधिकारियो के पास इन सवालों का जवाब है। क्या इस सिस्टम में सुधार होगी और होगी तो कबतक क्योंकि ये सवाल आम जनता की है।

गाँवों में 'मेरी माटी मेरा देश'अमृत कलश यात्रा का किया आयोजन

समाज जागरण अरविंद यादव

झारखण्ड (देवघर) आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में "मेरी माटी मेरा देश"कार्यक्रम के तहत 3.10.23 को अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया।

*जिला युवा अधिकारी अभिषेक म॰डल के नेतृत्व में देश के वीर वीरांगनाओं,वीर शहीदों के सम्मान में देवघर के सिंहवा गाँव में बड़े,बुजुर्ग,बच्चे व महिलाओं बड़ी संख्या में एकत्रित होकर मेरी माटी मेरा देश के तहत अमृत कलश यात्रा रैली निकाली गई। वही भक्ति गानों व भारत माता की जय व वन्दे मातरम के नारों के जयकार से गूंज उठा।

शहीदों के सम्मान में बड़े,बच्चे,बुजुर्ग व महिलाओं ने सभी बढ़ चढ़कर भाग लिया और अमृत वाटिका के लिए मिट्टी एकत्रित किया ।बतादें की शहीद वीरांगनाओं के सम्मान में नई दिल्ली में राष्ट्रीय वार मेमोरियल के पास एक अमृत वाटिका का निर्माण किया जाना है ।जिसे लेकर देश भर से मिट्टी एकत्रित किया जा रहा है ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नेहरू युवा केन्द्र देवघर के युवा स्वयंसेवक राजेश यादव, प्रीति प्रजापति, विकास कुमार, सूरज झा, अमरनाथ मिश्रा भावेश झा, रोशन कुमार, तनु रानू, स्नेहा सोनी उपस्थित रहे।

गांधी जयंती के शुभ अवसर पर आस्कार्प संस्था ऑगेर्नाइजेशन द्वारा गांधी जयंती मनाई गई।

समाज जागरण फिरदौस अहमद

भागलपुर(बिहार) एम एस कंपलेक्स आसनंदपुर में आस्कार्प अपना अधिकार जानें संस्था ऑगेर्नाइजेशन फॉर सोशल केयर एंड एवेयरनेस आफ रूरल पीपूल संस्था के कार्यालय में गांधी जयंती मनाई गई जिसमें संस्था के सचिव

अल्तमश बिहारी ने कहा कि हमें गांधी जी के सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलना चाहिए साथ ही बुराई के खिलाफ हमेशा आवाज उठानी चाहिए एवं गरीब दुखियों की मदद करनी चाहिए मोहम्मद आफाक राजू ने कहा कि गांधी जी ने कहा था किसी भी संघर्ष में अहिंसा का मार्ग अपनाना चाहिए साथ ही उन्होंने कहा बुरा मत देखो बुरा मत कहो बुरा मत सुनो इसे भी अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है प्रोफेसर इम्तियाज खान ने कहा कि गांधी जी बैरिस्टर थे उन्होंने कई बड़े काम किये लेकिन उनका जीवन साधारण था एवं उच्च विचार था ऐसा ही हमें भी अपने जीवन में रखना चाहिए कार्यक्रम में मोहम्मद जसीमुद्दीन वारसी, मोहम्मद दानिश इजहार खान, मोहम्मद बशीर अहमद, अली अहमद वारसी,शाहे उमम, मोहम्मद मेराज आलम, आयशा सिद्दीका कामिनी, शायमा खानम, सोनम खातून, अमीरून निशा, तनुजा,निरंजन कुमार ,राकेश रोशन, तौकीर आलम, निशा कुमारी, नय्यरा नाज तरन्नुम एवं कार्यालय सहायक रिया आदि उपस्थित थी।

बांका नगर कार्यालय में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता उपेंद्र सिंह ने किया प्रेस वार्ता पूर्व मंत्री रहे उपस्थित

समाज जागरण सुमित कुमार

बांका (बिहार) नगर कार्यालय में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता किया प्रेस वार्ता

में पूर्व मंत्री भी रहे उपस्थित बिहार भाजपा के भीष्म पितांपा स्वर्गीय कैलाशपति मिश्रा 100वी जयंती को जन्म शताब्वी वर्षगांठ के रूप में मनाई जाएगी, 5 अक्टूबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पटना पहुंचकर पूरे महीने चलने वाले कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे, नगर कार्यालय में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता उपेंद्र सिंह ने यह जानकारी आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस मे दी, उन्होंने कहा कि 5 अक्टूबर को पटना के बापू सभागार में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में बिहार भाजपा के सभी शक्ति केंद्र प्रमुख मंडल अध्यक्ष जिला एवं प्रदेश के सभी पदाधिकारी शामिल होंगे, प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह बांका विधायक राम नारायण मंडल, जिला अध्यक्ष बृजेश कुमार मिश्रा, मनोज यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे !

जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी हो हिस्सेदारी । कान्तेश उर्फ टीनू यादव

बीजेपी के षड्यंत्र के बाबजूद बिहार सरकार का जनगणना कार्य रहा सफल

समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर

भागलपुर- (बिहार) नवगछिया युवा राजद के पुर्व जिला अध्यक्ष कान्तेश कुमार उर्फ टीनू यादव ने गांधी जयंती के मौके पर बिहार सरकार द्वारा जाति आधारित जनगणना 2022 की रीपोर्ट सार्वजनिक करने के लिए बिहार सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया जातिगत जनगणना देश की तरक्की का मार्ग प्रबल होगा इससे समाजिक न्याय की विचारधारा का विकास होगा बीजेपी के तमाम षड्यंत्र के बाबजूद बिहार सरकार जाती जनगणना कार्य

को सफल बनाया। वहीं पूर्व राजद प्रवक्ता शुभम यादव ने जातिगत जनगणना जाति सर्वेक्षण प्रकाशित होने पर कहा की समाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूती प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री श्री नितीश कुमार , राजद सुप्रीमो लालू यादव एंव उपमुख्यमंत्री श्री त्तेजस्वी यादव की प्रति आभार व्यक्त किया बिहार सरकार आर्थिक समाजिक रिपोर्ट को सार्वजनिक रूप से प्रकाशित करने करने के लिए सकारात्मक पहल कर रही है

बिहार जाति-आधारिते सर्वेक्षण 2022 रिपोर्ट के अनुसार, राज्य की 13.07 करोड़ आबादी में अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) की हिस्सेदारी 36.01 प्रतिशत है। ओबीसी, ईबीसी मिलकरे बिहारे की कुल आबादी का 63% हिस्सा हैं।

पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन - 6

पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा दे रहे हैं खिला-ड़ियों को अतंराष्ट्रीय सुविधाएं:स्वाति वैश्यंत्री

शतरंज अंडर 16 बालक एवं बालिका वर्ग प्रतियोगिता के दुसरे चरणों में किया प्रवेश

दैनिक समाज जागरण पूर्णियां। पनोरमा ग्रुप द्वारा निर्मित पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया के एसी इंडोर हॉल में शतरंज अंडर 16 बालक एवं बालिका वर्ग प्रतियोगिता शुरूआत हुई। अंडर 16 बालक एवं बालिका वर्ग प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन खेल प्रेमी श्रीमती स्वाति वैश्यंत्री एवं पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर" के हाथों हुई। उद्घाटन से पूर्व अपने - अपने जगहों पर खिलाड़ियों ने खड़े हो कर जोरदार तालियों से स्वागत किया गया।

उद्घाटन के अवसर पर श्रीमती स्वाति वैश्यंत्री ने कहा कि पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा जी ने खिलाड़ियों के लिए एकदम अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था दे रखी है। एसी इंडोर हॉल में शतरंज प्रतियोगिता खेली जा रही है। पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा जी को कोटि - कोटि धन्यवाद।

पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने कहा कि पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया के एसी इंडोर हॉल में दिनांक 05 - 06 अक्टूबर को शतरंज ओपन टू ऑल प्रतियोगिता खेली जाएगी। साथ ही टेबल टेनिस प्रतियोगिता दिनांक 07 - 08 अक्टूबर को खेली जाएगी।

मैच परिणाम

शतरंज बालक एवं बालिका वर्ग में अंडर 16 आयु वर्ग प्रतियोगिता :- प्रतियोगिता में 70 खिलाड़ियों भाग

लिए हैं सात राउंड का मैच होना सुनिश्चित है चार राउंड के समाप्ति के बाद चार अंक पर चार खिलाड़ी हैं जो शीर्ष पर चल रहे हैं

1.अक्षत कुमार - सेंट पीटर्स स्कूल ,2.माधव कुमार यशवंत- खगड़िया ,3.मोहम्मद अमानुल्लाह - किशनगंज, 4.अश्वनी कुमार - पूर्णिया कॉलेज।

जबकि 3.5 अंक पर

1.स्वेता कुमारी - पूर्णिया कॉलेज। 2.केशव कुमार यशवंत- खगड़िया , **3 अंक तालिका पर**

1.ऋशव राज - एस आर डी ए वी पब्लिक स्कूल,2.दक्ष बोथरा- जीडी गोयंका स्कूल, 3.पारस मणि एम एस एम एस कसबा,

4.शशांक कुमार- सेंट पीटर्स 5.प्रियम यादव - पैराडाइज 5.विराट कुमार - एम एस एम एस कसबा ,6.देवांश कुमार - पैराडाइज 7.कौटिल्य - फॉच्यूर्ना साइन स्कूल ,8.कुमारी आयुषी प्रिया खगड़िया आदि खिलाड़ीगण आगे चल रहे हैं। मैच रेफरी की मुख्य भूमिका निरोज खान किशनगंज एवं क्लब सचिव व प्रशिक्षक अमृत साजन कर रहे हैं।

इस अवसर पर उपस्थित पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री मिश्रा के अलावा हरिओम झा, जितेन्द्र कुमार सिन्हा गोपी, राजीव कुमार, बब्लू चौधरी, रितेश कुमार झा, पवन कुमार, ललित कुमार, रवि एवं खिलाड़ियों के अभिभावक एवं खेल प्रेमीगण उपस्थित थे।

निबंध प्रतियोगिता का परिणाम घोषित, प्रसन्ना को मिला पहला स्थान

दैनिक समाज जागरण
मधेपुरा/डा. रूद्र किंकर वर्मा। ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में वेदांत रिसर्च सेंटर, रांची के सौजन्य से 9 सितंबर को आयोजित रामचरितमानस में वेदांत विषयक निबंध प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इसमें अर्थशास्त्र विभाग की शोधार्थी प्रसन्ना कुमारी ने पहला स्थान प्राप्त किया है। मनोविज्ञान विभाग, ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा की छात्रा बबली कुमारी ने दूसरा और इतिहास विभाग के शोधार्थी हर्ष बर्धन सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। दर्शनशास्त्र विभाग के शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान को चौथा और मनोविज्ञान विभाग, ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा की छात्रा लवली कुमारी ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है।

चयनित प्रतिभागियों को पुनः रांची में देनी होगी प्रस्तुति

कार्यक्रम के आयोजन सचिव सह बीएनएमयू के उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 42 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इनमें

से पांच श्रेष्ठ आलेखों का चयन किया गया है। चयनित प्रतिभागियों को पुनः रांची में अपने निबंध की प्रस्तुति देनी होगी। इसके लिए वेदांत रिसर्च सेंटर द्वारा प्रतिभागियों को मधेपुरा से रांची तक आने-जाने का रेलगाड़ी के स्लीपर क्लास का भाड़ा दिया जाएगा।

अंतिम रूप से चयनित प्रथम आने वाले प्रतिभागी को पांच हजार

उन्होंने बताया कि अंतिम रूप से चयनित प्रथम आने वाले प्रतिभागी को पांच हजार, द्वितीय को चार हजार एवं तृतीय को तीन हजार का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा चार से दस स्थानों पर आने वाले कुल सात प्रतिभागियों को एक-एक हजार का सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

आभार व्यक्त

डॉ. शेखर ने कार्यक्रम आयोजित करने का अवसर देने हेतु सेंटर के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) एच. पी. नारायण, निदेशिका सह भारतीय महिला दार्शनिक परिषद् की अध्यक्षा प्रो. (डॉ.) राजकुमारी सिन्हा, मुख्य चयनकर्ता प्रो. (डॉ.) ज्ञानंजय द्विवेदी और प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) कैलाश प्रसाद यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

बिहार ने फिर दिखाई देश को नई दिशा : मंजर खान

सूबे की सरकार ने जाति आधारित आंकड़े को प्रकाशित कर फिर ऐतिहासिक क्षण का बना गवाह

दैनिक समाज जागरण अररिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के शुभ अवसर पर बिहार सरकार ने एक ऐतिहासिक पल रच दिया जिस-ाका इंतजार वर्षों से बिहार के हर एक नागरिक कर रहे थे जो आज पूरा हुआ। राजद के वरीय व कद्दावर नेता जनाब मंजर खान ने बेबाकी से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अपने महागठबंधन वाली सरकार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार एवम उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जी को अररिया लोकसभा एवम सीमांचल वासियों की ओर से कोटि-कोटि बधाई दी। श्री खान ने कहा कि अल्प समय बहुत बड़ी बाधाएं का सामना करते हुए जाति आधारित आंकड़े को एकत्रित करते हुए उन्हें प्रकाशित करके बिहार आज फिर ऐतिहासिक क्षण का गवाह बन गया, दशकों के संघर्ष ने एक मील का पत्थर हासिल किया । इस सर्वेक्षण ने ना सिर्फ वर्षो से लंबित जातिगत आंकड़े प्रदान किया बल्कि उनके सामाजिक,

आर्थिक का ठोस संदर्भ दिया अब सरकार त्वरित गति से वंचित,अल्पसंख्यक वर्गों के समग्र विकास एवं हिस्सेदारी को इन आंकड़ों के आलोक में सुनिश्चित करेगी। इतिहास गवाह है भाजपा नेतृत्व ने विभिन्न माध्यमों से कई अर्चन एवं रुकावटें डालने की भरपूर कोशिश की बावजूद माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं माननीय उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव की नेतृत्व वाली बिहार सरकार ने एक नजीर पेश की इसके लिए हम लोग संपूर्ण अररिया राजद परिवार बहुत-बहुत बधाई देते हैं। सामाजिक एवं आर्थिक न्याय के मंजिलों के लिए आर्थिक व सामाजिक उत्थान की इतनी बड़ी लकीर खींच दी है । आज जो बिहार में हुआ वह कल संपूर्ण देश में करवाने के लिए आवाज उठेगी और वो कल बहुत दूर नहीं है बिहार ने फिर देश को नई दिशा दिखाई है।

अत्यंत पिछड़ा समाज को इस जातिगत जनगणना से सीख लेने की जरूरत:महानन्द विभू

दैनिक समाज जागरण अररिया। अत्यंत पिछड़ा समाज को इस जातिगत जनगणना से सीख लेने की जरूरत है। 36% के साथ हम सर्वाधिक हैं। लेकिन हमारी हिस्सेदा-री इसकी तुलना में नगण्य है, चाहे शिक्षा की बात हो, आर्थिक दृष्टि से देखा जाए या फिर प्रशासनिक प्लेटफार्म हो। उक्त बात महानन्द विभू जिलाध्यक्ष,अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ राष्ट्रीय जनता दल, अररिया ने कही। उन्होंने कहा कि अतिपिछड़ा समाज की स्थिति 1990 से पूर्व क्या थी, यह कम से कम उस जेनरेशन के लोगों को बताने की जरूरत नहीं है । हमारी स्थिति समाज में दोयम दर्जे की भी नहीं थी, हमारा कुर्सी पर बैठना भी समाज के ठेकेदारों द्वारा अस्पृश्य माना जाता था। वो तो भला हो गुदरी के लाल और पिछड़ों और अकलियतों के मसीहा आदरणीय लालू प्रसाद यादव जी का कि आज हम समाज में बोलने और बैठने के लायक हो गए हैं। 1990 के बाद ही इस समाज जिसे कि उस समय के वर्चस्व धारी ठेकेदार जंगली ही समझते थे, के मुंह में आवाज आई । हम अतिपिछड़ा समाज भी समाज में बोलने का अधिकार प्राप्त कर सके। इसी बदलाव को नहीं पचा पाने के कारण ये तथाकथित शरीफ लोगों ने आदरणीय लालू प्रसाद यादव जी और बिहार की एक मात्र महिला मुख्यमंत्री आदरणीय राबड़ी देवी जी के शासनकाल को जंगल राज का

नाम दिया। उनके नजर में हम जंगली थे और हमारा राज आ रहा था तो वह जंगल राज हो गया। फिर उन्होंने अपने वर्चस्व को पुनः बहाल करने के लिए हमें बरगलाने के लिए हिन्दू -मुस्लिम कार्ड खेलना शुरू कर दिया। इस चक्रव्यूह में हम अतिपिछड़ा समाज फंस भी गए और भाजपा को आगे लाने में अतिपिछड़ा समाज का अहम योगदान रहा। लेकिन जब भाजपा की सरकार आई तो आरक्षण का प्रावधान किसके लिए? उसी समाज के लिए जो वर्षों से हर प्लेटफार्म पर कुंडली मारकर बैठे हैं। हमारी दशा-दिशा सुधारने के लिए भाजपा के पास समय कहां , हमें तो बस झूनझूना मिला कि हम हिन्दू हैं, भले ही हमें आज भी उनके नजर में सोलकन का ही दर्जा प्राप्त है, लेकिन फुलाने के लिए हम हिन्दू हैं। आज पुनः उसी लालू प्रसाद यादव, नीतीश कुमार और लालू के लाल तेजस्वी यादव जी ने हमारी आंख खोलने के लिए, हमें हमारी ताकत दिखाने के लिए जातीय जनगणना कराकर हमारी शक्ति का एहसास करा दिया है। अब हमें सोचना है कि हम अपनी भागीदारी के हिसाब से हिस्सेदारी चाहते हैं या फिर हिन्दू-मुस्लिम के चक्रव्यूह में फंसकर अपने बाल-बच्चों को उन्हीं ठेकेदारों के चाकरी करने के लिए छोड़ देते हैं। एक तरफ अतिपिछड़ा समाज का विकास तो दूसरी तरफ सिर्फ और अन्ध भक्त बनकर विनाश। सोचना हम अतिपिछड़ा समाज को है।

भाजपा को अगर सीट निकालना हो तो पार्टी नेतृत्व यहां से किसी यादव को दे टिकट: पंडित अजय झा

जातिगत जनगणना की रिपोर्ट में यादव पहले स्थान पर, इंडिया गठबंधन को मात देने के यहां यादव प्रत्याशी हीं विकल्प

दैनिक समाज जागरण अररिया। भाजपा अररिया के चाणक्य प्रेम कुमार मिश्रा के आवास पर एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे जिले के दो महारथी का मिलन लोकसभा चुनाव रणनीति पर हुई दोनों दिग्गज नेताओं की गुफ्तगू अररिया की राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। बता दें कि प्रेम भाई जी के आवास पर एक निजी कार्यक्रम में अररिया विधान सभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी रहे राष्ट्रीय परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय कुमार झा एवम भाजपा के कद्दावर नेता सह युवा दिलों के धड़कन भाई रंजीत यादव का आगमन उक्त कार्यक्रम में हुआ।अररिया लोकसभा के वर्तमान राजनीतिक हालात पर दोनो के बीच विस्तार से बातें हुई । इसी कड़ी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पंडित अजय झा ने भाजपा नेतृत्व से आग्रह किया कि अररिया सीट पर भाजपा को विजयी तभी मिलेगी जब यहां से किसी यादव युवा उम्मीदवार को टिकट दे। जाति आधारित जनगणना रिपोर्ट से भी इस जाति को यहां से टिकट मिलना चाहिए। इंडिया गठबंधन को मात देने के लिए यहां यादव प्रत्याशी हीं विकल्प हो सकता है। पंडित झा ने कहा कि यह लोकसभा का चुनाव है। कोई वार्ड या मुखिया का चुनाव नहीं। अररिया

लोकसभा का चुनाव अन्य लोकसभा चुनाव से यहां भिन्न हुआ करता है। यादव मतदाता यहां जीत हार तय करते हैं। ऐसी परिस्थिति में भाजपा नेतृत्व यादव उम्मीदवार वो भी युवा दे तो परिणाम जीत में बदल सकती है अन्यथा नया इंडिया गठबंधन अकेले यहां भारी रहेगा। उन्होंने सिर्फ यादव मुसलमान अररिया में कितना प्रतिशत है का भी जिक्र किया और कहा कि राजद भी यहां दो बार जीता है। बहरहाल जो हो भाजपा अररिया लोकसभा सीट से भावी प्रत्याशी की दौर में सबसे ज्यादा रेस पर रहे रंजीत यादव से ब्राह्मण के चर्चित सर्वमान्य नेता पंडित अजय झा से उनकी गुफ्तगू के बाद रंजीत को मिले उनके सानिध्य और आशीर्वाद से भाजपा कार्यकताओं में राजनीतिक उफान परमान पर है। क्यों नहीं होगा। पलासी ब्लॉक में अपने परिवार को प्रमुख बनाना वो भी एकक्षत्र राज किसी के बूते की बात नहीं। साम दाम दंड भेद की कला में भी रंजीत यादव की चर्चा भाजपा परिवार में हो रही है। इधर भाई प्रेम मिश्रा ने कहा कि रंजीत यादव को पंडित अजय झा का भी वरद हस्त प्राप्त है। वैसे भी ब्राह्मण समाज में रंजीत यादव की अच्छी पैठ सभी लोग जानते हैं।

पूर्णिया विश्वविद्यालय पूर्णिया को भ्रष्टाचार की दलदल एवं चंगुल से बचाने के लिए करना होगा संघर्ष एवं आंदोलन:डॉ.आलोक राज

कुलपति को नैतिकता के आधार पर त्यागपत्र देकर सीमांचल एवं बिहार की जनता से माफी मांगनी चाहिए

दैनिक समाज जागरण पूर्णियां। पूर्णिया विश्वविद्यालय बनाओ संघर्ष समिति के संस्थापक डॉक्टर आलोक राज ने कहा कि अब समय आ गई है है कि पूर्ण विश्वविद्यालय के अस्तित्व एवं राशि को बचाने के लिए संघर्ष किया जाए नहीं तो यहां पर स्थापित पदाधिकारी गण राशि को लूटने के चक्कर में विश्वविद्यालय को कंगाल कर देंगे और अस्तित्व विहीन कर देंगे! डॉक्टर आलोक राज लोगों से अपील की है कि जिस तरह इन लोगों ने विश्वविद्यालय बनाने की लड़ाई में सहयोग दिया था अब इसी तरह की सहयोग की जरूरत है विश्वविद्यालय को बचाने के लिए है खास करके लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को अब विश्वविद्यालय को बचाने के लिए सामने आने की जरूरत है एवं मैं लोकतंत्र के चौथे स्तंभ से सहयोग मांगता हूं कि वह इस विश्वविद्यालय को बचाने के बढ़ाने की लड़ाई में सहयोग करें! आज पूर्णिया विश्वविद्यालय एक नवजात शिशु है! लेकिन यह भ्रष्टाचारी पदाधिकारी नवजात शिशु के रूप में स्थापित पूर्णिया विश्वविद्यालय पूर्णिया के शरीर से भी सिरिंज से खून निकलने से बाज नहीं आ रहे हैं! हद तो तब हो गई है जब पूर्णिया विश्वविद्यालय पूर्णिया के कुलपति अपने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए गलत बयान बाजी करने पर उतारू हो गए हैं! उनके बयान से तो लगता है! कि इनमें कोई नैतिकता ही नहीं बची है !यह लोग सिर्फ विश्वविद्यालय को लूटने का काम कर रहे हैं !आए दिन पूर्णिया विश्वविद्यालय में यह मामला सामने आया कि कुलपति सहित दो और पदाधिकारी वेतन एवं पेंशन दोनों का लाभ लिए हैं! इस मामले के बाद सरकार एवं कुलाधिपति कार्यालय हरकत में आई और उनके द्वारा पत्र निर्गत कर दिया कि पेंशन को वेतन का अंश माना जाएगा। इसके बाद भी पूर्णिया विश्वविद्यालय पूर्णिया के कुलपति राशि को लौटाने के बजाय गलत गलत बयान बाजी कर रहे हैं! उन्हें तो नैतिकता के आधार पर त्यागपत्र देकर सीमांचल एवं बिहार की जनता से माफी मांगनी चाहिए! लेकिन अपने गलती एवं भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए गलत गलत बयान बाजी कर रहे हैं! लगता है उन्हें विश्वविद्यालय अधिनियम का या तो ज्ञान नहीं है! नहीं तो जानबूझकर अपने गलती एवं

भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए एवं राशि को गमन करने के मकसद से इस तरह की बयान बाजी कर रहे हैं। नियमानुकल कैसे पदाधिकारी पर गवन का मुकदमा दायर कर कर जेल भेजने की जरूरत है !आलोक राज ने आम लोगों से सहयोग मांगते हुए कहा कि ऐसे भ्रष्टाचारी पदाधिकारी का मंसूबाह मेरे रहते कभी पूरा नहीं हो सकता राशि की रिकवरी ब्याज सहित हर हालत में कराई जाएगी! अगर इन लोगों ने राशि की रिकवरी देने में आनाकानी की तो ऐसे लोगों के खिलाफ मुकदमा दायर कर कर जेल की सलाखों के पीछे भी पहुंचने से बाज नहीं आऊंगा! पूर्णिया विश्वविद्यालय पूर्णिया मेरे लिए मां समान है !जो भी लोग इसके तरफ बुरी निगाहों से देखने का भी प्रयास करेगा उनकी आंखें निकाल ली जाएगी! यह पदाधिकारी लोग याद रखें यह पूर्णिया और सीमांचल की धरती है! भ्रष्टाचारियों को बर्दाश्त नहीं करेगी साथ ही साथ पूर्णिया विश्वविद्यालय के कुलपति को यह नसीहत दिया है कि उन्हें बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 पढ़ लेना चाहिए जिसमें स्पष्ट उल्लेख है कि वित्तीय संबंधित जो नियमावली होगी वह राज सरकार के वित्त विभाग के नियमावली से ही चलेगी इसके बाद अनर कलर नियमावली के खिलाफ बयान बाजी करना कहां तक जायज है आलोक राज ने कहा कि जन आंदोलन के साथ-साथ ऐसी लोगों से विश्वविद्यालय को पैसा रिकवरी दिलाने के लिए जल्द ही न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाया जाएगा।

"शहीद नीरज छेत्री वॉलीबॉल टूनार्मेंट" का हुआ समापन

"नया भारत सशक्त भारत" विषय पर जन-कल्याणकारी फोटो प्रदर्शनी अयोजित

दैनिक समाज जागरण सिकटी। 52वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, अररिया तथा केन्द्रीय संचार ब्यूरो, पटना द्वारा संयुक्त रूप से संचालित तीन दिवसीय ह्लनया भारत सशक्त भारतह्व विषय पर जन-कल्याणकारी फोटो प्रदर्शनी व ह्लशहीद नीरज छेत्री वॉलीबॉल टूनार्मेंटह्व का समापन किया गयो टूनार्मेंट में एपीएफ नेपाल व एसएसबी सहित कुल 9 टीमों ने भाग लियो टूनार्मेंट का निर्णायक मुकाबला एपीएफ नेपाल व एसएसबी के बीच खेला गया जिसमें एसएसबी ने 2-0 से जीत हासिल कौ प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका सहायक उप निरीक्षक जीवन सिंह व मुख्य आरक्षी राहुल कुमार ने निभाई तथा मैच का आखों देखा हाल सहायक उप निरीक्षक नितिन सिंह व मुख्य आरक्षी सुरेन्द्र सिंह ने सुनायो कार्यक्रम का समापन श्री महेंद्र प्रताप कमांडेंट 52वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया द्वारा श्री रमेश गुरुंग पुलिस उपाधीक्षक नेपाल, धीरज कुमार मिश्रा मुख्य नगर पार्षद प्रतिनिधि अररिया, श्री मनीष कुमार केंद्रीय संचार ब्यूरो पटना, जावेद अंसारी, श्री मिहिर कुमार झा केन्द्रीय संचार ब्यूरो दरभंगा, श्री रमन कुमार सिंह बीड-ीओ प्रतिनिधि सिकटी, पूर्व प्रखंड प्रमुख सिकटी व सिकटी की सम्मानित जनता की उपस्थिति में किया गयो इस दौरान एसएसबी द्वारा डॉग शो, बैंड शो व केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गऐ स्थानीय लोगों ने इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा एसएसबी और केन्द्रीय संचार ब्यूरो की टीम द्वारा कराये गए कार्यक्रमों की भरपूर सराहना की और कहा कि भविष्य

में भी सिकटी क्षेत्र में इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाऐ इसी क्रम में श्री महेंद्र प्रताप, कमांडेंट सशस्त्र सीमा बल, अररिया व अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दौ कमांडेंट महोदय ने सिकटी की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि इस अवसर पर हम सभी को महात्मा गांधी जी के विचारों, सच्चाई और अहिंसा, का अनुसरण करना चाहिए। हम गांधीवादी मार्ग अपनाएं जो न केवल भारत बल्कि मानव जाति के उद्धार का एकमात्र मार्ग है। कार्यक्रम के अगले चरण में भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे ह्लमेरी माटी मेरा देशह्व अभियान के अंतर्गत एसएसबी द्वारा सीमान्त के प्रत्येक गाँव से एकत्रित की गई मिट्टी/चावल को सिकटी प्रखंड के प्रतिनिधि श्री रमन कुमार सिंह, बीडीओ प्रतिनिधि, प्रखंड सिकटी को सौपा गयो प्रखंड स्तर पर एकत्रित की गई मिट्टी/चावल को देश की राजधानी में ले जाया जायेगा। जहाँ देश के वीर, वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए अमृत वाटिका के निर्माण कार्य में शामिल किया जाएगा।

चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 2 चोरों को किया गया गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण अररिया।

नरपतगंज थाना पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर 193 बोतल (प्रत्येक 100 एम एल) कोरेक्स कफ सिरप के साथ 03 अभियुक्तों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया । इधर ताराबाड़ी थाना पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 2 चोरों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत अररिया भेज दिया गया।

लायंस क्लब नें दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

दैनिक समाज जागरण अररिया।

गांधी जयंती के अवसर पर लायंस क्लब आफ अररिया ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय,कस्तूरबा आवासीय विद्यालय जय प्रकाश नगर में महोगनी और अशोक के पेड़ लगा कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।वृक्षारोपण के पश्चात स्कूली बच्चों के बीच फल और बिस्किट का भी वितरण क्लब की ओर से किया गया। कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष लायन मनोज कुमार ,सचिव लायन जकी अंसारी , कोषाध्यक्ष लायन विवेक कुमार

,जनसंपर्क पदाधिकारि लायन आलोक भगत , लायन मुर्शीद रेजा ,लायन जकीउल हुदा , लायन मुशर्रफ रेजा गुड्डु , मुख्य रूप से कार्यक्रम मे मौजूद थे ।बताते चले की लायंस क्लब अररिया हमेशा से सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ के हिस्सा लेती रहती है।

तीन संकुल संघों में वार्षिक आमसभा अयोजित

दैनिक समाज जागरण फारबिसगंज ।

जीविका के माध्यम से जोकीहाट , फारबिसगंज और भरगामा प्रखंड में तीन संकुल संघ (सी एल एफ) में वार्षिक आमसभा दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ की गई । जोकीहाट प्रखंड के पथराबाडी पंचायत अंतर्गत भारत जीविका महिला विकास सहकारी स्वावलंबी समिति लिमिटेड , फारबिसगंज प्रखंड के तुलसी जीविका महिला विकास सहकारी स्वावलंबी समिति लिमिटेड एवं भरगामा प्रखंड अंतर्गत क्रांति जीविका महिला विकास सहकारी स्वावलंबी समिति लिमिटेड में आमसभा आयोजित की गई। आम सभा की बैठक में

साल भर किए गए कार्यों का लेखा-जोखा एवं भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई। तीनों संकुल संघ के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की मेंबर जीविका दीदियों ने साल भर के किए गए कार्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। सभा में उपस्थित अन्य जीविका दीदियों को इसकी पूरी जानकारी दी गई। आगे के लक्ष्य प्राप्ति हेतु सुझाव आमंत्रित किए गए । संकुल संघ के माध्यम से किन-किन कार्यों को करना है इस पर विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई एवम सभी दीदियों द्वारा हाथ उठा कर इसका अनुमोदन किया गया । इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कैडरों को सम्मानित किया गया। तीनों संकुल संघ में समूह से ऋण लेकर जीविकोपार्जन के साधन विकसित कर आर्थिक तौर पर स्वावलंबित हुई जीविका दीदियों ने आमसभा में अपने अनुभव साझा किए।

बिहार प्रदेश सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन यूनिट अररिया का सीमांचल लीडर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

दैनिक समाज जागरण अररिया।

स्थानीय ज्योति विवाह में बिहार प्रदेश सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन यूनिट अररिया का लोकल कमिटी मेम्बर्स सह सीमांचल लीडर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत भव्य समारोह का आयोजन किया गया।अररिया यूनिट सचिव अजित कुमार के द्वारा मुख्य अतिथि बिहार झारखंड महामंत्री श्री संत कुमार, बिहार झारखंड संयुक्त सचिव क्रमशः प्रभाकर झा , विकाश कुमार को बुके देकर स्वागत एवम अभिनंदन करते हुए मंच संचालन किये।संयुक्त सचिव विकाश कुमार के द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत आने वाले विषयों से संगठन से जुड़ी समस्याओं एवम समाधान के मुख्य विंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहे कि

संगठन की मजबूती सदस्यों की कर्मठता एवम समर्पण के बिना संभव नहीं है।महामंत्री श्री संत कुमार प्रशिक्षण कार्यक्रम में कहे कि यूनिट के सभी दायित्वधारियों को उनके कार्य के अनुसार कार्यप्रणाली का सुझाव दिया गया साथ ही यूनिट से जुड़े पदाधिकारियों के लिए निर्धारित कार्यो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवम संयोजित सह सामुहिक कार्यक्रम हेतु यूनिट के नेतृत्व क्षमता बढ़ाने पर बल दिए एवम हाल में हो रहे समस्याओं जैसे विभिन्न कंपनियों में चल रहे प्रोटेस्ट कार्यक्रम के बारे में सदस्यों को जानकारी दी एवम सदस्यों द्वारा पैकिंग में आने वाले कठिनाइयों से निपटने के उपाय बताए।मौके पर बिहार झारखंड स्टेट एक्सक्यूटिव कमिटी आर पी सिंह, पूर्णिया यूनिट अध्यक्ष कुणाल कुमार, सचिव प्रिंस कुमार,अररिया यूनिट अध्यक्ष सुमन कुमार झा, संयुक्त सचिव रंजीत कुमार,कोषाध्यक्ष गौतम कुमार झा, चंदन कुमार झा, अजय कुमार सिंह, दीपक कुमार, गौरव गुँजन, परेश झा, रौशन शुक्ला मनीष कुमार वर्मा, कन्हैया कुमार, अभिनाश कुमार, टिंकू कुमार, कुंदन मिश्रा, कुमार गौरभ, अमित कुमार, इंद्रजीत कुमार, हिमांशु कुमार, इजहार खान, मिल्टन कुमार, सुफैल, अनुराग झा इत्यादि उपस्थित दिखे।

एसएसबी के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार मधुबनी एवं ग्राम विकास युवा ट्रस्ट के साथे समन्वय बैठक

दैनिक समाज जागरण जयनगर नित्यानंद झा राजू 03 अक्टूबर

मधुबनी जिला के जयनगर के बाजार समिति स्थित 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर मुख्यालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार मधुबनी एवं ग्राम विकास युवा ट्रस्ट मधुबनी के द्वारा संयुक्त तत्वाधान में समन्वय बैठक आयोजित की गई।कार्यक्रम में एसएसबी ,जीआरपी, आरपीएफ,प्रथम संस्था,ग्राम विकास युवा ट्रस्ट मधुबनी के टीम ने भाग लिया।बैठक की अध्यक्षता डिप्टी कमांडेंट सन्तोष निमोरिया एवं मंच संचालन ग्राम विकास युवा ट्रस्ट के प्रबंध निदेशक नरेंद्र सिंह ने किया।ग्राम विकास युवा ट्रस्ट के प्रबंध निदेशक नरेंद्र सिंह ने बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण कानूनी सेवाओं एवं उनके संरक्षण के विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया।प्रशिक्षक अभिषेक चंद्रा एवं सबिता देवी ने पॉक्सो अधिनियम , बाल श्रम , बंधुआ मजदूरी, बाल विवाह , बाल तस्करी अधिनियम के अंतर्गत सभी विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि संस्था एसएसबी,पुलिस पदाधिकारी के साथ मिलकर बाल तस्करी मुक्त जिला बनाने का संकल्प लिया है। डिप्टी कमांडेंट सन्तोष निमोरिया ने कहा कि ट्रैफिकिंग का नया नया मुद्दा सामने आ रही जो आश्चर्य जनक है इन सभी मुद्दों पर खास कर ध्यान देने की आवश्यकता है।साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार मधुबनी एवं ग्राम विकास युवा ट्रस्ट मधुबनी के टीम को इस तरह के कार्य करने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया। संस्था के तरफ से प्रशांत कुमार, रूपम झा, चंचल कुमारी, जूही सिंह, स्नेहा कुमारी, मृदुला टंडन,प्रथम संस्था राजीव रंजन सहित अन्य उपस्थित थे।

हाथी के मौत मामले में पुलिस ने किया दो भाइयों को गिरफ्तार

बिभूति भूषण भद्र झाड़ग्राम जिला संवाददाता दैनिक समाज जागरण

एक माह पूर्व लोधाशुली रेंज के जंगल में एक हाथी के मौत के मामले में पुलिस ने दो भाइयों को किया गिरफ्तार। गिरफ्तार मानस सिंह एवं किशोर सिंह झाड़ग्राम थाना अंतर्गत ज्वालभंगा गांव के रहने वाले बताए जाते हैं। गौरतलब हो की ज्वालभंगा गांव के समीप खेत से 30 अगस्त को हाथी का शव बरामद किया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक हाथी की मौत करंट लगने से हुई है। मालूम हो कि कुछ किसानों ने रात में हाथियों से फसल बचाने के लिए जमीन पर बिजली के तार बिछा रखा था।बिजली के चपेट में आने के कारण हाथी की मौत हुई। इस संदर्भ में पुलिस द्वारा पांच लोगों के खिलाफ वन्य जीव अधिनियम समेत कई धाराओं के तहत लिखित शिकायत दर्ज कर दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है।

नक्सलबाड़ी के बेलगाछी चबागान से सटे चेंगा नदी मे एक युवक का शव मिलने से हड़कंप।

रंजीत कुमार पोद्दार : दैनिक समाज जागरण : संवाददाता

नक्सलबाड़ी : नक्सलबाड़ी के बेलगाछी चबागान से सटे कदमा इलाके में चेंगा नदी से एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया है। इस दिन नदी

में युवक का शव देखकर सनसनी फैल गयी। परिजनों का आरोप है कि सागर नागेशिया की हत्या की गई है। युवक की आंखों और चेहरे पर चोटें थीं और वह निर्वस्त्र था। बाद में नक्सलबाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया। घटना से इलाके में मातम छा गया है। परिजनों ने कहा कि पूरी घटना की शिकायत नक्सलबाड़ी पुलिस से की जायेगी।

जिले के सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मिशन इंद्रधनुष के दूसरे चक्र के सफल क्रियान्वयन को ले हुई समीक्षा बैठक

राहुल कुमार, किशनगंज

जिले में मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान का दूसरा चक्र आगामी 09 से 14 अक्टूबर तक चलेगा। इस अभियान की सफलता को लेकर जरूरी तैयारी पूर्ण हो चुकी है। इसी कड़ी में मंगलवारे को जिले के सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। इसमें मिशन इंद्रधनुष के सफल क्रियान्वयन के लिए घर घर सर्वे कर ड्यू लिस्ट एवं सर्वे रजिस्टर का पुनरीक्षणे किया गया। बैठक में अभियान की सफलता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। अभियान के क्रम में लक्षित समूह के शत- प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराने पर जोर दिया गया। विदित हो कि पहले चक्र में मिशन इंद्रधनुष अभियान जिले में सफल रहा है । अभियान के दौरान जीरो से 2 वर्ष के टीकाकरण में छूटे हुए बच्चों के लक्ष्य 9186 के सापेक्ष 9760 बच्चों का टीकाकरण किया गया, जो 106 प्रतिशत है। वहीं टीकाकरण में छूटी हुई गर्भवती महिलाओं के लक्ष्य 2157 के सापेक्ष 3360 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया, जो 156 प्रतिशत है।

अभियान के सफल क्रियान्वयन का हो रहा प्रयास-

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोरे ने बताया कि विस्तृत रणनीति के तहत मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान की सफलता सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जो रहा है। अभियान के क्रम में दो साल से कम उम्र के सभी बच्चे व गर्भवती महिलाएं टीकाकरण से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान रखा जायेगा। इसे लेकर सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में अभियान की सफलता विभाग की प्राथमिकताओं में शुमार है। वैसे इलाके जहां नियमित टीकाकरण

की पहुंच सीमित है, ऐसे चिह्नित इलाकों में मिशन इन्द्रधनुष अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विशेष पहल किये जाने की जानकारी उन्होंने दी।

तीन चरणों में संचालित होगा अभियान

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ देवेन्द्र कुमार ने कहा कि जिले में मिशन इन्द्रधनुषे अभियान तीन चरणों में संचालित किया जायेगा। अभियान का दूसरा चक्र आगामी 09 से 14 अक्टूबर के बीच अभियान का दूसरा चक्र व तीसरा व अंतिम चक्र 27 नवम्बर से 02 दिसंबर के बीच होगा। अभियान के क्रम में नियमित टीकाकरण का आच्छादन अधिक बेहतर व प्रभावी बनाने को लेकर हर संभव प्रयास किया जा रहा है। बैठक के माध्यम से आशा , आशा फैसिलिटेटर , आंगनबाड़ी सेविको के सर्वे रजिस्टर एवं ड्यू लिस्ट अपडेट करने के बारे में चर्चा की गयी है। विभिन्न रोगों से बचाव के लिये टीकाकरण जरूरी- सिविल सर्जन डॉ किशोरे ने बताया कि नियमित टीकाकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम में टीकाकरण, गर्भवती महिला व दो वर्ष तक के बच्चों को विभिन्न बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करने के लिहाज से जरूरी है। मिशन इंद्रधनुष अभियान के क्रम में जिले के सभी साते प्रखंडों में टीकाकरण को लेकर विशेष इंतजाम किये जायेंगे। दो साल तक के बच्चों को बीसीजी, ओपीवी, पेंटावेलेंट, रोटा वैक्सीन, आईपीवी मिजिल्स, विटामिन-ए, डीपीटी बूस्टर डोज व बूस्टर ओपीवी के टीके लगाये जायेंगे। वहीं गर्भवती महिलाओं को अभियान के क्रम में टेटनेस- डिप्थेरिया का टीका लगाया जाना है। उन्होंने बताया कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत टीकाकरण से वंचित दो वर्ष तक के सभी बच्चों व सभी गर्भवती महिलाओं तक टीकाकरण की पहुंच सुनिश्चित कराना मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।

कम आच्छादन व दुर्गम इलाकों पर होगा विशेष ध्यान-

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोरे ने बताया कि नियमित टीकाकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम की सफलता महत्वपूर्ण है। टीकाकरण, गर्भवती महिला व दो वर्ष तक के बच्चों को विभिन्न बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करने के लिहाज से जरूरी है। अभियान के क्रम में नियमित टीकाकरण मामले में कम आच्छादन वाले क्षेत्र, दुर्गम इलाके व ईट भट्ठा व निर्माण कार्य में संलग्न मजदूर, प्रवासी व खानाबदोश परिवार के बसावट वाले इलाकों में शत प्रतिशत टीकाकरण को लेकर विशेष पहल किये जाने की जानकारी उन्होंने दी।

गिरिराज सेना के युवा नगर अध्यक्ष अरुप दास के प्रयास से भटकती हुई बच्ची सकुशल घर पहुंची

बिभूति भूषण भद्र झाड़ग्राम जिला संवाददाता

मानवीय कार्यो के लिए हमेशा अग्रणी भूमिका निभाने वाले चक्रधरपुर गिरिराज सेना के युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष ने आज फिर एक बच्ची को उसके घर सकुशल पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। जानकारी के अनुसार बांझीकुसुम

की निबा चांम्पिया पिता के मार के डर से आज अहले सुबह करीब तीन बजे पैदल भटकते हुए चक्रधरपुर आ गई। वहीं बच्ची भटकते भटकते रेलवे डबलिंग कॉलोनी में घूम रही थी,जहां गिरिराज सेना के युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष अरुप दास ने बच्ची को सुबह करीब 6:00 बजे अपने घर के आसपास घूमते हुए देखा, इसके बाद भी बच्ची करीब दिन के 2:00 बजे तक इस क्षेत्र में घूमती रही। जिसके बाद श्री दास को शक होने बच्ची को अपने घर में लाकर पुछताछ किया,और इसकी सूचना तत्काल थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार को दिया। इसके थाना प्रभारी ने तुरंत पीसीआर गाड़ी भेज कर बच्ची को थाने लाकर पूछताछ किया गया। जहाँ बच्ची ने बताया कि पिता कालो चांम्पिया के मार के डर की वजह से वह चक्रधरपुर की तरफ आ गई थी. फिलहाल उसे पिता से कोई शिकायत नहीं है। इसके बाद उप निरीक्षक संतोष गुप्ता की निगरानी में बच्ची को सकुशल बांझीकुसुम घर ले जाकर घर छोड़ दिया गया है।

वाहन चोरी के आरोप में आमिर खान गिरफ्तार

उत्तम सिंहः संवाददाता :दैनिक समाज जागरणः ब्यूरोचीफ (दार्जिलिंग): वाहन चोरी के आरोप में आमिर खान को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि आमिर खान पिकअप वैन को गुवाहाटी से चोरी कर बिहार में

तस्करी करने की योजना बनाई थी। लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने आमिर को सिलीगुड़ी में गिरफ्तार कर लिया। आमिर खान पेशे से चालक हैं। वह वाहन लेकर बिहार की ओर जा रहा था।

सोमवार रात को एनजेपी पुलिस ने गुप्त सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर सिलीगुड़ी संलग्न फूलबाड़ी के टोल गेट इलाके में अभियान चलाया और वाहन को रोका। उस समय चालक वाहन का कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। इसके बाद एनजेपी थाने की पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिया। साथ ही वाहन चालक आमिर खान को गिरफ्तार किया गया। आज आरोपी को जलपाईगुड़ी जिला अदालत में पेश किया गया है।

बहादुरगंज प्रखंड के लौचा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय ,बैसा के मैदान में जनसंवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज। 03 अक्टूवर।

राज्य सरकार के निदेशानुसार लोक- कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी आम जनों को सुलभ कराने, उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करने तथा लोक कल्याणकारी योजनाओं को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप और अधिक विस्तृत करने के संबंध में जनमानस के सुझावों को प्राप्त करने के उद्देश्य से बहादुरगंज प्रखंड के लौचा पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बैसा के मैदान में "जनसंवाद" का आयोजन हुआ। बैठक में डीएम के आगमन पर बीडीओ बहादुरगंज ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी तुषार सिंगला जिला परिषद अध्यक्षा नुदरत महजबी एवं अपर समाहर्त्ता सहित विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। साथ ही, जनसंवाद बैठक में बड़ी संख्या में आमजन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की।

"जनसंवाद" का शुभारंभ डीएम,एडीएम और अन्य उपस्थित पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात बिहार गीत का वादन हुआ। जन संवाद बैठक में स्थानीय लोगों ने बढ़चढ़ कर भागीदारी की।

जनसंवाद में उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि महत्वपूर्ण लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनों को स- समय एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना तथा योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना एवम उन योजनाओं का जिले में समुचित तरीके से क्रियान्वयन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के अंतर्गत चलाई जा रही महत्वपूर्ण विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। इसके लिए योजनाओं की

जानकारी होना अनिवार्य है। जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण योजनाओ के बारे में लोगों को जानकारी दी जाती रही है।

जिलाधिकारी ने शिक्षा, स्वास्थ, ग्रामीण कार्य विभाग, लोक शिकायत निवारण और अन्य विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओ का प्रमुखता से लाभ लेने का आग्रह किया।

अपर समाहर्त्ता,अनुज कुमार के द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओ का लाभ अवश्य उठावे। इसी क्रम में बताया गया कि 2016 से सुयोग्य श्रेणी के व्यक्ति जो बासहीन है, सभी को भूमि उपलब्ध कराया गया है।इसकी सफलता को देखते हुए अभियान बसेरा 2 अभियान शुरू किया गया है, इसमें अभी इसका लाभ उठाने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 30 अक्टूबर तक कर सकते हैं।

आपदा प्रबंधन के कार्यों पर उन्होंने कहा कि बहादुरगंज में बाढ़ की समस्या रहती है, प्राकृतिक आपदा में मानव क्षति के लिए चार लाख देय है। राज्य सरकार द्वारा गृह क्षति के लिए पहले 90,000 की व्यवस्था की गई थी ,जो अब 1,20,000/- की व्यवस्था की गई है।अग्निकांड में गृह क्षति पक्का मकान या कच्चा मकान के लिए 1,20,000 रुपए की व्यवस्था की गई है।

जनसंवाद बैठक में किशनगंज की मुख्य चाय की खेती से जीविका दीदी को हो रहे लाभ को दिखाया गया। इसी तरह जल - जीवन- हरियाली अभियान,सतत जीविकोपार्जन योजना (करीमुन निशा की सफलता की कहानी),मुख्यमंत्री साईकिल योजना, रामाशीष पासवान की मधुमक्खी पालन पर सफलता की कहानी और हर घर बिजली का वीडियो क्लिप प्रसारण कर दिखाया गया। लोगो को इनकी कहानियों से जागरूक कर प्रोत्साहित किया गया।

इस कार्यक्रम में कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने बारी बारी से विभागीय योजनाओं को बतलाया। सिविल सर्जन,जिला पंचायत राज पदाधिकारी,निदेशक/डीआरडीए,जिला नियोजन पदाधिकारी,जिला शिक्षा पदाधिकारी,जिला कृषि पदाधिकारी,जिला आपूर्ति पदाधिकारी व अन्य ने विभागीय योजनाओं पर प्रकाश डाला तथा लोगो से फीडबैक लिया।

जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगो से विभिन्न योजनाओं की क्रियान्वयन संबंधी उनके फीडबैक एवं सुझाव भी प्राप्त किए गए। स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने भी सुझाव रखें।

जिला परिषद सदस्य (बहादुरगंज) इमरान आलम, बहादुरगंज प्रखंड समिति प्रमुख निहाल आलम, नसीम कुमार सिंह लौचा एवम आमजनों से मुसफिक आलम निसंदरा पंचायत, टगटगी गांव, साहबीर आलम सतमेरी गांव, रफीक, नाजीम, मो कामिल,संतोष कुमार सिन्हा लौचा पंचायत, मो तनवीर आलम लौचा पंचायत, नजामुद्दीन, मंजर आलम पंचायत समिति, व अन्य लोगो ने अपने सुझाव रखे। सभी ने क्षेत्र में बाढ़ व नदी कटाव से समाधान पर बल दिया। साथ ही,बिजली व नल जल योजना पर कई सुझाव दिए गए। बड़ी मात्रा में आवेदन पत्र में जमा किए गए।

" जनसंवाद " में जिला परिषद सदस्य ,इमरान आलम ने डीएम को शॉल से सम्मानित किया और उनके प्रथम क्षेत्र भ्रमण में बहादुरगंज आने पर शुक्रिया अदा किया।

जनसंवाद में डीएम श्री सिंगला ने लोगो से सुझाव/फीडबैक लेने के बाद जनसंवाद के अपने समापन संबोधन में बाढ़ से कटाव ग्रस्त इलाके, बिजली की समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया साथ ही, मधुमक्खी पालन, मत्स्य पालन के लिए प्रशिक्षण कराने का आश्वासन दिया गया।

कार्यक्रम के समापन पर लौचा पंचायत की मुखिया ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए लौचा पंचायत में एक उच्च विद्यालय खोलवाने तथा करबला मैदान के पास एक पुल बनाने का अनुरोध किया।उन्होंने जिला प्रशासन के कार्यों को सराहा।

इलाज में लापरवाही के चलते मरीज की मौत! फांसीदेवा ग्रामीण अस्पताल में दिखा तनाव

उत्तम सिंहः संवाददाताः दैनिक समाज जागरणः ब्यूरो चीफ (दार्जिलिंग): इलाज में लापरवाही के चलते एक मरीज की मौत के बाद फांसीदेवा ग्रामीण अस्पताल में तनाव का माहौल देखा गया। बताया गया है कि सोमवार रात को एक युवक की करंट लगने पर उसे उसे फांसीदेवा ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। आरोप है कि वहां मरीज का जल्दी इलाज नहीं किया गया।

जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद अस्पताल में काफी तनाव देखा गया। मृतक का नाम था मसिर अली। वह फांसीदेवा के चटहाट का रहने वाला था।मृतक के परिवार वालों का आरोप है कि युवक हाईटेंशन लाइन के नीचे पेड़ काटते वक्त करंट की चपेट में आ गया। युवक को अस्पताल लाने के बाद अस्पताल कर्मियों ने उसे रोका। बाद में मरीज की मौत हो गई। मृतक के पिता मोहम्मद अब्दुल ने कहा कि समय पर इलाज हुआ तो उसे बचाया जा सकता था।वहीं, सूचना मिलने के बाद फांसीदेवा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। बाद में शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए उत्तरबंग मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेजा।

खबर पाकर सिलीगुड़ी महकमा परिषद के कर्माध्यक्ष आईनुल हक मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि इलाज में लापरवाही लापरवाही हुई है। इस बीच जब फांसीदेवा ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरुणभ दास से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है।

गांधी जयंती पर दिल्ली में सम्मानित हुए। बिहपुर प्रखंड के समाजसेवी

समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर

भागलपुर (बिहार) अन्तर्राष्ट्रीय समरसता के सांस्कृतिक शिष्ट मण्डल में सामाजिक कार्यकर्त्ता निवासी बिहपुर प्रखंड के सोनवर्षा के संजय कुमार और राहुल कुमार को कर्म स्थली से विकास तक सेवा कार्यो का अवलोकन कर अनवरत परिश्रम पर सलाहकार बोर्ड द्वारा सम्मानित किया गया. सांस्कृतिक सचिव लाल बहादुर ने बताया कि 2 अक्टूबर 2023 गॉधी जयन्ती पर अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच का सांस्कृति शिष्ट मण्डल दी इण्डियन सोसायटी ऑफ इन्टरनेशनल लॉ. वी. के. कृष्णन मेनन भवन से इण्डो-नेपाल समरसता सोशल मिशन यात्रा शुभारम्भ कर प्रातः 11:45 बजे राजघाट समाधी स्थल नई दिल्ली पहुंच कर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को श्रद्धा सुमन, प्रार्थना किया.इण्डो-नेपाल समरसता सोशल मिशन यात्रा में शिक्षा, चिकित्सा, न्याय, समाज सेवा, औद्योगिक क्षेत्र, फिल्म उद्योग, प्रशासनिक क्षेत्र, राजनैतिक क्षेत्र के महननीय एंव प्रबुद्ध व्यक्तियों को सम्मलित किया जाता रहा है. इण्डो-नेपाल समरसता सोशल मिशन यात्रा शुभारम्भ से पूर्व सांस्कृतिक शिष्ट मण्डल सदस्यों का सलाहकार बोर्ड सदस्यों द्वारा नेपाल राष्ट्र की टोपी शाल, अभिनन्दन पत्र, मेडल, स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत कक्ष में अगवानी की गई एवं यात्रा

में बैंड व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.राजघाट समाधि स्थल पर सामूहिक ग्रुप फोटोज समापन पर सांस्कृतिक शिष्ट मण्डल सदस्यों के सम्मान में आन्ध्र प्रदेश भवन में लन्च का आयोजन रखा गया. चयनित सदस्य संजय कुमार, भारत की प्रतिष्ठा, शक्ति, पंचशील सिद्धान्त भारत - नेपाल की वैदिक कालीन संस्कृति का पुर्न उत्थान हो, भारत पुनः वैदिक कालीन जगत गुरू के आसन पर पद स्थापित हो, भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में विटो पावर के साथ स्थाई सदस्यता दिलवाने के उद्देश्य से सदस्य राष्ट्रों का नैतिक समर्थन की आशा में प्रेरेरित अभियान को नैतिक समर्थन दिया .इण्डो-नेपाल समरसता सोशल मिशन यात्रा को 22 राष्ट्रों ने, भारत, नेपाल, भूटान, अफगानिस्तान, अल्जीरिया, एंगोला, आस्टिया, क्रोरिया, फिनलैण्ड, फिन्नीश, जर्मन, ईराक, इजराइल, मैकडोनिया, मोरक्को, नीदरलैण्ड, नाईजिरिया, नार्वेजियन, रोमानिया, रायल डेनिश तुनिशिया ने नैतिक समर्थन पर अपने अपने राष्ट्र का राष्ट्रध्वज मंच को प्रदान किया.

इस दिन मनाई जाएगी काशी में देव दीपावली सिटी रिपोर्टर विक्रम मेहरोत्रा

इस वर्ष देव दीपावली महोत्सव वाराणसी के सभी घाटों पर 27 नवंबर 2023 सोमवार को आयोजित किया जाएगा

मंडलायुक्त वाराणसी की अध्यक्षता में प्रशासन की गंगा महोत्सव समिति द्वारा यह तय किया गया

वाराणसी में देव दीपावली महोत्सव हेतु प्रशासन के द्वारा विगत कई दिनों से सभी स्टेक होल्डअर्स से बैठक अथवा बातचीत की गई, इसके उपरांत आज मंडलायुक्त वाराणसी श्री कौशलराज शर्मा की अध्यक्षता में प्रशासन की गंगा महोत्सव समिति द्वारा यह तय किया गया है कि इस वर्ष देव दीपावली महोत्सव वाराणसी के सभी घाटों पर 27 नवंबर 2023 सोमवार को आयोजित किया जाएगा।

स्टेकहोल्डर्स जिनके साथ संपर्क करके उनका पक्ष जाना गया उनमें देव दीपावली समितियां, होटल एसोसिएशन, पर्यटन विभाग, संस्कृति विभाग, पुलिस, पंचांग के विद्वान गण, काशी विद्वत परिषद के सदस्य आदि शामिल थे।

इसके उपरांत यह निर्णय लिया कि सूर्योदय की पूर्णिमा तिथि में 27 नवंबर को पूर्णिमा का स्नान घाटों पर होगा उसके पश्चात उस दिन शाम को प्रशासनिक व जनभागीदारी के माध्यम से देव दीपावली का आयोजन किया जाएगा।

इसी दिन कार्तिक पूर्णिमा और गुरु नानक जयंती का शासकीय अवकाश भी रहेगा।

जिलाधिकारी श्रीमती सी. इंदुमती ने कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की

दैनिक समाज जागरण
जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर जिलाधिकारी श्रीमती सी. इंदुमती ने कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की। जनपद स्तरीय अधिकारियों ने नवागंतुक जिलाधिकारी का स्वागत किया। जनपद स्तरीय अधिकारियों ने बारी-बारी से अपना परिचय दिया, साथ ही विभागो में संचालित योजनाओं और विभागो से किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी गयी।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अधिकारीगण अपने दायित्वों का निर्वाहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी, लगन के साथ अनुशासन में रहकर,समयबद्धता से टीम भावना व सहयोग के साथ कार्य करे। विभागो में संचालित योजनाओं के लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति को रिपोर्ट व विभागो में होने वाले कार्यों के प्रेजेंटेशन बनाकर एक सप्ताह के अंदर बनाकर मेरे समक्ष प्रस्तुत करे।

बड़ौदा ग्रामीण बैंक द्वारा की गई हड़ताल

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर बडौदा ग्रामीण बैंक पटेल नगर में बैंक द्वारा महोदारी बैंक बंधन की संख्या विरोधी नीतियों, भारत सरकार और रिजर्व प्रदत्त आदेशों की प्रत्यक्ष अपहेलना प्रायोजक बैंक अधिकारियो को अनुचित दबाव में प्रबन्धन द्वारा राया और कार्मिकों के हितों के विरुद्ध लगातार लिए जा रहे फैसले से क्षुब्ध होकर बड़ोदा यूपी बैंक कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों के सभी संगठनों द्वारा ज्वाइट फोरग आफ बीयूपी बैंक यूनियन्स के बैनर एट होकर विरोध करने का निर्णय लिया है जिसक कम । दिनांक 08 सितम्बर 2023 को औद्योगिक विवाद अधनियम 1947 को सुसंगत धाराओं में हड़ताल जैसे आन्दोलन की नोटिस आपको प्रेषित की गयी है। इसी क्रम में आज दिनांक 03 अक्टूबर 2023 को प्रधान कार्यालय / समस्त क्षेत्रीय कार्यालयों पर विरोध प्रदर्शन के माध्यम से मांगों से सम्बन्धित ज्ञापन आपको हस्तगत कराया जा रहा है। उक्त नोटिस को कम में दिनांक 25 सितम्बर 2023 को प्रधान कार्यालय के समक्ष प्रतिनिधि धरने का आयोजन किया गया है। पुन आपके संदर्भ हेतु मांगों का विवरण निम्नानुसार है-

१. बी०सी०जी० यानी बोस्टन कंसलटिंग ग्रुप की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाना प्रायोजक बैंक के दबाद में बिना भारत सरकार और रिजर्व बैंक से अनुमति लिये ही मनमाने ढंग सेअत्यधिक पारिश्रमिक दे कर एक निजी संस्था की सेवाएं सलाहकार के रूप में ऐसे क्षेत्र में सुझाव देने के लिए ली गयी है जिसका निर्धारण करने का अधिकार केवल भारत सरकार को है। बैंक ने सक्त के साथ अनुबंध समाप्त कर दिया है लेकिन संस्था के सुझावों पर अमल किया जा रहा है जो कि ज्वाइंट फोरम को अस्वीकार है। भर्ती पूरी तरह से प्रतिबन्धित कर दी गयी है जिससे शाखाओं पर कार्यरत कार्मिको को अत्यधिक कार्य दबाव झेलने के साथ साथ ग्राहक सेवाएं भी प्रभावित हो रही है। अतः तत्काल प्रभाव से बोस्टन ग्रूम की सभी संस्तुतियों को रद्द किया जाय । 2. मित्रा कमेटी आधारित मानव श्रम नीति अनुसार कार्यालय परिचारक से लेकर अधिकारी स्कूल 5 तक के सभी पदों पर नयी भर्ती व पदोन्नति की जाय - भारत सरकार द्वारा जारी मानव श्रम नीति और नयी भर्ती पदोन्नति नियमावली 2017 के अनुसार बड़ौदा यूपी बैंक में कार्यालय अनुचर पद से ले कर अधिकारी स्कूल तक के सभी पदों पर नियमानुसार एक बारगी नियम के अनुसार नियमितीकरण नयी भर्ती और पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण की जाए। नयी गर्ती के मामले में भारत सरकार के नियमों का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए।2. बैंक की 268 शाखाओं के विलय या बन्दी की कार्यवाही तत्काल प्रभाव से रोकी जाय और इस सम्बन्ध में रिजर्व बैंक की गाइड लाइन के अनुसार ही कार्यवाही की जाय बढदा यूपी बैंक द्वारा अनुचित और अवैधानिक तरीके से बैंक की 400 शाखाओं को अनुपयोगी दिखाते हुए इन्हें विलय करने, बन्द करने जैसे सुझाव दिये गये है जिस पर कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा 206 शाखाओं को विलय या बन्द करने प्रस्तावित किया है। बैंक द्वारा शाखाओं के बन्दी अथवा विलय का यह प्रस्ताव पूरी तरह से छाचारी बैंक ग्राहकों के कि प्रतिकूल भारत सरकार की ग्रामीण दिषण की योजना के विरुद्ध है और तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाना आवश्यक है। केन्द्र सरकार और माननीया वित्त मंत्री द्वारा बैंकों को ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक शाखाएं खोलने का लक्ष्य दिया जा रहा है यही पर बड़ौदा यूपी बैंक द्वारा शाखाओं को बन्द करने की कार्यवाही की जा रही है। यह कार्य भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लिए जारी की गयी शाखा लाइसेनिम नीति में उद्धत नियमों के प्रतिकूल है ज्वाइट फोरम का यह भी आरोप है कि बन्दी के लिए घोषित 268 शाखाओं में अधिकांश शाखा बैंक आफ बडोदा की शाखा के पास स्थित है और ग्रामीण बैंक की शाखाओं को बन्द करके इन शाखाओं का सम्पूर्ण व्यवसाय बैंक आफ बड़ौदा को स्थानान्तरित करने की कुत्सित साजिश की जा रही है। नाबार्ड द्वारा दिनांक दिनांक 24 फरवरी 2016 को जारी मानव श्रम नीति के पैरा 4.8 के अनुसार बैंक में स्केल इतक के सभी पदों पर इसी बैंक अधिकारियों को नियुक्त किया जाय तथा प्रायोजक निर्धारण के लिए भारत सरकार द्वारा लागू की गयी मित्रा समिति आधारित नियमों के तहत क्षेत्रीय बैंक से प्रतिनियुक्ति पर आये अधिकारियों को वापस भेजा जाय ग्रामीण बैंकों में स्केल 4 व 5 के सभी पद पर ग्रामीण बैंकों के ही अधिकारिया को पदस्थ किया ग्रामीण बैंकों में मानव अंग नीति जाना चाहिए यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि रिक्ति के सापेक्ष योग्य अधिकारी उपलब्ध नही बैंक हो तो निचले आफ बड़ौदा अपनी बैंक के अनुपयोगी अधिकारियों को ग्रामीण बैंको में सोल 4 व 5 के पदों पर जबरन प्रतिनियुक्ति पर भेज रहा है जिसे तत्काल प्रभाव से बन्द किया जाना चाहिए। 5. अवैधानिक रूप से संचालित 3 प्रशासनिक कार्यालय बन्द किये जाय और महाप्रबन्धक के रूप में पदस्थ बैंक आफ बड़ौदा के उच्चाधिकारी अपनी बैंक के दबाव में भारत बड़ौदा यूपी बैंक में अध्यक्ष सरकार द्वारा ग्रामीण बैंकों के लिए जारी कार्यालय व्यवस्था से अलग मनमानी व्यवस्था दी गयी है। और नियम विरूद्ध ढंग से 3 एरिया ऑफिस बना दिये गये है जिनका भारी भरकम खर्च बैंक को ही उठाना पड़ रहा है और इस कार्यालय के अधिकारी शाखाओं पर अनावश्यक दबाव बना कर4.हस्तक्षेप करते हैं अतः सभी एरिया माफिसों को तत्काल प्रभाव से बन्द किया जाना चाहिए।

टुंडी पंचायत सचिवालय में मनाया गया गांधी जयंती

दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता

धनबाद (झारखंड):-03अक्टूबर2023: जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत पंचायत सचिवालय में टुंडी मुखिया श्रीमती रेखा देवी की अगुवाई मैं महात्मा गांधी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर गांधी जयंती मनाया गया। गांधी जयंती के सुअवसर पर मुखिया श्रीमती रेखा देवी ने उपस्थित सदस्यों एवम ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हम

प्रति वर्ष गांधी जयंती मनाते आ रहे हैं । हम "महात्मा गांधी की जय "का नारा जरूर लगा लेते हैं परंतु उनके द्वारा बताए मार्ग ब्रम्हचर्य , एकता ,अनुशासन, परिग्रह का अनुसरण नहीं कर पाते । खासकर युवाओं को महात्मा गांधी के बताए हुए रास्ते को आत्मसात करने की आवश्कता है । कार्यक्रम को समाज सेवी विकास कुमार सिंह उपमुखिया संतु लाल किस्कू,वार्ड सदस्य भवानी शंकर भगत,दीपक कुमार,लखन रविदास,मैनेजर हेंब्रम ने भी अपने अपने विचारो को रखा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि किशोर रविदास,अरुण कुमार सिंह, भरत सिंह,गेंदालाल सिंह ,स्वयं सेवक शशि महथा,सौरव जयसवाल,अशोक भगत, आदि उपस्थित थे।

ब्लैक बोर्ड वे ऑफ सक्सेस वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता

धनबाद (झारखंड):- 03 अक्टूबर 2023: धनबाद नगर हाउसिंग कॉलोनी स्थित डेविड कैरियर हब में 01अक्टूबर को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 350 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पिछले रविवार को भी जिलास्तरीय सीट एंड ड्रॉ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें लगभग 400 बच्चों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में बच्चों की उम्र के अनुसार तीन वर्गों में बाँट दिया गया था। सीट एंड ड्रॉ प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा कर दी गई है। विजेताओं का विवरण इस प्रकार है:-

ग्रुप-1 में प्रथम स्वाती, द्वितीय अद्विक राज और ऋषण सेन तृतीय स्थानप्राप्त किया । सांत्वना पुरस्कार के लिए ऋषिका, नव्या अग्रवाल, न्यूली रॉय, अदिति राज, रोहन कुमार, श्रेया सुमन, माण्विक चौरसिया, आर्य नाग, अथर्व मानसिंगक और जेसिका साहनी रहे।

ग्रुप-2 में प्रथम आयुष साह, द्वितीय नमन दास, तृतीय समृद्धि सरकार और सांत्वना पुरस्कार के लिए लिपिका पाल, कुँवर वरेण्यं, कुशलिया कश्यप,

विशाल साव, यशिका शर्मा, धनराज कुमार, अनन्य मानसिंगक, श्याम कुमार, ईशान दे और रौनक अग्रवाल चुने गए।

ग्रुप-3 में प्रथम अश्विनी कुमार, द्वितीय सुदित भास्कर, तृतीय साक्षी जोशी और सांत्वना पुरस्कार के लिए भावना प्रसाद, तनु कर्मकार, प्रियांशु कुमार, अमन कुमार, साधना कुमारी, आयुषी रानी, सौम्या मंडल, सृष्टि, नयन सेन और राजवीर कुमार मंडल चुने गए निबंध एवं सीट एंड ड्रॉ प्रतियोगिता के विजेताओं को एक साथ पुरस्कृत किया जाएगा जिसमें नकद पुरस्कार, उपहार, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र दिए जाएंगे, जिस-की सूचना जल्द ही दी जाएगी। निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा 8 अक्टूबर 2023 को सोशल मीडिया एवं अखबारों के माध्यम से किया जाएगा ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्लैक्बोर्ड वे ऑफ सक्सेस ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने भरपूर योगदान दिया।

दक्षिणी टुंडी के बरवाटांड़ पंचायत में 32 टीमों के फाइनल फुटबॉल प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विधायक मथुरा प्रसाद महतो ।

दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता

धनबाद (झारखंड):-03 अक्टूबर 2023:जिले के दक्षिण टुंडी क्षेत्र अंतर्गत बरवाटाँड़ पंचायत में विद्या स्पोर्टींग क्लब खाखुडीह के द्वारा महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की. जयंती के अवसर पर लगातार 16 वां वर्ष तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन का फाइनल किया गया। जिसमे कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया` कुल टीमो को चार वर्ग क ख ग घ में बांटकर दो मैदान में प्रतियोगिता कराया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में टुण्डी विधायक सह पूर्व मंत्री मथुरा प्रसाद महतो एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बरवाटांड़ की मुखिया सनोदी मंझियायान शामिल हुए` फाइनल मे खेल रहे वीर बिरसा क्लब बैजूडीह ने पेनाल्टी शूट आउट में एक के मुकाबले 3 गोल से एमएससी बरियो एफएफबी को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमा लिया ।। जिसे विजेता टीम को विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने 25,000 हजार का चेक व ट्रॉफी दिया तथा उपविजेता टीम को विशिष्ट

अतिथि सनोदी मंझियायान ने 15,000 हजार का चेक एवं ट्रॉफी दिया । इस दौरान श्री महतो ने कहा की झारखण्ड सरकार खिलाड़ियों को हर संभव मदद करने के लिए तत्पर है` खेलो झारखण्ड के बारे मे भी चर्चा की गई । इससे पहले फाइनल खेल रहे दोनों टीमों के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका हौसला बढाया । फुटबॉल को किक मारकर फाइनल मैच का उद्घाटन किया । मौके पर विधायक के अलावे मुखिया सनोदी माँझियान, बसंत महतो, समाजसेवी सह रतनपुर मुखिया प्रतिनिधि शहजाद अंसारी , फुलचाँद किस्कु , कामेश्वर सिंह , सुनील बेसरा , बिनोद किस्कू, इमरान अंसारी, सुनील मुर्मू, मनोज बेसरा, शुकदेव मराण्डी, नेशार अहमद इत्यादि के अलावें हजारों की संख्या में महिलाएं, पुरूष एवं नौजवान एवं छोटे-छोटे बच्चे मैदान में उपस्थित रहें।

लगातार हो रही बारिश के कारण मिट्टी का आवास हुआ ध्वस्त

दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र जिला संवाददाता

धनबाद (झारखंड):- 03अक्टूबर 2023: जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत पश्चिमी क्षेत्र मछियारा पंचायत निवासी मोहनलाल टुडू का मिट्टी का आवास विगत रात्रि को लगातार हो रही बारिश में ध्वस्त हो गया, जिसके कारण मोहनलाल टुडू सपरिवार दबने से बाल बाल बच गए ।

बताते चलें कि मोहनलाल एक गरीब

परिवार से आते हैं। इनकी माली हालत काफी नाजुक है।ऐसी परिस्थिति में इनके लिए पुनः सर छुपाने हेतु आवास बनाना मुमकिन नहीं है।

श्री टुडू मजदूरी कर जीविकोपार्जन करते हैं। इन्होंने जनप्रतिनिधि से उचित मुआवजा तथा सरकारी आवास मुहैया कराने की अपेक्षा जताया है।

मछियारा गांव के ही समाज सेवी सह झारखंड मजदूर संघ उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल के संयोजक गोविंद टुडू ने संवाददाता को बताया कि मोहनलाल अत्यंत गरीब है।सरकार इन्हें उचित मुआवजा तथा रहने की तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करे ।

सीटू ने काला बिल्ला लगाकर मनाया काला दिवस

दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड

तिसरा। सीटू की ओर से पिछले वर्ष लखीमपुर उत्तर प्रदेश में किसानों के आंदोलन के ऊपर मंत्री पुत्र द्वारा गाड़ी चढ़ाने से पांच किसने की मौत हो गई थी ।उसी के खिलाफ 1 वर्ष पूरा होने पर विरोध प्रदर्शन कर काला दिवस मनाया गया। सभी लोग इस दिन को याद करते हुए काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया । गोलकडीह यूनियन कार्यालय के समझ विरोध प्रदर्शन में सीटू नेता तुलसी रवानी ने कहा कि केंद्र स-रकार मजदूर और किसान विरोधी है आज ही के दिन 1 वर्ष पहले जब किसान अपने हक और अधिकार के लिए आंदोलन कर रहे थे तो उनके आंदोलन को कुचलना के लिए मंत्री का पुत्र ने उनके ऊपर अपना गाड़ी चढ़ा दिया इस दौरान पांच किसान की मृत्यु हो गए लेकिन आज तक उसकी गिरफ्तारी नहीं है। हम लोग उन पर कानूनी कार्रवाई को लेकर पूरे देश में काला दिवस मना

रहे हैं। मोदी सरकार पूरी तरह से पूंजीपति की सरकार है गरीब मजदूर किसान नौजवान को केवल जुमला बाजी करती है लेकिन उनका हक और अधिकार नहीं देती। लखीमपुर खीरी की घटना का 1 वर्ष भी जाने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया देश का किसान और मजदूर जग गया है इनको हर गलत नीति का जोरदार विरोध करेंगे। विरोध प्रदर्शन में तेजेंद्र कुमार वर्मा सुभाष कुमार सुमन सिंह राजेंद्र पास-ावान दिलीप नाग रोहन भुइयां आदि लोग थे सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई।

तृतीय धनबाद जिला योगासना स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में नव संक्लप क्लब भूली 7 स्वर्ण के साथ चैम्पियन बना

दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड

धनबाद जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित तृतीय धनबाद जिला योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में नव संकल्प क्लब भूली ने 7 स्वर्ण के साथ चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया, वहीं उपविजेता धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक ब्रांच तीन स्वर्ण के साथ रही। ग्रुप डांस में नव संकल्प भूली प्रथम स्पार्टन एकेडमी द्वितीय एवं धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक ब्रांच तृतीय स्थान पर रही।समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस सचिव श्रीमान वैभव सिन्हा विशिष्ट अतिथि रीत रिसोर्ट के निदेश-ाक रवि आनंद, गौरव नारायण, राज्य संघ महासचिव श्री विपिन कुमार पाण्डेय, जिला संरक्षक श्री परीक्षित पाण्डेय जिला अध्यक्ष श्री मनोज कुमार सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पदक एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। चयनित खिलाड़ी दिनांक 6 से 8 अक्टूबर को जमशेदपुर में आयोजित राज्य स्तरीय योगासना स्पोर्ट्प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिला सचिव कुणाल कुमार ने उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्री अनुराग डोकानिया समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री वैभव सिन्हा विशिष्ट अतिथि आई रजा, रीत रिसोर्ट के निदेशक श्री रवि आनंद, श्री गौरव नारायण जी का विशेष रूप से धन्यवाद दिया जिनके सहयोग से प्रतियोगिता सम्पन्न हो सका।

पदक विजेता खिलाड़ी

बालक 9 वर्ष से कम

अपूर्वो चटर्जी, शिवांशु कुमार, शुभम दास, सैफान खान, वेदान्त

बालिका 9 वर्ष से कम

आराध्या आनन्द, निधि कुमारी, वेदिका कुमारी, सोनाक्षी कुमारी,

आरोही पंडित, आदया सिन्हा, अंशिका वर्मा, कौशिकी कौशल

बालक 9 से 14 वर्ष

वीर दत्ता, समर सिंह, आदर्श कुमार पाण्डेय, विकास कुमार, अंकित कुमार, नैतिक सिन्हा, हिमांशु राज

बालिका 9 से 14

रितिका प्रजापति , लावण्या सिंह, निभा कुमारी, राधिका किस्कू, भूमि पाण्डेय, वैष्णवी रवानी, प्रिसा श्रीवास्तव, सफा अजहर, आदया मिश्रा, आहाना कुमारी, अहाना घोष, अनन्या घोष

बालक 14 से 18

रोहन राज, आयुष कुमार, रंजीत तुरी

बालिका 14 से 18

अराध्या राज, शिविका नारायण, नविता कुमारी, सिद्दिक फि र-दौस

बालक 18 से 28

सुमित मोदी

बालिक 18 से 28

सोनिया कुमारी, वसंती राय, श्वेता कुमारी चौहान

पुरुष 28 से 35

मुकेश कुमार वर्मा

पुरुष 35 से 45

सुनील कुमार बोस, वेद प्रकाश

पुरुष 45 से 55

जशपाल सिंह, उत्तम कुमार साव

इस प्रतियोगिता में प्रियंका कुशवाहा, नेहा कपूर, आरती सिंह, आरती शर्मा, अनामिका कुमारी, विरेन्द्र कुमार रवानी, जसपाल सिंह, अश्विनी शर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में डा.शैलेष कुमार, दीपांकर बरारी, संजय यादव, अभिजीत पात्रा, अशोक गुप्ता, मनोज कुशवाहा रहे।

इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई।

दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा

चतरा(झारखण्ड)03 अक्टूबर2023:- जिले के इटखोरी प्रखंड मे सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154 वीं एवं लाल बहादुर शास्त्री पूर्व प्रधानमंत्री के जयंती के अवसर पर इंडिया गठबंधन के द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। वक्ताओं ने गांधी के व्यक्तित्व और कार्यों पर विस्तृत रूप से अपने विचार व्यक्त किया। लाल बहादुर शास्त्री के द्वारा देश के लिए किए गए योगदानों की भी वक्ताओं ने चर्चा की। इस कार्यक्रम में पुर्व विधायक योगेन्द्र नाथ बैठा, जागेश्वर यादव, बीस सुत्री अध्यक्ष इटखोरी, प्रखण्ड अध्यक्ष, राम अधिन यादव, अध्यक्ष कांग्रेस,

बालगोबिन्द राम, प्रदेश डेलिगेट्स, अनिल कुमार सिंह, प्रदेश डेलिगेट्स, अरूण कुमार पासवान, प्रखण्ड अध्यक्ष, जेएमएम, कृष्णा साव, सांसद प्रतिनिधि, गुलाम रसूल अंसारी, संतोष सोनी, सत्य देव सोनी, सीता राम दास, सतीश दांगी,पवन शर्मा, सुभाष गिरीं, बिजय यादव, त्रिवेणी यादव, महेंद्र यादव, के एलावे एनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। महात्मा गांधी अमर रहे, लाल बहादुर शास्त्री अमर रहे के नारे लगाए।

हजारीबाग का सबसे चर्चित महासमिति, बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति की बैठक संपन्न।

दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ

हजारीबाग (झारखंड) 3 सितम्बर 2023 :- मां दुर्गे का पावन पर्व महज 10 दिनों में नवरात्र के साथ प्रारंभ हो जाएगा 15 अक्टूबर को नवरात्र के एकम के साथ कलश स्थापना पूजा अर्चना के साथ मां दुर्गे का भव्य पूजा प्रारंभ हो जाएगा। जिसकी तैयारी को लेकर युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है इसी को लेकर हजारीबाग शहर का सबसे चर्चित महासमिति में से एक बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा पांचवी बैठक मल्लाह टोली स्थित धर्मशाला प्रांगण में उदय शंकर गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरूआत माता रानी के जयकारों के साथ किया गया। सभी ने एक स्वर से जय माता दी का जयकारा लगाया। इसके बाद बैठक विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया, पूजा की दृष्टिकोण से हर एक बिंदु पर विशेष वातार्लाप की गई। बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दरिद्र नारायण सेवा का आयोजन 20 अक्टूबर दिन शुक्रवार पष्ठी तिथि को दोपहर 1:00 बजे किया जाएगा। जिसमें करीब 500 से भी अधिक गरीब, असहाय, रिक्शा चालकों के बीच कंबल एवं वस्त्र का वितरण किया जाएगा साथ ही सभी को महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। दरिद्र नारायण सेवा कार्यक्रम से पूर्व बड़ा बाजार चौक के दो मुख्य स्थान पर कूपन का वितरण किया जाएगा। साथ ही बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 अक्टूबर दिन शनिवार को महासप्तमी के दिन प्रातः

काल में भव्य डोली यात्रा निकाली जाएगी जिसमें बड़ा बाजार क्षेत्र के सैंकड़ो श्रद्धालु गण शामिल होते हैं। मौके पर महासमिति के अध्यक्ष प्रमोद यादव ने कहा कि महासमिति पिछले 22 वर्षों से आस्था के साथ सेवा का कार्य भी करते आ रही है इसी के निमित्त सेवा का कार्य 20 अक्टूबर को दरिद्र नारायण सेवा के साथ किया जाएगा। मौके पर सचिव दीप नारायण निषाद ने कहा कि बदलते वक्त के साथ हर कुछ बदल रहा है सेल्फी की ओर लोग अग्रेषित हो रहे हैं इसलिए महासमिति के द्वारा आकर्षक सेल्फी पॉइंट लगाया जा रहा है, जो श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करेगा। मौके पर :झ अध्यक्ष प्रमोद यादव, सचिव दीप नारायण निषाद, दिलीप जायसवाल, शिवदीप सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, प्रदीप जैन,उदय शंकर गुप्ता, बाल गोविंद निषाद,रविंद्र गुप्ता, शांति अग्रवाल, निशिकांत सिन्हा,पवन रावत खण्डेलवाल, विनोद केसरी, राजेश कुमार सिन्हा,रितेश खण्डेलवाल, पवन गुप्ता,अनिल मद्धेशिया, रविकांत सिन्हा, किशोर सोनी, लखन निषाद,आशुतोष चौधरी, पंकज कसेरा,संजय कुमार, रामसागर गुप्ता, राजेश सोनी, अनिल प्रसाद,अभय निषाद, प्रेम निषाद, संजय यादव,सानू कुमार, कुश गुप्ता, संतोष गुप्ता, सतीश गुप्ता, अनिल केसरी, अविनाश निषाद, राजकुमार सोनकर,अमन कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

जोबर पंचायत के बन्द खारो के बहु प्रतीक्षित सड़क नवनिर्माण की आधारशिला विधायक ने रखा

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक,ब्यूरो चीफ

हजारीबाग (झारखंड) 3 अक्टूबर 2023 :- भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने बिष्णुगढ़ प्र-खंड अंतर्गत जोबर पंचायत के ग्राम बंदखारो में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत भागीरथ महतो के घर से नागी तक पथ का शिलान्यास किया । वहीं ग्राम पंचायत- नागी में ग्रामीणों की मांग पर कुबीटांड़ नाला में पुल निर्माण कार्य की आधा-रशिला रखी।विकास कार्यो के साथ माण्डू विधायक यु.बी क्लब उच्चाघना,बन्दखारो द्वारा आयोजित छः दिवसीय टेकलाल महतो मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट के फाइनल मैच में शिरकत कर किक मारकर फाइनल मुकाबले का शुभारंभ किया। माण्डू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल पूरे मैच में उपस्थित रहकर फाइनल मैच चानो और मड़मो के बीच के रोमांचक मुकाबले का लुत्फ उठाया।रोमांचक मुकाबले में चानो की टीम ने मैच

जीतकर उपस्थित सभी लोगो का मन मोह लिया।विजेता टीम एवम उप विजेता टीम को माण्डू विधायक ने अपने हाथों से पुरूस्कृत किया। और इस मौके पर माण्डू विधायक वन टेकलाल बाबू के संघर्ष के दिनों में कदम से कदम मिलाकर चलने वाले उनके साथियों को माला पहनाकर एवम शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही विष्णुगढ़ के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए पेन एवम डिक्सनरी देकर सम्मानित किया।इस मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,महामंत्री गुरु प्रसाद साव,हिरामन महतो, दिनेश कुमार मंडल,बासुदेव महतो समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

झारखंड सहित पांच राज्यों में है SIS मॉड्यूल की धमक , मो शाहनवाज आलम की गिरफ्तारी से खुले कई तरह के

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

हजारीबाग के मोस्ट वांटेड मोहम्मद शाहनवाज आलम और उसके दो साथी अरशद वारसी मोहम्मद रिजवान अशरफ को गिरफ्तार दिल्ली पुलिस ने किया। बताया जाता है कि गिरफ्तार आतंकवादियों में से इस्लामी इस्टेट से कथित रूप से साठ- गांठ रखे हुए था और गिरफ्तारी के बाद इसके पास आई ई डी बम बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले साधारण केमिकल टाइमर , रिमोट और बैटरी सहित कई खतरनाक सामग्रियां जप्त की गई हैं । जांच में पता चला कि झारखंड के अलावे दिल्ली यूपी उत्तराखंड और महाराष्ट्र में भी इनके बदौलत आईएसआ-ईएस की धमक बढ़ी है , अशरफ वारसी का संबंध गढ़वा का बताया जा रहा है , जब कि एक अन्य रिजवान अशरफ लखनऊ का है आगामी त्यौहारों को देखते हुए निशाना बनाने की योजना कि तैयारी थी । पुलिस ने दावा किया है कि यह मॉड्यूल आने वाले त्योहारों से ठीक पहले दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर और अयोध्या में बड़ा विस्फोट करने की साजिश रचा था , गुजरात के अक्षरधाम मंदिर पर हुए आतंकी हमले के मास्टर माइंडेड फरतुल्लाह गौरी और उसके दामाद शाहिद फैजल के संपर्क में यह लोग थे , जो कि अब पाकिस्तान में है और ए लोग इसी की पनाह में रहते हैं , तीनों इन्हीं के आदेशों पर बड़ी आतंकी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था । हमले के लिए रेकी भी कर चुका था। पुलिस सूत्रों का मानना है कि यह तीनों आईडी बम बनाने की भी ट्रेनिंग ले चुके थे , रिजवान शाहनवाज और अब्दुल्ला को आईडी बम बनाने की ट्रेनिंग मिल चुका था , इससे जुड़े कई राज खोल सकता है , शाहनवाज के पकड़े जाने के बाद पुणे पुलिस की हिरासत से भागे दो अन्य आतंकी की तलाश में पुलिस ड्यूटी हुई है । शाहनवाज से पूछताछ में इन दोनों के पकड़े जाने की संभावना बढ़ गई है संभव है यह दोनों भी राजधानी में ही कहीं छिपे होंगे। पुलिसिया

जांच में पता चला है कि गिरफ्तार शाहनवाज बेंगलुरु के विश्वेश्वरैया इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी से माइनिंग इंजीनियरिंग कर चुका है पुलिस के अनुसार साधारण केमिकल के इस्तेमाल से आईडी बम वह बना लेता है 31 साल के इस माइनिंग इंजीनियर के पास विस्फोटकों की व्यापक जानकारी ने एंटी टेरर यूनिट के लोगों को भी चौंका दिया है पूछताछ में पता चला है कि 2016 में नित विश्वेश्वरैया नागपुर से बीटेक करते समय ब्लास्टिंग ब्लास्ट डिजाइन और टॉप ब्लास्टिंग ऑपरेशन अच्छे से यह पढ़ा था उसे नॉलेज का इस्तेमाल करके आईडी बनाने लगा उसके फोन से पुलिस ने आसानी से इन रसायनों के जरिए आईडी बम बनाने के तरीके और सामग्रियों के बारे में जानकारी हासिल की है। शाहनवाज मूल रूप से हजारीबाग का रहने वाला है लेकिन 2020 में एक लूट कांड के मामले में हजारीबाग जेल गया था जेल से छूटने के बाद वह पुणे चला गया था 17 - 18 जुलाई को शाहनवाज वाहन चोरी करते उसके साथी इमरान व युसूफ पकड़े गए थे , लेकिन वह भाग निकला था , बताया जाता है कि वह लोगों का सामान और बाइक चुराकर उससे पैसा कमाते थे और फिर इन पैसों का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों के लिए करते थे पुणे पुलिस ने छानबीन से पता किया कि वह वाहन चोर नहीं बल्कि बड़ा आतंकी है । शाहनवाज एक विदेशी आधारित हैंडलर से समझौता एक आतंकी हमले को अंजाम देने के निर्देश के साथ दो अन्य आतंकियों के सदस्यों के संपर्क में था इसके सहजोगी इमरान व युसूफ चित्तौड़गढ़ ब्लास्ट में वांछित है मोस्ट वांटेड आतंकी शाहनवाज ने पुणे में रहने के दौरान गुजरात की महिला बसंती पटेल से शादी की और उसका धर्मांतरण भी करवाया उसका नाम मरियम रखा गिरफ्तार आतंकियों में शाहनवाज आलम पर मुंबई में इसी साल आरसी 05/ 2023 केस दर्ज किया गया था , एनआईए ने तिन लाख का इनाम भी रखा है।

बगोदर के आपूर्ति विभाग की लचर व्यवस्था का मामला पहुंचा उपभोक्ता मामले के मंत्री रामेश्वर उरांव के पास

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

गिरिडीह (झारखंड) 3 अक्टूबर 2023 :- बगोदर प्रखंड के आपूर्ति विभाग में व्याप्त लचर व्यवस्था का मामला झारखंड के उपभोक्ता मामले के मंत्री रामेश्वर उरांव के पास पहुंचा । बताया जाता है कि बगोदर प्रमुख आशा राज के द्वारा आपूर्ति विभाग की यह व्यवस्था को लेकर डीसी गिरिडीह को दिए आवेदन की कॉपी मंत्री को देते हुए बगोदर आपूर्ति विभाग की शिकायत की गई है । हेंसला पंचायत समिति सदस्य के प्रतिनिधि अमजद खान ने उक्त आवेदन की प्रति मंत्री को सौंपा है जिसमें बगोदर आपूर्ति विभाग में व्याप्त कु व्यवस्था के लिए प्रभारी एम ओ एवं डॉक्टर राकेश कुमार को जिम्मेवार बताते हुए उन्हें पद मुक्त करने की मांग की गई है । कहा गया है कि इलाके में समय पर राशन का वितरण नहीं हो रहा है साथ ही गोदाम से डीलरों के यहां कम अनाज भेजा जा रहा है प्रभारी

एम ओ का व्यवहार पंचायत के प्रतिनिधियों के प्रति भी ठीक नहीं है जिस पंचायत के प्रतिनिधियों में भी असंतोष है प्रभारी एम मो पर मोबाइल रिसीव नहीं करने का भी शिकायत की गई है । आपूर्ति विभाग की व्यवस्था से क्षेत्र की जनता भी परेशान है इधर मंत्री ने मामले को गंभीरता से ले लिया है उन्होंने मामले में जांच एवं कार्रवाई किए जाने का निर्देश डीसी गिरिडीह को दिया है । बता दें कि डुमरी उपचुनाव को लेकर घोषित ड्राई डे के दिन एक होटल में डीलरों के साथ प्रभारी एमो की शराब पार्टी करने का एक फोटो भी वायरल हुआ था उस समय भी उनकी खूब किरकिरी हुई थी।

नेत्र जांच शिविर का आयोजन

दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र

वरीय संवाददाता धनबाद (झारखंड):-03अक्टूबर 2023:जिले के पूर्वी टुंडी प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र में बच्चों का नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।विदित हो कि सभी विद्यालय में सभी बच्चों

का प्राथमिक स्तर में नेत्र जांच करने हेतु शिक्षको को स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। निकट दृष्टि दोष तथा दूर दृष्टि दोष की जांच विद्यालय स्तर पर शिक्षको को करना है। तत्पश्चात जिला से चिकित्सक प्रखंड स्तर पर जांच करने का प्रावधान है। इसी सिलसिले में आज दिनांक 03/10/2023 को प्रखंड संसाधन केंद्र मे डॉ0 राम प्रसाद एवम सहयोगी पूरन जी,तथा यशवंतजी ने 56बच्चो का नेत्र जांच किया । चार एवं पांच अक्टूबर को इन बच्चो की जांच पीएमसीएच धनबाद के द्वारा किया जाएगा । कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री अवनीश कुमार त्रिपाठी ,रिसोर्स शिक्षक श्री अनीश कुमार मिश्रा, दिनेश भट्टाचार्य ,रंजीत महतो ,धनंजय मंडल, मोहम्मद शाहिद हुसैन एवं शेफाली कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।

शौर्य जागरण रथ यात्रा कार्यक्रम को लेकर केन्दुआ प्रखण्ड में बजरंग दल का बैठक सम्पन्न।

समाज जागरण, राजेंद्र मिश्र, ब्यूरोचीफ, उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल झारखंड प्रदेश।

धनबाद (झारखंड) 03 अक्टूबर 2023:-शौर्य जागरण यात्रा को लेकर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल का केन्दुआ प्रखण्ड के करकेन्द, रानी

सती मंदिर मे बैठक आयोजित की गयी । बैठक के अध्यक्षता , प्रखण्ड अध्यक्ष श्री विद्यानन्द मिश्र ने की ,

शौर्य जागरण यात्रा में आ रही रथ की दिशा एवं सड़क मार्ग तय हुई तथा 6 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे केन्दुआ पुल पर होने वाली विशाल आरती और पद यात्रा के लिए रूप रेखा तय किया गया और प्रखण्ड के विभिन्न गांवों मे जाकर प्रचार- प्रसार किया गया, जिसने मुख रूप से धनबाद महानगर सत्संग प्रमुख सुमित माली और धनबाद महानगर विध्यार्थी प्रमुख गणेश पसवान , प्रखण्ड सहा मंत्री पूषकार गुप्ता ,प्रखण्ड संयोजक तुषार ,प्रखण्ड गौ रक्षा प्रमुख आयूष ,सत्संग प्रमुख शुमन सौरव ,सहा सत्संग प्रमुख अजय पसवान ,मिलन प्रमुख संचय गुप्ता , करकेन्द प्रखण्ड अध्यक्ष सूरज पसवान , आदि कार्यकर्ता गण एवं सदस्य उपस्थित रहे

छोटा गम्हरिया पंचायत के निर्मल पथ से विश्वकर्मा कॉलोनी तक सड़क एवं नाला निर्माण के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन

अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर सरायकेला खरसावां (झारखंड) 03 अक्टूबर 2023:झ छोटा गम्हरिया पंचायत के विश्वकर्मा कॉलोनी, नमो टोला, कैलाश नगर, शिवनगर मोहल्ले के लोगों ने पूर्व पंचायत समिति सदस्य अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रखंड

विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा.ज्ञापन में लिखा गया कि गम्हरिया प्रखंड के छोटा गम्हरिया पंचायत अंतर्गत विश्वकर्मा कॉलोनी, शिवनगर, नमो टोला, कैलाश नगर के लोगों के आवागमन के लिए सड़क का निर्माण नहीं हुआ है और जो कच्ची सड़क है उसकी हालत भी बद्तर स्थिति में है. जिसके कारण यहां के स्थानीय लोगों का आवागमन बाधित हो गई है मजबूरन लोगों को नाले से भी बद्तर हो चुके कच्ची सड़क से गुजरना पड़ रहा है इसके साथ-साथ निर्मल पथ मे नाली की व्यवस्था ना होने के कारण निर्मल पथ से विश्वकर्मा कॉलोनी तक सालों भर दूषित जल का बहाव लगा रहता है यह एक बहुत ही गंभीर समस्या है।

आवागमन हेतु सड़क का स्थाई व्यवस्था करने का आग्रह किया गया.

साथ ही साथ अनुमंडल अधिकारी, अपर उपायुक्त,उपायुक्त

और जिला पंचायती राज पदाधिकारी को प्रतिलिपि दिया गया।

इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य विकास कुमार शर्मा,उप मुखिया रेनू महतो, वार्ड सदस्य पार्वती महतो, सुनीता देवी, चंपक मंडल मंजू देवी संगीता मोहंती, मिली मुखर्जी कंचन पाल लक्ष्मी महतो रागिनी श्रीवास्तव अमित गोस्वामी उषा रानी महतो रेखा महतो प्रभावती महतो समेत सैकड़ो लोग सम्मिलित हुए.

पुटकी 17 नंबर बस्ती के लगातार हो रही बारिश के कारण बना बडा गोफ

दहशत में है लोग आधारभूत सुविधा वाले दूसरे स्थान पर स्थानांतरण करवाने की बीसीसीएल से की मांग

दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता

पुटकी (धनबाद) : पुटकी 17 नंबर बस्ती के पास कई दिनों से लगातार हो रही बारिश से बीसीसीएल खदान का बंद मुहाना तेज आवाज के साथ खुलकर बडा गोफ बन गया।

गोफ बनने से आसपास की इलाकों के लोगों में हड़कंप मच गया है, स्थानीय लोग जल्द से जल्द बीसीसीएल प्रबंधक से सुरक्षित स्थान पर पुनर्वास की मांग कर रहे है।

बस्ती से लगभग 70 -80 मीटर की दूरी पर यह गोफ हुआ है ।ग्रामीणों के द्वारा बीसीसीएल प्रबंधन को गोफ बनने की जानकारी दी गई है ।

स्थानीय लोगों की मांग

स्थानीय लोगों का कहना है की बीसीसीएल प्रबंधन हमें सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने में टाल-मटोल व देर -कुबेर कर रहे हैं कुछ गिने-चुने लोगों को मकान की सुविधा

दी भी जा रही है तो, बहुत ही दूर-दराज इलाके बैलगाड़ी में जहां पर माचिस की डिब्बी जितनी छोटी घर है और वहां पर आधारभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं है।

ऐसे में पूरे परिवार के साथ वहां जीवन यापन कैसे संभव है? बीसीसीएल प्रबंधन से हमारी मांग है कि हमें ऐसी जगह स्थानांतरित की जाए, जहां पर आधारभूत सुविधाएं बिजली, पानी, दुकान ,स्कूल हॉस्पिटल इत्यादि उपलब्ध हो ।

नारायण प्राइवेट आईटीआई लुपुंगडीह में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती पर अर्पित किया गया श्रद्धासुमन

फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह

नीमडीह (झारखंड) 03 अक्टूबर 2023 : सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत नारायण प्राइवेट आईटीआई लुपुंगडीह नीमडीह में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई। इस मौके पर उनके तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। जन्मदिवस समारोह में उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडे जी ने कहा कि महात्मा गांधी भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन के एक प्रमुख राजनैतिक एवं आध्यात्मिक नेता थे। वे सत्याग्रह (व्यापक सविनय अवज्ञा) के माध्यम से अत्याचार के प्रतिकार के अग्रणी नेता थे, उनकी इस अवधारणा की नींव सम्पूर्ण अहिंसा के सिद्धान्त पर रखी गयी थी। जिसने भारत को भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम दिलाकर पूरे विश्व में जनता के नागरिक अधिकारों एवं स्वतन्त्रता के प्रति आन्दोलन के लिये प्रेरित किया। गांधी जी को महात्मा के नाम से सबसे पहले 1915 में राजवैद्य जीवराम कालिदास ने संबोधित किया था। एक अन्य मत के अनुसार स्वामी श्रद्धानन्द ने 1915 मे महात्मा की

उपाधि दी थी, तीसरा मत ये है कि गुरु रविंद्रनाथ टैगोर ने महात्मा की उपाधि प्रदान की थी। 12 अप्रैल 1919 को अपने एक लेख में उन्हें बापू के नाम से भी स्मरण किया जाता है।

लालबहादुर शास्त्री के जीविनी के बारे में संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडे जी कहा कि

संस्कृत भाषा में स्नातक स्तर तक की शिक्षा समाप्त करने के पश्चात वे भारत सेवक संघ से जुड़ गये और देशसेवा का व्रत लेते हुए यहीं से अपने राजनैतिक जीवन की शुरूआत की। शास्त्रीजी सच्चे गान्धीवादी थे जिन्होंने अपना सारा जीवन सादगी से बिताया और उसे गरीबों की सेवा में लगाया। भारतीय स्वाधीनता संग्राम के सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों व आन्दोलनों में उनकी सक्रिय भागीदारी रही और उसके परिणामस्वरूप उन्हें कई बार जेलों में भी रहना पड़ा। इस अवसर वकील निखिल कुमार, अरुण पांडे, शांति राम महतो, महादेव दास, पवन महतो, देबकृष्णा महतो, अजय मंडल कृष्णा पद महतो, गौरव महतो, शिशु मति दास आदि उपस्थित थे।

खूंटपानी के भोया में फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ संपन्न विजेताओं को विधायक ने किया पुरस्कृत

खरसावां प्रतीक वर्ष की भांति इस वर्ष में गांधी जयंती के शुभ अवसर पर खूंटपानी प्रखंड के भोया फुटबॉल मैदान में नव युवक संघ की ओर से दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.40 टीमों के बीच आयोजित पुरुष वर्ग के फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच हरिश एफसी सरायकेला एवं केडीएस मंझारी के बीच खेला गया,जिसमें सरायकेला की टीम 1-0 गोल से विजेता बनी.पुरस्कार वितरण समारोह में पहुंचे स्थानीय विधायक दशरथ गागराई ने विजेता टीम सरायकेला को 60 हजार व ट्रोफी एवं उपविजेता रहे मंझारी की टीम को 40 हजार व ट्रोफी देकर पुरस्कृत किया.साथ ही तीसरे स्थान पर रहे तियू साई एफसी को भोया एवं चौथा स्थान पर रहे साइनिंग स्टार एफसी की टीम को 20-20 हजार रुपए एवं एक-एक ट्रोफी देकर पुरस्कृत किया.इसी तरह मौके पर 40 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ियों के लिये आठ टीमों के बीच आयोजित मुकाबले में विजेता रहे करलाजोड़ी एवं उपविजेता रहे एनवाइएस भोया की टीम को एक-एक खस्सी देकर पुरस्कृत किया गया.साथ ही चार महिला टीमों के बीच भी प्रतियोगिता हुई.महिला वर्ग का फाइनल मैच ड्रैगन एफसी एवं ब्रेकअप एफसी के बीच खेला गया, जिसमें ड्रैगन एफसी की टीम दो गोल से विजेता बनी.महिला

वर्ग की विजेता ड्रैगन एफसी की टीम को 7 हजार एवं उपविजेता रहे ब्रेकअप एफसी की टीम को 5 हजार रुपए नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया.मौके पर विधायक की धर्मपत्नी बासंती गागराई,अर्जुन गोप,दुर्गा चरण पाडिया,राहुल गोप,अर्जुन पूर्ति, डिम्बु तियु,सिकंदर जामुदा,गारदी सोय,पांडु बोदरा,ज्योति बोदरा,अजीत प्रधान समेत काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे.

पटमदा सीएचसी में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित, 60 मानसिक व मिर्गी रोगियों की हुई चिकित्सा

नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा

पटमदा : मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) माचा, पटमदा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के संयुक्त तत्वावधान में मानसिक तथा मिर्गी मरीजों की चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में पटमदा, बोड़ाम, चांडिल एवं पश्चिम बंगाल से आए हुए 58 पुराने एवं 2 नए मरीजों को मनोचिकित्सक डॉ. दीपक कुमार गिरी द्वारा जांचोपरांत नि:शुल्क एक महीना का दवा दिया गया। शिविर का आयोजन प्रत्येक अंग्रेजी माह के प्रथम मंगलवार को किया जाता है। शिविर में उपस्थित लोगों को डॉ. गिरी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मनोरोग चिकित्सा शिविर लगाने के

उद्देश्य के बारे में जानकारी दिया गया तथा अधिक से अधिक मरीजों को शिविर में उपस्थित होकर लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में उपस्थित पीएलवी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा प्रदत्त मुफ्त कानूनी सेवा के बारे में भी जानकारी दी गई। शिविर को सफल बनाने में डॉ. दीपक कुमार गिरी, ताजीन कुल्लू, स्मिता हेंब्रम, पवन कुमार तथा पीएलवी शिवशंकर महतो, निताई चन्द्र गोराई एवं नन्दा रजक का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

बोड़ाम में झारखंड स्थापना दिवस पर दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता 17-18 नवंबर को

नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा

पटमदा : कला से संस्कृति मंच, बोड़ाम के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। लेकिन इस बार 14-15 के बदले कार्यक्रम का आयोजन 17-18 नवंबर को होगा। इसकी जानकारी देते हुए मंच के मुख्य संयोजक सह पूर्व जिला पार्षद स्वपन कुमार महतो ने बताया कि बांदना पर्व के मद्देनजर तिथि में परिवर्तन किया गया है। मंगलवार को विश्व कल्याण

समिति बांकादा-गागीबुरू मैदान के समीप स्थित धुमकुड़िया भवन में ग्राम प्रधान भ्रमर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सरकार के खेल मंत्री हफीजुल हसन, विशिष्ट अतिथि के रूप में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी एवं सम्मानित अतिथि के रूप में झारखंड आंदोलनकारी सह समाजसेवी आस्तिक महतो को आमंत्रित करने, पुरस्कार के रूप में प्रथम 1 लाख रुपये, द्वितीय 75 हजार, तृतीय एवं चतुर्थ 40-40 हजार रुपये देने का निर्णय हुआ। बैठक में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान प्रियदास सिंह, मंच के मुख्य संयोजक स्वपन कुमार महतो, सदस्यों पशुपति सिंह, देवेन सिंह, बीरेन सिंह, साधुचरण सिंह, तरणी महतो, ईशान मुर्मू, विभूति सिंह, आशुतोष सिंह, विकास महतो एवं शिवशंकर महतो आदि उपस्थित थे।

धनबाद जिले के तिसरा कोलियरी में प्रबंधक के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन।

वेतन समझौता 11 लागू कर , लाभ नहीं देने तक आंदोलन रहेगा जारी।

समाज जागरण, राजेंद्र मिश्र ,ब्यूरोचीफ ,उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल।

धनबाद (झारखंड) 03 अक्टूबर 2023:- झारखंड प्रदेश के धनबाद जिले का तिसरा कोलियरी में अधिकारी की ओर से वेतन समझौता 11 में अड़ंगा लगाने के खिलाफ , संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में आज गोलकडीह परियोजना कार्यालय एवं बस्ताकोला क्षेत्रिय कार्यालय पर विरोध -प्रदर्शन किया। मोर्चा के संयोजक तुलसी रवानी ने कहा कि वेतन समझता 11 पर फैसला होने के बाबजुद भी अधिकारी की ओर से अड़ंगा लगा दिया गया है यह सोची समझी साजिश है। सितंबर माह में मिलने वाले वेतन पर भी रोक लगाने का फरमान जारी कर दिया गया है। जिसके के खिलाफ हम लोग पुरे कोल इंडिया में जोरदार आंदोलन करेंगे।

तुलसी रवानी ने कहा,12 अक्टूबर से लेकर 14 अक्टूबर तक तीन

दिवसीय हड़ताल सफल रहेगा। जब तक वेतन समझौता 11 लागू कर इसका लाभ नहीं दे दिया जाता तब तक यह आंदोलन चलता रहेगा। मौके पर अक्षय यादव, उमेश सिंह, शिव शंकर महतो, राकेश सिन्हा, प्रभास सिंह, विनोद कुमार प्रजापति ,रघुवीर निषाद ,सुभाष कुमार , प्रेम सागर राम, अराधना मोदक, राजीव सिंह राजाराम पासवान, राजेंद्र पासवान ,एलबी यादव, रामसेवक पासवान ,काली पद रवानी आदि उपस्थित थे।

किसानों के आंदोलन के ऊपर मंत्री पुत्र द्वारा गाड़ी चढ़ाने से पांच किसने की मौत का 1 वर्ष पूरा होने पर मजदूर किसानों ने विरोध-प्रदर्शन किया गया और इस दिन को काला दिवस के रूप में मनाया

समाज जागरण, राजेंद्र मिश्र, ब्यूरोचीफ उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल। 03 अक्टूबर 2023

झारखंड प्रदेश के धनबाद जिले का तीसरा कोलियरी में सीटू की ओर से पिछले वर्ष लखीमपुर उत्तर प्रदेश में किसानों के आंदोलन के ऊपर मंत्री पुत्र द्वारा गाड़ी चढ़ाने से पांच किसने की मौत हो गई थी । उसी के खिलाफ 1 वर्ष पूरा होने पर विरोध प्रदर्शन कर काला दिवस मनाया गया। सभी लोग इस दिन को याद करते हुए काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया । गोलकडीह यूनियन कार्यालय के समझ विरोध प्रदर्शन में सीटू नेता तुलसी रवानी ने कहा कि केंद्र सरकार मजदूर और किसान विरोधी है आज ही के दिन 1 वर्ष पहले जब किसान अपने हक और अधिकार के लिए आंदोलन कर रहे थे तो उनके आंदोलन को कुचलना के लिए मंत्री का पुत्र ने उनके ऊपर अपना गाड़ी चढ़ा दिया, इस दौरान पांच किसान की मृत्यु हो गए ,लेकिन आज तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है। हम लोग उन पर कानूनी कार्रवाई को लेकर पूरे देश में काला दिवस मना रहे हैं।

मोदी सरकार पूरी तरह से पूंजीपति की सरकार है गरीब मजदूर किसान नौजवान को केवल जुमला बाजी करती है लेकिन उनका हक और अधिकार नहीं देती। लखीमपुर खीरी की घटना का 1 वर्ष भी जाने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया ।देश का किसान और मजदूर जग गया है, इनको हर गलत नीति का जोरदार विरोध करेंगे।

विरोध प्रदर्शन में तेजेंद्र कुमार वर्मा, सुभाष कुमार, सुमन सिंह ,राजेंद्र पासवान, दिलीप नाग, रोहन भुइयां आदि लोग थे । सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई।

खरसावां में सरकारी स्तर से दुर्गा पूजा पर 1.25 लाख व काली पूजा पर 60 हजार रुपये खर्च होंगे, बैठक में लिया गया निर्णय

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

खरसावां के अंचल सभागार में मंगलवार को दुर्गा पूजा व काली पूजा के आयोजन को लेकर पूजा समिति की एक बैठक आयोजित की गयी.बैठक में बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पारंपरिक विधि-विधान के साथ दुर्गा पूजा का आयोजन करने की बात कही गयी.पूजा के दौरान सभी रश्मों को भी निभाया जायेगा.बताया गया कि मां दुर्गा की प्रतिमा का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है.सभी कार्य समय पर पूर्ण कर लिये जायेंगे। मुख्य रुप से सरकारी स्तर पर होने वाले दुर्गा पूजा व काली पूजा की तैयारी पर चर्चा की गयी.बैठक में बताया गया कि 20 अक्टूबर से बेल्याधिवास के साथ दुर्गा पूजा शुरू हो जायेगी. बैठक में बताया गया कि पिछले वर्ष दुर्गा पूजा में सरकारी फंड से एक लाख 21 हजार रुपये खर्च हुए थे.इस वर्ष इसे बढ़ा कर एक लाख 25 हजार रुपये खर्च करने पर सहमती बनी. इसी तरह काली पूजा में भी पिछले वर्ष 55 हजार रुपये खर्च हुए थे.इस वर्ष इसे बढ़ा कर 60 हजार रुपये करने पर सभी ने सहमति दी. दुर्गा पूजा व काली पूजा के दौरान प्रकाश की विशेष व्यवस्था की जायेगी. साथ ही सभी बिजली के पोल में लाइट लगाने की बात कही गयी.बैठक में पीडब्लूडी विभाग को दुर्गा पूजा से पूर्व सड़क कीनारे

उगे झाडियों की साफ सफाई कराने का निर्देश दिया गया. खरसावां सीएचसी को पूजा के दौरान सभी जरुरी दवा व मरहम पट्टी के साथ अस्पताल को 24 घंटे खुले रखने का निर्देश दिया गया.बैठक में मुख्य रुप से बीडीओ गौतम कुमार,सीओ शिला उरांव,प्रमुख मनेंद्र जामुदा,चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कन्हैया लाल उरांव, पीडब्लूडी के एई एलके नायक, गोवर्धन राउत,मनोज पति,शचिंद्र कुमार दाश,मानिक सिंहदेव,नयन नायक,रविंद्र मोदक,अमित पात्र, राकेश दाश,धनंजय कर चौधरी, परशुराम दास,रतिरंजन नंदा,वैद्यनाथ नायक,कमलेश्वर पड़िहारी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे.मालूम हो कि यहां करीब तीन सौ वर्षो से मां दुर्गा की पूजा होते आ रहा है.रियासती काल में पूर्व में इस पूजा का आयोजन राज कोषागार से किया जाता था तथा वर्तमान में सरकारी खर्च पर होता है. 1947 में भारत के आजादी के बाद जब खरसावां रियासत का विलय भारत गणराज्य में हुआ तो खरसावां रियासत के तत्कालिन राजा श्रीराम चंद्र सिंहदेव ने सरकार के साथ मर्जर एग्रीमेंट कर खरसावां के हर वर्ष दुर्गा पूजा के आयोजन की जिम्मेवारी सरकार को सौंप दी.तभी से यहां दुर्गा पूजा का आयोजन सरकारी खर्च पर होता है.

आदिवासी महिला ने युवक पर लगाया सादी का झांसा देने का आरोप,युवती को नहीं मिल रहा इंसाफ,एएसआई राजीव कुमार पर लगाया गया गंभीर आरोप

दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरो चीफ सराइकेला (झारखंड)3अगस्त 2023

आदित्यपुर। प्यार के चक्कर में एक आदिवासी युवती के साथ दूर व्यवहार करने का मामला प्रकाश में आया है। महिला का आरोप है सादी का झांसा में फसाकर सब कुछ लुट लिया। अब उसका प्रेमी नसीहत दे रहा है तुम आदिवासी हो जाकर हड़िया- दारू बेचो। हालांकि इस मामले में युवती ने बीते 4 सितंबर को मामले की शिकायत आदित्यपुर थाने में दर्ज कराई तो पुलिस के डर से युवक नितेश चंदा ने दुर्गा मंदिर माझी टोला में 7 सितंबर को शादी कर ली। उसके बाद युवती ने कोर्ट मैरेज का दबाव बनाया। जिस पर उसने युवती से बातचीत करना बंद कर दिया।इसकी शिकायत युवती ने 21 सितंबर को जमशेदपुर महिला थाने में दर्ज कराई। जहां महिला थाने की पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है युवक जमशेदपुर के बारीडीह का रहने वाला है और युवती पश्चिम बंगाल की रहने वाली है। दोनों आदित्यपुर में साथ काम करते थे। दोनों के बीच यही से नजदीकी बढ़ी थी। गिरफ्त में आते ही नितेश ने फिर से युवती को भरोसे में लेकर कोर्ट मैरेज करने की बात कही। लिखित आश्वासन दिया जिसके बाद उसकी रिहाई संभव हो सकी थी। इधर एक के बाद एक तीन तारिक पर कोर्ट में शादी करने नहीं पहुंचने पर युवती दोबारा 23 सितंबर को आदित्यपुर थाना पहुंच कर

अपनी आपबीती सुनाई। जिसपर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने युवक को तत्काल कस्टडी में ले लिया। लेकिन फिर यहां उसने इमोशनल ब्लैकमेल कर युवती को भरोसे में लेकर अगली डेट में कोर्ट मैरेज करने का भरोसा देकर छूट गया। अब जब युवती तारिक पर उसे कोर्ट बुला रही ना तो वह कोर्ट आ रहा है ना ही उससे बात कर रहा है। महिला ने बताया युवक उससे यह कहता है आदिवासी हो जाकर हड़िया- दारु बेचो। आदिवासी युवती घर बसाने के लिए नहीं बल्कि मजे लेने के लिए होती है। युवती फिर से पुलिस के शरण में पहुंची। अब पुलिस यह कह रही है केवल यौन शोषण का मामला दर्ज कराओगी तो हम कर सकते हैं। यदि जातिसूचक शब्द का प्रयोग करने का आरोप लगाओगी तो इसके लिए तुम्हें एसपी से मिलना होगा।उधर युवती न्याय के लिए बीते दो दिनों से थाने का चक्कर लगा रही है। लेकिन उसके शिकायत पर स्थानीय पुलिस वरीय अधिकारियों के आदेश की प्रतीक्षा में है। इस बीच युवती ने जांच के आईओ राजीव कुमार पर गंभीर आरोप लगाया। पीड़ित महिला ने कहा एएसआई राजीव कुमार रात में जांच के नाम पर फोन कर घंटों देर तक बात करते रहते हैं। वहीं उन्होंने कहा वीडियो कॉलिंग पर भी बातें करने को कहते हैं। साथ ही उन्होंने केस उठाने का आरोप भी एएसआई राजीव कुमार पर लगा रही हैं। बता दे कि ए एस आई राजीव कुमार को पूर्व में भी आदित्यपुर थाना से ससपेंड किया था.